●वर्ष : 16 ●अंक : 230 ●मूल्य : 02 रूपया मात्र पृष्ठ : 08

RNI No. DELHIN/2008/23928

# दैनिक लोकतंत्र की शान

लोकतंत्र का स्तंभ

दिल्ली से प्रकाशित

शुक्रवार 13 दिसम्बर 2024

Mfg & mkt by.. ANGEN PHARMACEU-TICALS (OPC) PRIVATE LIMITED



Distributorship ke liye contact Karen . ( 9315755133 / ya email Karen)
angenpharmaceuticals@gmail.com

## प्लेसेस ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट का आदेश

# अभी कोई नया मंदिर-मस्जिद विवाद दाखिल नहीं होगा: सुप्रीम कोर्ट

**सुप्रीम कोर्ट ने क्या क्या कहा**

देशभर में मंदिर-मस्जिद के ऐसे नए मामलों पर सुनवाई नहीं होगीकेंद्र चार हफ्ते में हलफनामा दाखिल करे. हम केंद्र के जवाब के बिना फैसला नहीं कर पाएंगेउखक ने कहा कि हम केंद्र सरकार का इस मामले में पक्ष जानना चाहते हैसिविल कोर्ट सुप्रीम कोर्ट के आदेश से रोक नहीं लगा सकती, पहले ही पांच जजों का एक फैसला है: जस्टिस विश्वनाथन।

**सुप्रीम कोर्ट की सबसे बड़ी टिप्पणी**

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि लंबित मामलों में सुनवाई जारी रहेगी.अगली सुनवाई की तारीख तक कोई प्रभावी अंतरिम/अंतिम आदेश/सर्वेक्षण पारित नहीं किया जा सकता: सुप्रीम कोर्टऊपर की गई सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी का मतलब है कि ज्ञानवापी, मथुरा, भोजशाला संभल जैसे मामलों की कार्यवाही में कोई नया आदेश पारित नहीं किया जा सकता।



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को 1991 के पूजा स्थल कानून पर सुनवाई करते हुए केंद्र सरकार से चार हफ्ते के भीतर जवाब दाखिल करने को कहा है. चीफ जस्टिस की अध्यक्षता वाली तीन जजों की बेंच ने कहा कि केंद्र सरकार की राय के बिना कोर्ट इस पर आदेश जारी नहीं करेगा. कोर्ट ने इसके साथ ही एक बड़ा फैसला देते हुए कहा कि जब तक वह इस केस को सुन रहा है, तब तक देशभर में इस तरह के नए मामले पर सुनवाई नहीं होगी. यानी विवाद की स्थिति में मुकदमे तो दाखिल होंगे, लेकिन ट्रायल कोर्ट उस पर कोई सुनवाई नहीं करेंगे। दूसरी बड़ी बात यह है कि भोजशाला, ज्ञानवापी, संभल जैसे मामलों में सुनवाई तो चलती रहेगी, लेकिन उस पर कोर्ट अभी कोई फैसला नहीं देंगे. यानी चार हफ्ते तक तक आदेश देने पर रोक लगाई गई है. सुप्रीम कोर्ट ने तीसरी बड़ी बात यह कही कि 1991 के पूजा स्थल कानून की वैधानिकता पर फाइनल आदेश से पहले वह केंद्र सरकार का पक्ष भी जानना चाहता है. ऐसे में केंद्र सरकार चार हफ्ते में इस बारे में अपनी राय दे. जमीयत उलेमा ए हिन्द, मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के साथ कई राजनीतिक दलों ने ऐक्ट के समर्थन में आवेदन दाखिल किया है. उन्होंने धार्मिक स्थलों के सर्वे से जुड़े अलग-अलग अदालतों के आदेशों का भी विरोध किया है. कोर्ट ने मुस्लिम पक्ष को राहत देते हुए ही विवादित मामलों में फैसले पर रोक लगाई है. जानिए कोर्ट की बड़ी टिप्पणियां। इस मामले पर सुनवाई के दौरान जस्टिस विश्वनाथन की भी एक बड़ी टिप्पणी सामने आई. उन्होंने कहा कि जब अयोध्या विवाद में पांच जजों का फैसला आ चुका है, तो क्या देश की सिविल अदालतें उन फैसलों के खिलाफ जा सकती हैं।

**अदालत में कई याचिकाएं लंबित**

इस संबंध में शीर्ष अदालत में कई याचिकाएं लंबित हैं, जिनमें से एक याचिका अश्विनी उपाध्याय ने दायर की है. उपाध्याय ने उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 की धाराओं दो, तीन और चार को रद्द किए जाने का अनुरोध किया है. याचिका में दिए गए तर्कों में से एक तर्क यह है कि ये प्रावधान किसी व्यक्ति या धार्मिक समूह के पूजा स्थल पर पुन: दावा करने के न्यायिक समाधान के अधिकार को छीन लेते हैं।

**मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी नेता ने दायर याचिका में क्या कहा**

मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और महाराष्ट्र के विधायक जितेंद्र सतीश अव्हाड ने भी उपासना स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली कई लंबित याचिकाओं के खिलाफ याचिका दायर करके कहा है कि यह कानून देश की सार्वजनिक व्यवस्था, बंधुत्व, एकता और धर्मनिरपेक्षता की रक्षा करता है. इस मामले की सुनवाई विभिन्न अदालतों में दायर कई मुकदमों की पृष्ठभूमि में होगी, जिनमें वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद, मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद और संभल में शाही जामा मस्जिद से संबंधित मुकदमे शामिल हैं। स्वामी यह चाहते हैं कि शीर्ष अदालत कुछ प्रावधानों की फिर से व्याख्या करे ताकि हिंदू वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद और मथुरा में शाही ईदगाह मस्जिद पर दावा करने के लिए सक्षम हो सकें, वहीं उपाध्याय ने दावा किया कि पूरा कानून असंवैधानिक है और इस पर फिर से व्याख्या करने का कोई सवाल ही नहीं उठता।

**>>> सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र और अन्य पक्षों से कहा**

सुप्रीम कोर्ट (अयोध्या) की 5 जजों की बेंच ने कुछ सिद्धांत तय किए हैंसवाल यह है कि क्या कोई सिविल कोर्ट उनके खिलाफ जा सकता है।

**>>> प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट 1991 क्या कहता है**

सभी पूजा स्थल 15 अगस्त 1947 से पहले की स्थिति में बने रहेंगे. पूजा स्थलों को अदालत या सरकार की तरफ से बदला नहीं जा सकता. संबंधित कानून कहता है कि 15 अगस्त, 1947 को विद्यमान उपासना स्थलों का धार्मिक स्वरूप वैसा ही बना रहेगा, जैसा वह उस दिन था. यह किसी धार्मिक स्थल पर फिर से दावा करने या उसके स्वरूप में बदलाव के लिए वाद दायर करने पर रोक लगाता है।

### मुस्लिम पक्ष ने 1991 के कानून का हवाला देते हुए दिया ये तर्क

इन मामलों में दावा किया गया है कि इन स्थलों का निर्माण प्राचीन मंदिरों को नष्ट करने के बाद किया गया था और हिंदुओं को वहां पूजा करने की अनुमति दिए जाने का अनुरोध किया गया है. इनमें से अधिकतर मामलों में मुस्लिम पक्ष ने 1991 के कानून का हवाला देते हुए तर्क दिया है कि ऐसे मुकदमे स्वीकार्य नहीं हैं. इस कानून के प्रावधानों के खिलाफ पूर्व राज्यसभा सदस्य सुब्रमण्यम स्वामी द्वारा दायर याचिका सहित छह याचिकाएं दायर की गई हैं।

## समाचार

### हम किसी भी धर्म, जाति या समाज के लोग का विरोध नहीं करते- मगनभाई पटेल

**गुजरात।** के शैक्षिक, सामाजिक संगठनों के कार्यक्रम में गुजरात के अग्रिम उद्योगपति श्री मगनभाई पटेलने हिन्दू संस्कृति के ऊपर अपने बयान में कहा की हम कई उच्च गुणवत्तावाली किताबें लिखते हैं जो सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक जीवन के हर क्षेत्र में लोगों के लिए उपयोगी होती हैं लेकिन वे कहानियों के रूप में हमें लगती हैं। जबकि कई सेवा प्रकल्प संगठनात्मक स्तर या व्यक्तिगत स्तर पर तो किये जाते हैं लेकिन उन्हें पुस्तक रूप में नहीं रखा जा सकता।इस पुस्तक में उल्लिखित सभी सेवाकिय प्रकल्प देश एवं दुनिया के लोगों के लिए सेवा कार्य करने की प्रेरणारूप हो सकते हैं।

अपने जीवनकाल में मैंने राजनीतिक, सामाजिक, स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, रोजगारोन्मुखी जैसे अनेक क्षेत्रों मे परिणामोन्मुख कार्य किये हैं, इसके अलावा १९६७ से लेकर अब तक मैंने गरीब एवं विकर सेक्शन के लोगों के लिए अनेक विकासात्मक कार्य किये हैं। आदिवासि एव उद्योगों में काम करनेवाले श्रमिकों के परिवारों को मुख्यधारा में लाने का जो अवसर मिला है,उससे एक आत्मसंतोष है। आज भी ८३ साल की उम्र में मैं इस क्षेत्र को प्रतिदिन १० घंटे देता हूं और अपनी कमाई का अधिकांश हिस्सा इस क्षेत्र के अन्य लोगों को प्रेरित करने के लिए देता हूं। सरकार प्लानिंग कर सकती है और हम सरकार की मदद करेंगे तो सरकार कानून व्यवस्था बनाए रख सकती है लेकिन अगर हम कानून तोड़ेंगे तो आनेवाली पीढ़ी हमें कभी माफ नहीं करेगी। मेरे इस सेवाकार्यमे मेरी धर्मपत्नी शांताबेन मगनभाई पटेल (उम्र ८२ वर्ष) भी शामिल हैं। वह कई सामाजिक संगठनों में उच्च पदों पर दानदाता ट्रस्टी के रूप में भी काम कर रही हैं, जो मेरा अहोभाग्य है। वर्ष १९६७ से सौराष्ट्र पटेल सेवा समाज के संस्थापक सचिव, उपाध्यक्ष और आज अध्यक्ष के रूप में, मुझे कई वर्षों तक स्कूल, कॉलेज, प्रशिक्षण केंद्र जैसे कई संस्थानों में अध्यक्ष और प्रबंध ट्रस्टी होने के रूप में रहने का अवसर मिला है। इसके अलावा मुझे भारत सरकार एव राज्य सरकार में वित्त मंत्रालय, एम.एस.एम.ई मंत्रालय और आर.बी.आई की विभिन्न समितियाँ जैसे की उद्योग, स्वास्थ्य,शिक्षा,वित्त जैसी समितियाँमे उच्च पदों पर १५ वर्षों तक सेवा करने का जो अवसर मिला है उससे मै अपनी पहचान बना सका हु। हमारे आस-पास की सभी चीजें जैसे मनुष्य, पशु, पक्षी, जीव-जंतु, पौधे, जल, पृथ्वी, आकाश सभी प्रकृति द्वारा निर्मित हैं जिन्हें बनाए रखना और उसे नष्ट न होने देना हम सब की जिम्मेवारी है, इसके लिए हम सभी कुदरत के ऋणी है। आज हम जन्म देनेवाली माँ और पालन-पोषण करनेवाले पिता की भी मयार्दा नहीं रख सकते। यदि हम धर्मग्रंथों को पढ़कर,कथावाचकों को सुनकर अपना कर्तव्य समझेंगे तो हमारी अगली पीढ़ी भी उनका अनुकरण अवश्य करेगी।

भारतीय संस्कृति का अर्थ है जानवरों के प्रति दयालु होना और काम, क्रोध, मद, लोभ, मोह को काबू में रखकर सत्य-अहिंसा, त्याग, सहनशक्ति जैसे अनेक हिन्दू संस्कृति के जो स्लोगन हैं उन्हें संभाले रखना हम सभी का दायित्व है।

## ज्वलंत मुद्दा

### सम्पादकीय



### गडकरी बताएं दिल्ली-एनसीआर के लोग आखिर कहां जाएं

देश की राजधानी दिल्ली का प्रदूषण इतना खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है कि केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी दिल्ली आने से घबराते हैं। गडकरी ने कहा कि स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पडे से वे दिल्ली आने से कतराते हैं। गडकरी मंत्री हैं। उनके पास साधन और सुविधाएं हैं। वे कहीं भी आसानी से आवागमन कर सकते हैं। सवाल दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी परियोजना क्षेत्र (एनसीआर) के करोड़ों लोगों के जीवन का है। इतने लोग अपना कामकाज, घरबार छोड़ कर कहां जाएं। प्रदूषण के धीमे जहर को पीना उनकी मजबूरी बन गई है। ज्यादातर सांसदों, मंत्रियों पर अकूत दौलत है। उनके लिए प्रदूषण से बचने के लिए कहीं भी देश में सरकारी खर्च पर आना-जाना आसान हैं। वैसे भी नेताओं को संसद और विधानसभा को सुचारू चलाने की ज्यादा ङ्क्षचता नहीं है। दिल्ली और एनसीआर के लोगों को सरकारी मशीनरी और नेताओं के नाकारपन का अभिशाप झेलने को मजबूर होना पड़ रहा है। देश की राजधानी होने के बावजूद दिल्ली हर तरह के जानलेवा प्रदूषण की शिकार है। वाहनों और फैक्ट्री के धुएं से होने वाला प्रदूषण, यमुना का प्रदूषण और घरों-प्रतिष्ठानों से निकलने वाले कचरे का प्रदूषण। तीनों तरह के प्रदूषण का बोझ उठाने के लिए दिल्ली अभिशप्त हो चुकी है। दिल्ली में केंद्र भाजपा गठबंधन की और राज्य में आप की सरकार मौजूद हैं। इससे पहले दिल्ली में लंबी अवधि तक कांग्रेस का शासन रहा है। प्रदूषण से निपटने में सभी राजनीतिक दल नाकाम रहे हैं। दिल्ली में कचरे का पहाड़ आज भी नेताओं के दावों-वादों को मुंह चिढ़ा रहा है। हिंदू-मुस्लिम विवाद और भ्रष्टाचार की तरह प्रदूषण नेताओं के लिए कभी चुनावी मुद्दा नहीं बन पाया। जब कभी प्रदूषण का मुद्दा उठता भी है तो केंद्र और दिल्ली की सरकार गेंद एक-दूसरे के पाले में डाल कर अपनी जिम्मेदारी से बरी हो जाती हैं। यही वजह है कि दिल्ली और एनसीआर की आबोहवा इतनी बिगड़ चुकी है कि सांस लेना भी दुभर हो रहा है। विशेषज्ञों के मुताबिक दिल्ली में रहने वाले कम से कम १० सिगरेट जितना प्रदूषण हर दिन लेने को विवश हैं। सुप्रीम कोर्ट और राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण जैसी संवैधानिक स्वतंत्र संस्थाए भी तमाम प्रयासों के बावजूद दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण से निपटने में प्रभावी भूमिका अदा नहीं कर सकी।


**SYED ZAKI HAIDER**
( EDITOR / PUBLISHER CUM MANAGING DIRECTOR
OF NAI UMMEED NEWS AGENCY
MOBILE NO. 9911371802
EMAIL SYEDZAKIHAIDER786@GMAIL.COM

## विधानसभा चुनाव के बाद दिल्ली सरकार महिलाओं को देगी 2100 रुपये

### अरविंद केजरीवाल ने किया ऐलान

**इस योजना से किन महिलाओं को मिलेगा लाभ?**

अब हो सकता है कि आपके मन में सवाल आ रहा होगा कि आखिर आपको इसका लाभ मिलेगा कि नहीं. तो चलिए हम आपको यहां बता दें कि आखिर इस महिला सम्मान योजना का लाभ किन महिलाओं को मिलेगा।



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने गुरुवार को दिल्ली की महिलाओं के लिए दो बड़ी घोषणाएं की हैं. दरअसल, अरविंद केजरीवाल ने पहले तो महिला सम्मान योजना की शुरूआत की, जिसके तहत महिलाओं को 1000 रुपये दिए जाएं. इसके तुरंत बाद ही उन्होंने एक अन्य घोषणा करते हुए कहा कि चुनावों के बाद इस योजना के तहत दिए जाली रकम को 2100 रुपये कर दिया जाएगा. अरविंद कजेरीवाल ने चुनावों से पहले दिल्ली की महिलाओं के लिए यह बहुत बड़ी घोषणा की है। अरविंद केजरीवाल ने इस योजना की घोषणा करते हुए कहा, 'हमारे कार्यकर्ता इस योजना के तहत घर-घर रजिस्ट्रेशन कराने आएंगे और तब सभी महिलाएं अपना रजिस्ट्रेशन असानी से करा सकेंगी. लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि जल्द ही चुनावों की घोषणा हो जाएगी और इस वजह से रजिस्ट्रेशन कराए जाने के बाद भी पैसे ट्रांसफर नहीं किए जा सकेंगे. हालांकि, चुनाव खत्म होते ही सभी महिलाओं को इस योजना के तहत 2100 रुपये दिए जाएंगे। इतना ही नहीं अपने भाषण के दौरान अरविंद केजरीवाल ने खुद को जादूगर भी कहा. उन्होंने कहा, 'मैं जादूगर हूं.. मैं अकाउंट्स का जादूगर हूं और मैं जानता हूं कि इस योजना के लिए पैसे कहां से लाने हैं और कहां पर पैसे काटने हैं।

**महिलाओं को दिल्ली का वोटर अनिवार्य है**

>> अगर कोई महिला इनकम टैक्स देती होंगी तो उन्हें इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
>> अगर किसी महिला को दिल्ली सरकार से किसी अन्य योजना के तहत लाभ मिल रहा है तो उन्हें इसका लाभ नहीं मिलेगा।
>> यदि कोई महिला दिल्ली सरकार की ओर से पेंशन लेती है तो उसे भी इस योजना का लाभ नहीं मिलेगा।
>> साथ ही सरकारी कर्मचारी महिलाओं को भी इस योजना का कोई लाभ नहीं मिल पाएगा।

## संगम नगरी में गंगा पूजन करेंगे पीएम मोदी, विश्व को देंगे महाकुंभ का निमंत्रण

नूना न्यूज एजेंसी।

**प्रयागराज।** 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भव्य बनाने की कवायद पूरी तेजी के साथ जारी है। महाकुंभ के लिए पर्यटन और यात्री सुविधाओं के साथ साथ इंफ्रास्ट्रक्चर से जुड़ी परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। पीएम मोदी 13 दिसंबर को महाकुंभ तैयारियों की समीक्षा करेंगे। इससे पहले सीएम योगी आदित्यनाथ सात दिसंबर को सभी तैयारियों का जायजा लिया। इसके मद्देनजर सभी महत्वपूर्ण सड़कों का तेजी से सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, प्रयागराज की अपनी यात्रा के दौरान, वह 6,670 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का उद्घाटन और शुभारंभ करेंगे। प्रधानमंत्री का यात्रा कार्यक्रम दोपहर करीब 12:15 बजे पवित्र संगम नोज की यात्रा के साथ शुरू होगा, जहां वह पूजा और दर्शन करेंगे। इसके बाद दोपहर करीब 12:40 बजे हनुमान मंदिर और सरस्वती कूप में दर्शन के साथ-साथ पूजा अनुष्ठान के लिए अक्षय वट वृक्ष का दौरा किया जाएगा। बाद में, प्रधानमंत्री आयोजन की योजनाओं और प्रगति की समीक्षा करने के लिए महाकुंभ प्रदर्शनी स्थल का दौरा करेंगे। दोपहर 2 बजे तक, उनका भव्य धार्मिक आयोजन के लिए बुनियादी ढांचे और तैयारियों को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न विकासात्मक पहलों का औपचारिक रूप से उद्घाटन और शुभारंभ करने का कार्यक्रम है। विज्ञप्ति में बताया गया है कि इन पहलों में महाकुंभ 2025 के उद्देश्य से विभिन्न परियोजनाएं शामिल हैं, जिनमें 10 नए रोड ओवर ब्रिज (आरओबी) या फ्लाईओवर, स्थायी घाट और नदी के किनारे की सड़कें जैसे रेल और सड़क बुनियादी ढांचे शामिल हैं। इन प्रयासों का उद्देश्य बुनियादी ढांचे में सुधार करना और प्रयागराज में निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करना है।

## महायुति में कैबिनेट बंटवारे का फॉमुर्ला तय

### बीजेपी और शिवसेना को मिल रहे कितने मंत्री पद



नूना न्यूज एजेंसी।

**महाराष्ट्र।** में महायुति के कैबिनेट बंटवारे का फॉमुर्ला तय हो गया है. सूत्रों के मुताबिक बीजेपी को 20 मंत्री पद, शिंदे-शिवसेना को 12 मंत्री पद और एनसीपी अजित पवार को 10 मंत्री पद दिए जाएंगे। इसे लेकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडनवीस ने अमित शाह के साथ बैठक की थी और इसी बैठक में कैबिनेट बंटवारे का फॉमुर्ला तय किया गया है. इतना ही नहीं उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी मुलाकात की।

फडणवीस ने बुधवार रात केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात कर मंत्रिपरिषद विस्तार पर चर्चा की थी. इसके साथ ही उन्होंने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी से भी मुलाकात की थी. हालांकि, शिंदे की अनुपस्थिति ने यह संकेत दिया है कि शिवसेना प्रमुख ने अभी भी शांति नहीं बनाई है, क्योंकि उन्हें फडणवीस के लिए मुख्यमंत्री पद खाली करने के लिए मजबूर होना पड़ा था। जो पिछली सरकार में उनके डिप्टी थे।

बता दें कि 5 दिसंबर को देवेंद्र फडणवीस ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री की शपथ ली थी. उनके साथ ही एकनाथ शिंदे और अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री की शपथ ली थी. उस वक्त फडणवीस ने मीडिया से बात करते हुए कहा था कि महाराष्ट्र में शीतकालीन सत्र के शुरू होने से पहले मंत्रीमंडल का विस्तार होगा. बता दें कि महाराष्ट्र में 16 दिसंबर से शीतकालीन सत्र शुरू होगा।

**अपने पास निम्न विभाग रख सकती है बीजेपी**

बीजेपी अपने पास गृह, आवास, राजस्व, सामान्य प्रशासन विभाग, कानून और न्यायपालिका, ग्रामीण विकास, बिजली, जल, आदिवासी कल्याण, ओबीसी और तकनीकि शिक्षा विभाग आदि रख सकती है. वहीं शिवसेना के हिस्से में शहरी विकास, स्कूल शिक्षा, स्वास्थ्य, और लोक निर्माण आदि आ सकते हैं. वहीं एनसीपी के पास वित्त, कृषि और महिला एवं बाल कल्याण विभाग आ सकता है।

**महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में बीजेपी को मिली थी जीत**

महाराष्ट्र में हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में बीजेपी एक बार फिर सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी. यहां बीजेपी ने 132 सीटों पर जीत हासिल की. वहीं महायुति में शामिल एकनाथ शिंदे की शिवसेना को 57 सीटें मिली थीं और अजित पवार की एनसीपी के हाथ 41 सीटें ही आई थीं. वहीं कुछ अन्य छोटे सहयोगियों को मिलाकर महायुति के हिस्से में कुल 288 सीटें आई थीं।

## वन नेशन वन वोट प्रस्ताव का ममता ने किया विरोध

### बोलीं- दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे नहीं झुकेगा बंगाल



नूना न्यूज एजेंसी।

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी कैबिनेट ने गुरुवार को वन नेशन वन वोट प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। आधिकारिक सूत्रों के मुताबिक, यह बिल संसद के मौजूदा शीतकालीन सत्र में पेश किया जा सकता है। इसके बाद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने केंद्र के फैसले का कड़ा विरोध किया। ममता बनर्जी ने आज दोपहर एक्स हैंडल पर अपनी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लिखा कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने विशेषज्ञों और विपक्षी नेताओं द्वारा उठाई गई हर जायज चिंता को नजरअंदाज करते हुए असंवैधानिक और संघीय-विरोधी एक राष्ट्र, एक चुनाव विधेयक को अपना रास्ता बना लिया है। ममता बनर्जी ने आगे लिखा कि यह सावधानीपूर्वक सोचा गया सुधार नहीं है; यह भारत के लोकतंत्र और संघीय ढांचे को कमजोर करने के लिए बनाया गया एक सत्तावादी आरोप है। उन्होंने कहा कि हमारे सांसद संसद में इस कठोर कानून का पुरजोर विरोध करेंगे। बंगाल कभी भी दिल्ली की तानाशाही सनक के आगे नहीं झुकेगा। यह लड़ाई भारत के लोकतंत्र को निरंकुशता के चंगुल से बचाने की है! टीएमसी नेता कुणाल घोष ने कहा कि हमारी नेता ममता बनर्जी पहले ही वन नेशन वन इलेक्शन पर हमारी पार्टी का रुख स्पष्ट कर चुकी हैं। हमारे देश में यह संभव नहीं है। इस बात की गारंटी कौन देगा कि एक बार वोट देने के बाद कोई सरकार पूरे कार्यकाल यानी 5 साल तक चलेगी। कांग्रेस ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा एक देश, एक चुनाव व्यवस्था लागू करने संबंधी विधेयक को मंजूरी दिये जाने के बाद बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि सरकार चुनावी शुचिता पर उठ रहे सवालों से ध्यान भटकाने की कोशिश कर रही है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बृहस्पतिवार को ह्यएक देश, एक चुनाव को लागू करने संबंधी विधेयकों को मंजूरी दे दी और मसौदा कानून मौजूदा शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किए जाने की संभावना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी के रुख में कुछ बदलाव नहीं हुआ है। खरगे ने समिति को इस साल 17 जनवरी को पत्र लिखकर ह्यएक देश, एक चुनाव के विचार का पुरजोर विरोध किया था। लोकसभा में कांग्रेस के उपनेता गौरव गोगोई ने बृहस्पतिवार को कहा कि पहले भी उनकी पार्टी ने चुनाव, चुनावी प्रणाली और चुनावी शुचिता से संबंधित कई सवाल उठाए हैं।

## पुलिस को चकमा देकर भाग निकला मानव तस्करी का आरोपी




**लखनऊ।** मानव तस्करी के मामले में कानपुर पुलिस ने बुधवार सुबह लखनऊ के आलमबाग थाना क्षेत्र के एक आवास पर छापा जरूर मारा था,लेकिन छापे की भनक मानव तस्कर के आरोपी सुनील मलिक को लग गई थी, जिसके चलते वह पुलिस को चकमा देकर घर से भाग गया था। सुनील ही नहीं घर पर कोई भी नहीं मिला। वह नाबालिग भी पुलिस को नहीं मिल पाया जिसको गुरूग्राम से लखनऊ खरीद कर लाया गया था। इंस्पेक्टर आलमबाग थाने के मुताबिक, पुलिस टीम सुबह आठ बजे लखनऊ आई थी। स्थानीय पुलिस के साथ टीम ने सुनील के घर पर दबिश दी। पता चला कि मंगलवार को ही आरोपी बच्चे को लेकर कहीं चला गया। कानपुर पुलिस बच्चों के पिता से संपर्क कर रही है। मंगलवार को गुरुग्राम से श्री भगवान नामक व्यक्ति ने कानपुर पुलिस को कॉल कर बेटे को बचाने की गुहार लगाई थी। पुलिस ने गोविंद नगर बी-ब्लॉक निवासी फर्नीचर कारोबारी अंकित आनंद के घर पर छापा मारा था। इस दौरान अंकित के घर से 12 साल का बालक बरामद किया गया था। बालक से अंकित और उसके घरवाले शौचालय की सफाई कराते थे। उसके साथ मारपीट भी की जाती थी।

## जामिया हमदर्द ने जानवरों के प्रयोगों के विकल्पों के लिए चौथा एशियाई सम्मेलन और सोसाइटी फॉर अल्टरनेटिव्स टू एनिमल एक्सपेरिमेंट्स - इंडिया की सातवीं वार्षिक बैठक का आयोजन किया




**नई दिल्ली, 12 दिसंबर 2024:** मेडिकल एलिमेंटोलॉजी एंड टॉक्सिकोलॉजी (SCLS) और रिसर्च डेवलपमेंट सेल (RDC) जामिया हमदर्द ने जानवरों पर किए जाने वाले प्रयोगों के विकल्पों के लिए चौथे एशियन कांग्रेस और सोसाइटी फॉर अल्टरनेटिव्स टू एनिमल एक्सपेरिमेंट्स (रअआए) की सातवीं वार्षिक बैठक का सफलतापूर्वक उद्घाटन किया। तीन दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का उद्घाटन सत्र 12 दिसंबर को सुबह 10:00 बजे हमदर्द कन्वेंशन सेंटर, नई दिल्ली में शुरू हुआ, जिसमें श्री उत्कर्ष वर्मा मधुर, माननीय सांसद - लोकसभा ने कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिया। उद्घाटन समारोह की शुरूआत प्रोफेसर सुहैल परवेज, डीन, स्कूल ऑफ केमिकल एंड लाइफ साइंसेज के स्वागत भाषण से हुई। इसके बाद प्रोफेसर एस. रईसुद्दीन, निदेशक (IQAC और RDC) और 4ACAAE के आयोजन सचिव ने उद्घाटन संबोधन प्रस्तुत किया। प्रोफेसर रईसुद्दीन ने श्रोताओं और मेहमानों को सम्मेलन के उद्देश्यों और सोसाइटी फॉर अल्टरनेटिव्स टू एनिमल एक्सपेरिमेंट्स (SAAE) के परिचय के बारे में अवगत कराया। उन्होंने सोसाइटी के विकास में प्रोफेसर एम.ए. अकबरशा (कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि) के योगदान को रेखांकित किया। उन्होंने जामिया हमदर्द में ड्रॉसोफिला, सी.एलीगेंस और जीब्राफिश जैसे वैकल्पिक मॉडल्स पर शोध की उपलब्ध सुविधाओं के बारे में भी बताया। उन्होंने इस सम्मेलन के आयोजन के लिए जामिया हमदर्द के कुलपति प्रोफेसर डॉ. एम. अफशार आलम और चांसलर जनाब हमाद अहमद का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भारत में वैकल्पिक शोध मॉडलों के लिए प्रमाणन केंद्रों की आवश्यकता पर जोर दिया और इस दिशा में सरकार से समर्थन प्राप्त करने का आश्वासन दिया। इसके साथ ही, उन्होंने हमदर्द नेशनल फाउंडेशन, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग, उरक्फ़ और अन्य फंडिंग एजेंसियों की सहायता की सराहना की। सोसाइटी फॉर अल्टरनेटिव्स टू एनिमल एक्सपेरिमेंट्स के अध्यक्ष, प्रोफेसर वाई.के. गुप्ता ने अपनी प्रेरणादायक भाषण से प्रतिनिधियों को उत्साहित किया। उन्होंने वैकल्पिक मॉडल्स पर उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों पर चर्चा की और कहा कि जानवरों का उपयोग केवल आवश्यक परिस्थितियों में किया जाना चाहिए। डॉ. एम.ए. सिकंदर, रजिस्ट्रार, जामिया हमदर्द ने अतिथियों, प्रतिनिधियों, प्रायोजक एजेंसियों और प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। उन्होंने सम्मेलन की सफलता के लिए शिक्षकों, छात्रों और स्वयंसेवकों के अथक प्रयासों की भी प्रशंसा की। इस सम्मेलन में दक्षिण कोरिया, जापान, ऑस्ट्रेलिया, यूके, अमेरिका, श्रीलंका, रूस और चीन गणराज्य के 12 विशेषज्ञों सहित विभिन्न देशों के 200 से अधिक प्रतिनिधि शामिल हुए।

## राहुल मित्रा ने इजरायल में भारतीय फिल्म एवं सांस्कृतिक साझेदारी को बढ़ाने वाले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व किया


Nurit Tinari Rahul Mittra

**तेल अवीवः** इजराइल और भारत के बीच सांस्कृतिक साझेदारी को बढ़ाने के लिए, इजराइल और भारतीय फिल्मोद्योग की प्रतिष्ठित हस्तियां आपसी तालमेल और सहयोग का पता लगाने का प्रयास कर रही हैं। इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में भारत से एक शीर्ष फिल्म प्रतिनिधिमंडल, जिसमें जिसमें जाने-माने फिल्म निमार्ता-अभिनेता और ब्रांडिंग विशेषज्ञ राहुल मित्रा और प्रोड्यूसर्स गिल्ड ऑफ इंडिया के सीईओ नितिन तेज आहूजा शामिल थे, रविवार 1 दिसंबर को इजराइल के विदेश मंत्रालय द्वारा आयोजित छह दिवसीय एक विशेष यात्रा पर तेल अवीव पहुंचा। भारतीय पक्ष इस यात्रा के दौरान इजराइली फिल्म निमार्ताओं, अभिनेताओं, स्थानीय मीडिया, एआई विशेषज्ञों और सरकारी अधिकारियों के साथ बातचीत करने के अलावा तेल अवीव, येरूसलम और हाइफा में फिल्मों की शूटिंग के लिए उपयुक्त स्थानों का दौरा भी करेगा। ब्यूरो फॉर कल्चरल डिप्लोमेसी इजराइल के प्रमुख नूरित तिनारी ने कहा कि यह इजराइल और भारत के लोगों के बीच आपसी संबंध को असैर प्रगाढ़ बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम है। भारतीय सिनेमा इजराइल में काफी लोकप्रिय है, जबकि 'फौदा' जैसी इजराइली सीरीज ने भी भारत में एक समर्पित प्रशंसक प्राप्त किया है। जैसा कि हम इस मील के पत्थर का जश्न मना रहे हैं, हम आशा करते हैं कि दोनों प्राचीन सभ्यताएं और करीब आएंगी, जिससे हमारी मित्रता और मजबूत होगी।

## हाथरस में 4 साल पहले हुई शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिवार से मिला




**हाथरस।** आज हाथरस जाकर 4 साल पहले हुई शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण घटना के पीड़ित परिवार से मिला। मुलाकात के दौरान उन्होंने जो बातें बताई उसने मुझे झकझोर कर रख दिया। पूरा परिवार आज भी डर के साए में जी रहा है। उनके साथ क्रिमिनल्स के जैसा व्यवहार किया जा रहा है। वे स्वतंत्र रूप से कहीं आ-जा नहीं सकते हैं - उन्हें हर समय बंदूक और कैमरों की निगरानी में रखा जाता है। भाजपा सरकार ने उनसे जो वादे किए थे, वे आज तक पूरे नहीं हुए हैं। न तो सरकारी नौकरी दी गई है और न ही उन्हें किसी दूसरी जगह घर देकर शिफ्ट करने का वादा पूरा किया गया है। पीड़ित परिवार को न्याय देने के बजाय, सरकार उन पर तरह-तरह से अत्याचार कर रही है। दूसरी तरफ आरोपी खुलेआम घूम रहे हैं। इस परिवार की हताशा और निराशा भाजपा द्वारा दलितों के ऊपर किए जा रहे अत्याचार की सच्चाई को दिखाते हैं। लेकिन हम इस परिवार को यूं ही इनके हाल पर रहने को मजबूर नहीं होने देंगे। इन्हें न्याय दिलाने के लिए हम पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे।

## धर्मेंद्र प्रधान ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले का उद्घाटन किया

नई दिल्ली, दिसम्बर : केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन के ग्रैंड फिनाले का वर्चुअल रूप से उद्घाटन किया।

उद्घाटन के अवसर पर केंद्रीय शिक्षा एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास राज्य मंत्री डॉ. सुकांत मजूमदार उपस्थित थे। इस कार्यक्रम में शिक्षा मंत्रालय के सचिव संजय कुमार, एनईटीएफ के अध्यक्ष प्रो. अनिल सहस्त्रबुद्धे, एआईसीटीई के उपाध्यक्ष डॉ. अभय जेरे और अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

इस कार्यक्रम में एआईसीटीई के अध्यक्ष प्रो. टीजी सीताराम और अन्य शिक्षाविदों के साथ-साथ छात्र और सलाहकार देश भर में फैले विभिन्न केंद्रों से वर्चुअल माध्?यम से शामिल हुए। यह हैकाथॉन 51 केंद्रों में एक साथ आयोजित हो रहा है।

धर्मेंद्र प्रधान ने अपने संबोधन में एसआईएच के विजन से प्रेरित होने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह नवाचार और रचनात्मकता का केंद्र बन चुका है, जहां देश भर के छात्र समकालीन चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए अपने बौद्धिक कौशल का उपयोग करते हैं।

उन्होंने कहा कि छात्र विकसित भारत के संचालक हैं और उनके नवाचार एवं उत्साह से दुनिया की चुनौतियों का समाधान मिल सकता है। उन्होंने उन्होंने कहा कि देश के युवाओं की प्रतिभा, दूरदर्शिता, कठिन परिश्रम, नेतृत्व और नवाचार भारत को 21वीं सदी की ज्ञान अर्थव्यवस्था, उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिए एक विकास मॉडल बनाने के साथ-साथ दुनिया के विकास इंजन के रूप में उभरने का मार्ग भी प्रशस्त करेगा।


## देश के सार्वजनिक पूंजी बाजार में प्रवेश की नई शुरूआत हुई

नई दिल्ली, दिसम्बर : उन्नत इंजीनियरिंग समाधानों के अग्रणी प्रदाता आरएसीएल गियरटेक लिमिटेड ने नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर अपनी सूचीबद्धता का जश्न मनाया। यह आयोजन कंपनी के लिए एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, जो भागीदारों और हितधारकों के विश्वास और समर्थन का प्रमाण है। आरएसीएल के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक गुरशरण सिंह ने इस अवसर पर कहा, हम उन्नत इंजीनियरिंग में नवाचार, स्थिरता और गुणवत्ता का संयोजन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। एनएसई पर सूचीबद्ध होना न केवल हमारे विकास का प्रतीक है, बल्कि भारतीय ऑटोमोटिव क्षेत्र में हमारी स्थिति को और मजबूत करता है। इस सूचीबद्धता ने न केवल वित्तीय बाजारों में आरएसीएल की उपस्थिति बढ़ाई है, बल्कि सार्वजनिक पूंजी बाजार में इसके प्रवेश को भी चिह्नित किया है। यह उपलब्धि कंपनी की नवाचार और उत्कृष्टता की यात्रा का प्रमाण है।

## यह सिर्फ पर्यावरण और जीवन की गुणवत्ता की चुनौती नहीं है

### यह हमारे सामने आने वाला सबसे बड़ा पब्लिक हेल्थ संकट है।

**नई दिल्ली, 12 दिसंबर 2024:** PM 2.5 (यानी 2.5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर आकार के कण) के लिए हमारा मौजूदा मानक वार्षिक एक्सपोजर के लिए WHO के दिशानिर्देश का 8 गुना और 24-घंटे के एक्सपोजर के दिशानिर्देश का 4 गुना के बराबर है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम (2017) के लॉन्च के बावजूद, PM 2.5 का स्तर लगातार बढ़ रहा है और चौंकाने वाली बात यह है कि अब भारत में लगभग हर एक व्यक्ति उन क्षेत्रों में रहता है जहां PM2.5 का स्तर हल्डड के दिशानिर्देशों से कहीं अधिक है। भारत, स्वीडन, इजराइल और संयुक्त राज्य अमेरिका के शोधकताओं की एक टीम के हालिया अध्ययन के अनुसार, 2009 और 2019 के बीच 6.6 मिलियन मौतों का कारण PM2.5 स्तर हो सकता है। यह सिर्फ पर्यावरण और जीवन की गुणवत्ता की चुनौती नहीं है, यह हमारे सामने आने वाला सबसे बड़ा पब्लिक हेल्थ संकट है। इस मामले में आसान प्रतिक्रिया यह होगी कि इस अध्ययन पर ही प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया जाए। लेकिन यदि वास्तव में इसे सिरे से खारिज कर दिया गया तो हम खुद का गंभीर नुकसान कर रहे होंगे। हमें तुरंत NCAP और



राष्ट्रीय परिवेशी वायु गुणवत्ता मानकों (NAAQS) की समीक्षा करने की आवश्यकता है, जिन्हें नवंबर 2009 में लाने के बाद से अपडेट नहीं किया गया है।

## डीयू कुलपति ने किया डूसू पदाधिकारियों का अभिनंदन

नई दिल्ली, दिसम्बर : डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्रसंघ (डूसू) की नई कार्यकारिणी के नव निर्वाचित पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। इस अवसर पर डूसू पदाधिकारियों और डीयू अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक का आयोजन भी किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि यह विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए है और विद्यार्थियों

### विद्यार्थियों के लिए और विद्यार्थियों के कारण ही है विश्वविद्यालय: प्रो. योगेश सिंह

के कारण ही है। उन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों से उम्मीद जताई कि वह विश्वविद्यालय के साथ मिलजुल कर विद्यार्थियों के हित में कार्य करेंगे। कुलपति ने उनसे कहा कि आप विद्यार्थियों की समस्याओं को जानते हैं और विद्यार्थियों की 70-80 फिसदी अपेक्षाएं वाजिब होती हैं। कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने डूसू पदाधिकारियों से कहा कि अब हमें डिफेस्मैंट (विरूपण) के लिए उदाहरण बनना है ताकि कोई हमारी दीवारों को गंदा न करे। इसके लिए उन्होंने डूसू से उम्मीद जताई कि सभी मिलकर इस पर काम करेंगे।

सभी पदाधिकारियों ने कुलपति को आश्वासन दिया कि वह इस विषय पर गंभीरता से काम करेंगे। इसके साथ ही कुलपति ने कहा कि आगामी दिल्ली विधानसभा चुनाव में भी इस मुद्दे पर पूरा ध्यान रखा जाएगा।

## भारत समुद्री विरासत सम्मेलन के साथ वैश्विक समुद्री विरासत को संरक्षित करने की पहल की

नई दिल्ली, दिसम्बर : बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय द्वारा यशोभूमि, द्वारका, नई दिल्ली में आयोजित बहुप्रतीक्षित भारत समुद्री विरासत सम्मेलन 2024 का उद्घाटन दिवस आज उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ द्वारा संबोधित एक विशेष सत्र के साथ शुरू हुआ, जिन्होंने भावी पीढ़ियों के लिए भारत की समुद्री विरासत को संरक्षित करने के महत्व पर जोर दिया। सम्मेलन में दुनिया भर के प्रमुख मंत्रियों, प्रमुख वक्ताओं, समुद्री विशेषज्ञों और विचारकों ने भारत की समृद्ध समुद्री विरासत, दुनिया भर में सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान को आकार देने में इसकी महत्वपूर्ण भूमिका और टिकाऊ समुद्री नवाचार के लिए इसके दृष्टिकोण पर प्रकाश डाला, जिससे एक समुद्री महाशक्ति के रूप में इसके उभरने पर जोर दिया गया। भारत आज एक उभरती हुई समुद्री शक्ति के रूप में खड़ा है, जो वैश्विक समुद्री पहलों का नेतृत्व करने के लिए अपनी भौगोलिक स्थिति और उन्नत बुनियादी ढांचे का रणनीतिक रूप से लाभ उठा रहा है।

परिष्कृत समुद्री कूटनीति, विशेष रूप से सागर, क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास जैसी पहलों के माध्यम से, हम मजबूत अंतरराष्ट्रीय साझेदारी को बढ़ावा दे रहे हैं और इंडो-पैसिफिक में क्षेत्रीय स्थिरता सुनिश्चित कर रहे हैं। नियम-आधारित व्यवस्था सार है, और भारत यह सुनिश्चित करने के लिए पहल कर रहा है और नेतृत्व कर रहा है कि समुद्र पर नियम-आधारित शासन को अधिक से अधिक समर्थन मिले।

## किफायती और उच्च प्रदर्शन वाली मशीनें पेश

नई दिल्ली, दिसम्बर : एक्शन कंस्ट्रक्शन इक्विपमैंट लिमिटेड ने बाउमा कॉनएक्सपो में अपना नवीनतम बीएस-5 एएक्स 124 बैकहो लोडर लॉन्च किया। यह अत्याधुनिक मशीन टाटा के 74 एच.पी. इंजन द्वारा संचालित है और भारत स्टेज-5 उत्सर्जन मानकों का पालन करती है। इसमें बोल्ड ग्रिल और प्रीमियम केबिन जैसे नए डिजाइन के साथ ईंधन दक्षता और कम उत्सर्जन करता है। कंपनी के कार्यकारी निदेशक सोरब अग्रवाल ने कहा कि यह बैकहो लोडर 15 फिसदी बेहतर ईंधन दक्षता और प्रति लीटर ईंधन में 15 फिसदी अधिक उत्पादन क्षमता प्रदान करता है।

## अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा : भारतीय छात्रों के जीवन में बड़ा बदलाव

नई दिल्ली, दिसम्बर : एमपावर फाइनैंसिंग ने अंतर्राष्ट्रीय छात्रों को सशक्त बनाने के लिए शिक्षा वित्तपोषण के क्षेत्र में एक नई मिसाल कायम की है। इसकी चौथी वार्षिक सोशल इम्पैक्ट रिपोर्ट इस बात को रेखांकित करती है कि कैसे उनके फाइनेंसिंग मॉडल ने हजारों भारतीय छात्रों और उनके परिवारों के जीवन को सकारात्मक रूप से बदल दिया है।

रिपोर्ट के अनुसार एमपावर के समर्थन से भारतीय छात्रों ने अमेरिका और कनाडा के प्रमुख विश्वविद्यालयों में प्रवेश प्राप्त किया है। स्नातक के बाद, इन छात्रों की आय में औसतन 15 गुना वृद्धि हुई है, जो शिक्षा के परिवर्तनकारी प्रभाव को दशार्ती है। 75 फिसदी छात्रों ने अपने परिवारों को प्रति माह औसतन ?50 हजार भेजकर उनकी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया है।

एमपावर की पहल ने महिलाओं को भी विशेष रूप से सशक्त किया है। लोन पाने वाली 68% महिलाएं एसटीईएम क्षेत्रों में पढ़ाई कर रही हैं, जो वैश्विक औसत से दोगुनी है।

एमपावर का यह मॉडल पारंपरिक ऋण समस्याओं जैसे को-साइनर और कोलैटरल की बाधाओं को समाप्त करता है, जिससे शिक्षा को अधिक समावेशी और सुलभ बनाया गया है। एमपावर फाइनेंसिंग के सीईओ मनु स्मादजा ने कहा, एक दशक पहले कंपनी की स्थापना के बाद से हमने देखा है कि अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा कैसे छात्रों, उनके परिवारों और उनके देशों पर सकारात्मक प्रभाव डाल सकती है। रिपोर्ट में भारतीय प्रवासी समुदाय पर एक केस स्टडी भी है ।

## बाइक को लेकर छोटे भाई के खून में बड़ा भाई गिरफ्तार

उचाना, दिसम्बर : घोघड़िया गांव में छोटे भाई की हत्या करने वाले आरोपी बड़े भाई विक्रम को पुलिस ने गिरफ्तार किया। सोमवार रात को दो भाईयों में मोटरसाइकिल देने को लेकर आपस में तकरार हो गई थी। तकरार के बाद रिश्ते में चाचा लगने वाले राजकुमार ने घर भेज दिया था। थोड़ी देर बाद फिर दोनों में तकरार हो गई। मोटरसाइकिल की चाबी को लेकर हुई तकरार में बड़े भाई विक्रम ने छोटे भाई साहिल की पिटाई करने के बाद चाकू मार कर हत्या कर दी थी। पुलिस ने मृतक के चाचा की शिकायत पर मामला दर्ज किया था। थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि विक्रम को मंगलवार शाम बड़ौदा के पास से गिरफ्तार कर लिया है। विक्रम ने अपने भाई छोटे भाई साहिल की छाती में चाकूमार कर हत्या कर दी थी। सोमवार रात को घोघड़िया में अपने ताऊ के मकान में बैठे थे। दोनों में मोटर साइकिल की चाबी को लेकर आपस में विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि विक्रम ने अपनी जेब से चाकू निकाल कर छोटे भाई साहिल की छात्ती में मार दिया। मौके पर ही साहिल की मौत हो गई। मंगलवार देर शाम को आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जांच पूरी करके अदालत में पेश किया जाएगा। **मोटरसाइकिल की चाबी ने ले ली साहिल की जान :** मृतक के पिता होशियार सिंह मजदूरी का काम करता है। दोनों भाईयों के पास जो मोटरसाइकिल थी उसको दोनों ही चलाते थे। सोमवार शाम को साहिल ने किसी काम के लिए जाने के लिए साहिल से मोटरसाइकिल की चाबी मांगी। विक्रम ने छोटे भाई को चाबी देने से मना कर दिया। चाबी को लेकर आपस में विवाद हो गया। चाचा राजकुमार ने दोनों को शांत करवा दिया।

## अक्षय लाकड़ा को विधिवत दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र मिलने पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने शुभकामनाएं दी

नई दिल्ली, दिसम्बर : दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष देवेन्द्र यादव ने अक्षय लाकड़ा को दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस का अध्यक्ष निर्वाचित होने के पश्चात उन्हें राष्ट्रीय युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानू चिब द्वारा विधिवत अध्यक्ष पद का नियुक्ति पत्र मिलने पर उन्हें शुभकामनाऐं दी।

अक्षय लाकड़ा ने दिल्ली प्रदेश युवा अध्यक्ष का पदभार भी संभाला, जिसके बाद दिल्ली में युवा कांग्रेस को एक संगठित होकर चलने वाला युवा अध्यक्ष मिला है। यादव ने कहा कि यह गर्व की बात है कि अक्षय लाकड़ा को 87,495 वोट मिले और उनकी जीत 38,149 वोट के मार्जन से जीत कर नया रिकॉर्ड कायम किया है। देवेन्द्र यादव ने कहा कि अक्षय लाकड़ा ने छात्र जीवन से राजनीति की शुरूआत करके दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ की राजनीति में सक्रिय भूमिका और जिम्मेदारी निभाने के बाद प्रखर रुप से दिल्ली प्रदेश एनएसयूआई के अध्यक्ष पद पर 2016-2021 तक रहकर निष्ठा पूर्वक काम किया है। युवाओं में प्रभुत्व स्थापित करने के कारण ही अक्षय लाकड़ा को दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर जीत मिली है और उनकी टीम के गठन के बाद आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी एक नई मजबूती मिलेगी व निश्चित ही हमारे पक्ष में निर्णय आऐंगे। उन्होंने कहा कि दिल्ली का युवा अक्षय लाकड़ा की अध्यक्षता में नई उॅचाईयों और कांग्रेस पार्टी की नीति और विचारधारा को आगे बढ़ाने का काम करेगा।

## ग्राहकों की जरूरतों को पूरा करने वाला विशाल उत्पाद पोर्टफोलियो, नए उत्पादों की पेशकश

नई दिल्ली, दिसम्बर : मिंत्रा ने अपनी 21वीं एंड ऑफ रीजन सेल (ईओआरएस) शुरू कर दी है, जो 17 दिसंबर तक चलेगी। इस शॉपिंग महोत्सव में 95 सौ से अधिक ब्रांड्स और 3.5 मिलियन से अधिक ट्रेंडिंग स्टाइल्स उपलब्ध हैं। इस बार, मिंत्रा ने अंतर्राष्ट्रीय पोर्टफोलियो का विस्तार करते हुए न्यूयॉर्क का लोकप्रिय स्ट्रीटवियर ब्रांड एक्सट्रा बटर, जापानी स्पोर्ट्स ब्रांड योनेक्स और मिडिल ईस्ट का किड्स वियर ब्रांड बेबी शॉप पेश किया है। ग्राहकों के लिए प्रमुख आकर्षण में नाईक, एडिडास ओरिजिनल्स और न्यू बैलेंस जैसे ब्रांड्स के नए स्नीकर और एक्सिस, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा और एसबीआई बैंक कार्ड पर विशेष ऑफर्स शामिल हैं। मेन्स कैजुअल और एथनिक वियर, वीमेंस वेस्टर्न और एथनिक वियर, ब्यूटी प्रोडक्ट्स, स्पोर्ट्स फुटवियर, किड्स वियर और विंटर कलेक्शन की मांग अधिक रहने की संभावना है। जेन जेड ग्राहकों के लिए मिंत्रा का एफडब्लूडी कलैक्शन भी आकर्षण का केंद्र है, जिसमें हर्शिनबॉक्स, ग्लिट्शेज, स्लिक और लुलु एंड स्काई जैसे ब्रांड्स के एक लाख से अधिक स्टाइल शामिल हैं। लिवाईस, एचएंडएम, लॉरिआल, और डिकैथलॉन जैसे शीर्ष ब्रांड हर मौसम और अवसर के लिए स्टाइलिश विकल्प उपलब्ध करा रहे हैं।

## सीबीआई ने रिश्वत मामले में डीडीए के कार्यकारी अभियंता को गिरफ्तार किया: अधिकारी




**दिल्ली।** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने दो लाख रुपये की कथित रिश्वतखोरी के मामले में बुधवार को दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के एक कार्यकारी अभियंता और एक अन्य कर्मचारी को गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सीबीआई ने उस शिकायत पर कार्रवाई की जिसमें आरोप लगाया गया था कि कार्यकारी अभियंता राहुल मीणा और सहायक अभियंता अंकुश ने लंबित बिलों को मंजूरी देने के लिए तीन लाख रुपये की रिश्वत मांगी थी। अधिकारियों ने बताया कि शिकायत के आधार पर सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज की और आरोपों का प्रारंभिक सत्यापन किया। उन्होंने बताया कि एजेंसी ने डीडीए कर्मचारी मनीष को गिरफ्तार कर लिया, जिसने मीणा की ओर से रिश्वत की कुल राशि का एक हिस्सा दो लाख रुपये कथित तौर पर प्राप्त किये थे।

## सनटेक एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड ने अपने नए ब्रांड टूजोन सोलर को लॉन्च किया

### -सुपरस्टार महेश बाबू बने टूजोन सोलर के ब्रांड एंबेसडर, जिनके साथ ब्रांड ने अपना नया टीवीसी भी लॉन्च किया है

**भारत झ 11 दिसंबर, 2024** झ सनटेक एनर्जी सिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड स्वच्छ ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने में सबसे आगे है और भारत में सौर ऊर्जा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है, जिसने आज बड़े गर्व के साथ अपने नए ब्रांड, टूजोन सोलर के लॉन्च की घोषणा की है। वास्तव में देखा जाए, तो टूजोन सोलर को इस इंडस्ट्री में 15 सालों से अधिक का अनुभव है, जिसने सस्टेनेबिलिटी, कम लागत और अत्यधिक टेक्नोलॉजी पर विशेष ध्यान देकर भारत में नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में बड़ा बदलाव लाने के साथ-साथ धरती को हरा-भरा एवं अधिक स्थायी बनाने में योगदान देने का लक्ष्य रखा है। भारत के 5 सबसे बड़े सोलर ईपीसी कंपनियों में शामिल होना ही इसका विजन है, तथा ब्रांड का उद्देश्य पूरी दुनिया में अपनी मौजूदगी को बढ़ावा देना और सौर ऊर्जा की ताकत का उपयोग करके स्थायी भविष्य की राह आसान बनाना है। टूजोन सोलर ने सौर ऊर्जा और इसका लाभ उठाकर बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के बारे में लोगों के बीच जागरूकता बढ़ाने की पहल शुरू की है, और इसी कोशिश के तहत इसने सुपरस्टार महेश बाबू को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया है। ब्रांड के नए टेलीविजन विज्ञापन (TVC) में महेश बाबू नजर आने वाले हैं, तथा ब्रांड ने सौर ऊर्जा की ताकत के बारे में दर्शकों को जानकारी देने और प्रेरित करने के लिए एक फिल्मी सितारे के रूप में उनकी जबरदस्त छवि का लाभ उठाया है। इस कैंपेन का उद्देश्य यह दिखाना है कि, टूजोन सोलर किस तरह पर्यावरण के अनुकूल और लोगों के लिए आर्थिक रूप से बेहद किफायती है, जो लाइफस्टाइल में बदलाव ला सकता है। टूजोन सोलर ने इस साझेदारी के जरिये देश भर में सौर ऊर्जा को अपनाने की दिशा में बदलाव को प्रेरित करने का प्रयास किया है। सुपरस्टार महेश बाबू ने इस साझेदारी के बारे में अपनी खुशी जाहिर करते हुए कहा , "टूजोन सोलर का हिस्सा बनना वाकई मेरे लिए बड़े सम्मान की बात है। यह एक ऐसा ब्रांड है, जो अव्वल दर्जे की गुणवत्ता वाले सौर ऊर्जा समाधान उपलब्ध कराने के साथ-साथ समाज और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव डालने के अपने संकल्प पर कायम है। मैं मानता हूँ कि सस्टेनेबल एनर्जी आने वाली पीढ़ियों की भलाई के लिए बेहद जरूरी है। टूजोन सोलर का चेहरा बनना सही मायने में किसी प्रोडक्ट का प्रचार करने से कहीं बढ़कर है– यह सभी के लिए स्वच्छ, उज्जवल भविष्य की दिशा में सार्थक कदम उठाने के लिए किया गया प्रयास है।




## दिल्ली में इस मौसम की अब तक की सबसे ठंडी सुबह दर्ज की गई

**दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में बृहस्पतिवार को इस सर्दी के मौसम का अब तक का सबसे कम तापमान दर्ज किया गया और न्यूनतम तापमान तेजी से गिरकर 4.5 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। दिल्ली में आयानगर और पूसा सहित अलग-अलग स्थानों पर शीत लहर की स्थिति देखी गई। आयानगर में न्यूनतम तापमान 3.8 और पूसा में 3.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, वास्तविक तापमान के 4.1 डिग्री सेल्सियस से नीचे चले जाने या सामान्य तापमान के 4.4 डिग्री सेल्सियस और उससे भी नीचे दर्ज किए जाने पर शीत लहर की स्थिति बनती है। मौसम विभाग ने कहा कि बुधवार को दिल्ली का न्यूनतम तापमान 4.9 डिग्री सेल्सियस रहा और 14 साल बाद ऐसा पहली बार ऐसा हुआ है कि दिसंबर की शुरूआत में न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि के दौरान सबसे कम न्यूनतम तापमान छह दिसंबर 1987 को 4.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। मौसम विभाग ने दिन में आसमान साफ रहने और अधिकतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने का पूवार्नुमान व्यक्त किया है। दिल्ली में बृहस्पतिवार को वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में दर्ज की गई और सुबह नौ बजे वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 262 रहा, जबकि बुधवार को यह मध्यम श्रेणी में दर्ज किया गया।

## विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है राजस्थान: प्रधान

**दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। वह यहां राइजिंग राजस्थान इन्वेस्टमेंट समिट 2024 के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक दुनिया की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्थावाला देश बनेगा तथा राजस्थान भारत का अग्रणी राज्य होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रत्येक कोने में राजस्थान का उद्यमी मौजूद है।

# भाकियू बीआरएसएस की बैठक में शाहपुर कला में चल रहे ओयो होटल का मुद्दा उठाया गया

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** गुरुवार को भारतीय किसान यूनियन बी आर एस एस ने विभिन्न मांगों को लेकर ब्लॉक परिसर में एक पंचायत का आयोजन किया जिसमें अधिकारियों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, बताते चले कि ब्लॉक परिसर में भाकियू बीआरएसएस की बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सरकार द्वारा लगाए जा रहे स्मार्ट मीटरों का विरोध करते हुए अन्य समस्याओं के समाधान की मांग की, नगर के ब्लॉक परिसर स्थित उप जिलाधिकारी कार्यालय के सामने भारतीय किसान यूनियन बीआरएसएस की बैठक आयोजित की गई। जिसमें मांग करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष अशोक अधाना ने कहा कि सरकार द्वारा जो पुराने मीटरों की जगह नये स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं संगठन उसका विरोध करता है। और फूंके हुए मीटरों को तत्काल बदलवाया जाए। मध्य गंगा नहर में जगह-जगह पुलिया बनी हुई है लेकिन दोनों साइड में एप्रोच नहीं बनी है। किसान पंचायत में पहुंचे एई सुकेश चंद्रा मध्यगंगा नहर ने बताया कि जल्द ही पुलियों का एप्रोच बना दिया जाएगा। जहां पंचायत स्थल पर पहुंचे डॉ चंद्रजीत पशु चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि सरकार द्वारा पशु संरक्षित करने का आयोजन चल रहा है। जिसके तहत 13 दिसंबर को करनपुर माफी, 16 दिसंबर को लुहारी खादर और 17 दिसंबर को झुंडी माफी में अभियान चलाया जाएगा। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि ग्राम शाहपुर कला में एक ओयो होटल संचालित है जिसमें अनैतिक कार्य होते हैं इसको तुरंत बंद कराया जाए। और जल जीवन मिशन द्वारा गांव-गांव पानी की टंकी निर्माण कराया जा रहा है जहां ठेकेदारों द्वारा गांव में टूटी सड़कों को ठीक कराया जाए। गांव करनपुर माफी में 2021 में ओवर टैंक हेड बनाया गया था लेकिन आज तक टोंटियों में पानी नहीं आ पा रहा है। वहीं ठेकेदार द्वारा बहुत ही घटिया पाइपलाइन लगाया गया है उसको तुरंत ठीक कराया जाए। उधर संगठन द्वारा डॉ योगेश कुमार को ब्लॉक अध्यक्ष गंगेश्वरी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। और तय किया गया है कि हसनपुर ब्लॉक स्तरीय पंचायत प्रत्येक माह की 12 तारीख एवं गंगेश्वरी ब्लॉक में 24 तारीख में आयोजित की जाएगी। इस दौरान मौके पर राष्ट्रीय सलाहकार उदयवीर सिंह, राष्ट्रीय प्रवक्ता देवेंद्र सैनी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष धीरज सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष नौ सिंह, राजू चौहान, साहब सिंह, अमिचंद, जीशान समेत भारी संख्या में किसान मौजूद रहे।

# दी किसान सहकारी चीनी मिल गजरौला हसनपुर द्वारा गन्ने की पर्चियां उपलब्ध ना होने पर किया प्रदर्शन

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** गुरुवार को राष्ट्र सेवी संगठन के कार्यकताओं की एक बैठक हसनपुर क्षेत्र के ग्राम शेखुपुर झकड़ी में ग्राम निवासी किसान उमेश सैन के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में गन्ना विभाग दी किसान सहकारी चीनी मिल गजरौला हसनपुर द्वारा गन्ने की पर्चियां उपलब्ध न कराने को लेकर आक्रोश व्यक्त करते हुए प्रदर्शन किया। इस अवसर पर उपस्थित संगठन संयोजक कृष्ण कुमार शर्मा ने बताया कि गेहूं बुआई का अंतिम समय चल रहा है खेतों में पेडी का गन्ना खड़ा है। पर्चियां नहीं मिलने के कारण किसान अपना गन्ना मिल पर नहीं डाल पा रहा है। कुछ किसान मजबूरी में ओने पौने दामों पर कोलुओं पर अपना गन्ना डालने को विवश हैं। जिससे कोलुओं पर गन्ने की बहुतायत है। कोलुओं पर ज्यादा गन्ना डालने के कारण जहां एक ओर किसान आर्थिक हानि का शिकार हो रहे हैं , अपनी गेहूं की फसल की बुआई नहीं कर पा रहे हैं वहीं भविष्य में चीनी मिल के सामने गन्ना मिलने का संकट उत्पन्न हो जाएगा जिसके लिए गन्ना विभाग जिम्मेदार है। गेट पर तीसरी फार्नाइट का तीसरा कालम चल रहा है जबकि दादू पुर सेंटर सहित अन्य सेंटरों पर चौथी फार्नाइट चल रही है। जो गन्ना विभाग का एक भेदभाव पूर्ण कदम है। अतिशीघ्र अंतर समाप्त न होने की स्थिति में क्षेत्र के किसानो के साथ चीनी मिल परिसर में धरना प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर उमेश सैन, दिनेश, कँछिद शर्मा, महेश, सुरेश, क्रांति देवी, राधा, शरफिया, रामपाल, गंगादास, समरपाल, वीर सिंह, राकेश, आदि भारी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# शिवसेना जिला अध्यक्ष को पुलिस ने किया नजर बंद

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** गुरुवार को शिवसेना के दिल्ली में प्रस्तावित कार्यक्रम में सम्मिलित होने की संभावना को लेकर पुलिस ने शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव व अन्य साथियों को राजपूत कॉलोनी स्थित उनके कैंप कार्यालय पर नजर बंद कर दिया, बताते चले की 12 दिसंबर को शिवसेना का एक विशाल धरना प्रदर्शन बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को लेकर जंतर मंतर दिल्ली में आयोजित था लेकिन किसी कारण बस वह धरना प्रदर्शन निरस्त हो गया जिसकी सूचना शिवसेना के जिला अध्यक्ष को तो मिल गई थी लेकिन पुलिस प्रशासन को नहीं मिल पाई थी इसी कारण पुलिस ने शिवसेना के जिला अध्यक्ष को गुरुवार 12 दिसंबर की सुबह 7 बजे ही उनके कैंप कार्यालय पर पहुंचकर उन्हें नजर बंद कर दिया और जाने नहीं दिया, इस संबंध में शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव ने बताया कि पुलिस द्वारा नजर बंद किया गया है जबकि शिवसेना का कार्यक्रम निरस्त हो चुका है उन्होंने बताया कि लगभग 3 घंटे तक उनको व उनके साथियों को पुलिस ने नजर बंद रखा वह दिल्ली या संभल आदि जाने पर उनसे न जाने की अपील की है, इस मौके पर शिवसेना के जिला अध्यक्ष वेद प्रकाश यादव वह मौके पर मौजूद सभासद शुभम अग्रवाल उर्फ निशु अन्य शिव सैनिक मौजूद रहे।

# एच एस एस पब्लिक स्कूल में हुआ बाल मेले का आयोजन

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** गुरुवार को नगर के प्रगतिशील विद्यालय एच एस एस पब्लिक स्कूल में बाल मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के अध्यक्ष पुनीत अग्रवाल , उपाध्यक्ष निरंजन अग्रवाल, प्रबंधक राजीव अग्रवाल , कोषाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल एवं प्रधानाचार्य वरुण मोहन द्वारा सामूहिक रूप से फीता काटकर किया गया। बाल मेले में कक्षा 7 से 12 तक के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया कक्षा 12 के छात्र छात्राओं ने चाइनीस फूड्स ,कक्षा 11 से भारतीय फूड, कक्षा 10 के छात्र-छात्राओं ने साउथ इंडियन व्यंजन, कक्षा 9 के छात्र-छात्राओं ने पंजाबी, कक्षा 8 के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार की आइसक्रीम एवं कक्षा 7 के छात्र-छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के जूस के स्टॉल लगाएं जिसमें सभी अभिभावक को एवं बच्चों ने अनेक प्रकार के व्यंजनों का आनंद लिया। मनोरंजन की दृष्टि से सभी कक्षाओं ने खेलों का भी आयोजन किया जिसमें लकी बाल, बाल मैचिंग , थ्रो बॉल , बैलून शूटिंग ,कलर व्हील, ब्लो कैंडल आदि प्रमुख रूप से रहे । नन्हे मुन्ने बच्चों के लिए मिकी माउस एवं ट्रामपॉलिन भी लगाए गए जिसमें सभी छोटे बच्चों ने अपने अभिभावकों के साथ खूब मस्ती की । इसी के साथ-साथ कार्यक्रम में लकी ड्रा का भी आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान पर राशी अग्रवाल, द्वितीय स्थान पर युवराज, तृतीय स्थान पर अहमद ,चतुर्थ स्थान पर अब्दुल हादी एवं पांचवें स्थान पर नित्या रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त छात्र-छात्राएं अभिभावक एवं विद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के साथ प्रयागराज पहुंचे



लोकतंत्र की शान/देवेंद्र शर्मा

**उत्तर प्रदेश।** सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री दानिश आजाद अंसारी, कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार के साथ प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ का निमंत्रण देने आज जम्मू पहुंचे। जम्मू में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भेंट कर यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल मार्गदर्शन एवं लोकप्रिय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश प्रयागराज में आयोजित हो रहे महाकुंभ- 2025 का निमंत्रण पत्र देकर इस महा-आयोजन में पधारने हेतु सादर आमंत्रित किया गया।

# पीएम से पहले सीएम योगी ने लिया महाकुम्भ की तैयारियों का जायजा, कहा- ऑल ओके

**महाकुम्भनगर, 12 दिसंबर।** महाकुम्भ 2025 के लिए हजारों करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण करने शुक्रवार को प्रयागराज आ रहे पीएम मोदी के कार्यक्रमों की तैयारियों का जायजा लेने के लिए गुरुवार को सीएम योगी प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने महाकुम्भ नगर में चल रही तैयारियों का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान वह संगम नोज भी पहुंचे जहां पीएम मोदी शुक्रवार को पूजन अर्चन करेंगे। उन्होंने यहां पीएम मोदी के भ्रमण की पूरी रूपरेखा को समझा और बिना बाधा कार्यक्रम संपन्न कराने के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश प्रदान किए। यही नहीं, सीएम योगी ने मेला क्षेत्र में अस्थायी अस्पताल, अक्षय वट, सरस्वती कूप, लेटे हनुमान मंदिर पहुंचकर वहां भी तैयारियों का जायजा लिया। लेटे हनुमान मंदिर में सीएम ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन व दर्शन भी किया। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को पीएम मोदी प्रयागराज में उपस्थित रहेंगे और संगम नोज पर गंगा आरती व पूजन के साथ ही वह यहां जनसभा को भी संबोधित करेंगे।

**संगम नोज का किया स्थलीय निरीक्षण**

अस्पताल से सीएम सीधा किला घाट पहुंचे जहां उन्होंने नव निर्मित जेटी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अधिकारियों को घाट पर श्रद्धालुओं के स्नान व अन्य सुविधाओं को सुनिश्चित करने के साथ ही सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। यहां से सीएम संगम नोज पहुंचे, जहां शुक्रवार को पीएम मोदी पूजन अर्चन करेंगे। उन्होंने यहां स्थलीय निरीक्षण किया। मेलाधिकारी विजय किरण आनंद ने उन्हें पीएम मोदी के क्रूज से भ्रमण को लेकर सभी तैयारियों के विषय में विस्तृत से जानकारी दी। सीएम ने सभी व्यवस्थाओं को देखा और सभी पैरामीटर्स का ध्यान रखते हुए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। वह काफी देर यहां रुके और गंगा की निर्मल धारा को निखारते रहे।





# अजय रस्तोगी व मदन चौहान बने आरटीआई एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** गुरुवार को आरटीआई एसोसिएशन के कार्यकताओं ने बैठक कर नवीन कार्यकताओं को पदभार सौंपते हुए फूल मालाएं पहनकर स्वागत किया बता ते चले कि गुरुवार को आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया के प्रदेश प्रभारी भरत लाल प्रजापति ने जानकारी देते हुए बताया कि नगर के शिवाला मंदिर के नजदीक स्थित उनके आवास पर बैठक आयोजित की गई। जिसमें नवीन कार्यकर्ता अजय रस्तोगी को प्रदेश उपाध्यक्ष एवं डॉ मदन सिंह चौहान को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। साथ ही कार्यकताओं ने नवीन पदाधिकारी को फूलमलाएं पहनकर उनका स्वागत भी किया, इस संबंध में प्रदेश प्रभारी भरत लाल प्रजापति ने नवीन पदाधिकारी से संगठन के प्रति निष्ठा एवं ईमानदारी से कार्य करने की आशा व्यक्त की है, वहीं इस संबंध में नव मनोनीत प्रदेश उपाध्यक्ष अजय रस्तोगी एवं डॉक्टर मदन चौहान ने संगठन को विश्वास दिलाया कि वह संगठन के प्रति पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करेंगे तथा आरटीआई के माध्यम से समाज के दबे कुचले लोगों की मदद करेंगे , इस मौके पर मुख्य रूप से पुनीत अग्रवाल प्रदेश महामंत्री, नसरुद्दीन सैफी प्रदेश कार्यालय सचिव आदि उपस्थित रहे।

# शिव मंदिर रहरा रोड पर आज होगी शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा, अनुष्ठान जारी

लोक तंत्र की शान
प्रवीण अग्रवाल जिला प्रभारी अमरोहा



**हसनपुर।** नगर के रहरा रोड पर स्थित शिव मंदिर में आज भगवान भोलेनाथ के परिवार की प्राण प्रतिष्ठा होगी जिसकी तैयारियां की जा रही है, बताते चलें कि बृजवासी पंडित दिनेश शर्मा एवं अन्य पंडितों द्वारा विधि विधान के अनुसार प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम किया जाएगा तथा पंडितों द्वारा मंदिर में अनुष्ठान जारी है पंडित दिनेश शर्मा व अन्य पंडित प्राण प्रतिष्ठा के लिए अनुष्ठान में लगे हुए हैं, इस संबंध में बृजवासी पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि शिव मंदिर में भगवान शिव के परिवार जिसमें भगवान भोलेनाथ का शिवलिंग, गणेश जी की मूर्ति एवं माता पार्वती जी की मूर्ति तथा भगवान कार्तिकेय की मूर्ति व नदी महाराज की मूर्तियों की प्राण की जाएगी तथा प्रतिष्ठा से पूर्व आज शुक्रवार को सभी मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया जाएगा, जो शोभायात्रा के रूप मे रहरा अड्डा शिव मंदिर से प्रारंभ होकर पुरानी घास मंडी, बाजार बजाजा, बाजार पंसारा से होती हुई वापस रहरा अड्डा शिव मंदिर पर आकर संपन्न होगी, वहीं उन्होंने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के बाद भंडारे का भी आयोजन किया जाएगा , बता ते चले कि मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा समाजसेवी व्यापारी भाइयों द्वारा कराई जा रही है, तथा बाकी अन्य व्यवस्था भंडारा आदि तथा मंदिर का सौंदर्य करण का कार्य रहरा अड्डा शिव मंदिर प्रबंधक कमेटी द्वारा कराया जा रहा है।

# संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा कथक भजन व लोक गीतों से दर्शक हुऐ मंत्रमुग्ध

लोकतंत्र की शान /देवेंद्र शर्मा




**लखनऊ।** कानपुर रोड आशियाना क्षेत्र में स्थित स्मृति उपवन में माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह और गुंजन वर्मा व रनवीर सिंह, विनय दुबे, हेमू चौरसिया ने दीप प्रज्वलित कर सांस्कृतिक संध्या का आरंभ किया। सांस्कृतिक मंच पर संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश की रजनी वर्मा ने कथक कर मंच पर समां बांधा। कार्यक्रम के अगले सोपान में संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ सरिता मिश्रा के संयोजन में राम तोहरी नजरिया में जादू भरी....डॉक्टर प्रतिभा मिश्रा ने लोकगीत प्रस्तुत किया। किस काम के हीरे मोती... रमेश कुमार व हमरी सीता है गोरी किशोरी.. भजन की प्रस्तुति देकर शिवपूजन शुक्ला ने सांस्कृतिक मंच को भाव विभोर किया। संगतकर्ता ढोलक पर योगेश पांडे हारमोनियम पर रमेश कुमार तबले पर विकास एवं ऑर्गन्स पर हरीश। मेलोडिक्स मूव डांस एकेडमी दीपा वर्मा के संयोजन में होली खेले मसाने में आध्यात द्विवेदी डांस प्रस्तुत कर दर्शकों को घुमाया नचाया। वही अधीरा पांडे ने तरस नहीं आया तुझको गाने पर नृत्य प्रस्तुत किया। काला चश्मा गाने पर मोहित दीक्षित, आकृति राज, सानवी यादव और एंजेल ने डांस कर समां बांध दिया। तू कातिल है... सिद्धार्थ शुक्ला ने डांस की प्रस्तुति दी। इस दौरान मंच पर आयोजक समिति के मनोज सिंह चौहान, मोनालिसा, भारती सिंह आदि उपस्थित रहे । प्रदीप शुक्ला और मनीष पंडित ने मंच का संचालन किया गया।

## 'हर घर जल गांव' बसाएगी योगी सरकार

# महाकुम्भ-2025 में 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में शुरू हुई तैयारी

**लखनऊ/महाकुम्भ नगर, 12 दिसंबर:** योगी सरकार महाकुम्भ-2025 में 'हर घर जल गांव' बसाएगी। पेयजल का समाधान, मेरे गांव की पहचान थीम पर यह 'गांव' 40 हजार स्क्वायर फिट एरिया में बसेगा। इसमें एक तरफ जहां जल जीवन मिशन बुंदेलखंड में हर घर तक नल से जल पहुंचाने की कहानी सुनाई जाएगी, वहीं दूसरी तरफ महाकुम्भ में नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नए गांवों की सफलता की दास्तां से भी श्रद्धालु, पर्यटक व कल्पवासी परिचित होंगे। योगी सरकार के मार्गदर्शन में ग्रामीण जलापूर्ति व नमामि गंगे विभाग महाकुम्भ में इसकी तैयारी कर रहा है।

**51 दिन तक चलेगी प्रदर्शनी, होंगे अलग-अलग कार्यक्रम**

कभी प्यासे रहे बुंदेलखंड में योगी सरकार के प्रयास से पेयजल की समस्या का समाधान हो गया है। सफलता की इस कहानी को लेकर 'पेयजल का समाधान, मेरे गांव की नई पहचान' थीम पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। प्रदर्शनी 5 जनवरी से 26 फरवरी तक चलेगी। 51 दिन तक चलने वाली प्रदर्शनी में अलग-अलग कार्यक्रम भी होंगे। प्रदर्शनी में बुंदेलखंड के ग्रामीण महिलाओं को मंच मुहैया कराया जाएगा, जिसमें वे बुंदेलखंड में बदलाव की कहानी बयां करेंगी। बांदा, झांसी, चित्रकूट के जिन गांवों में पानी न होने के कारण शादी नहीं हो पाती थी, वहां भी योगी सरकार ने ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल पहुंचाया। ललितपुर व महोबा के उन गांवों की महिलाएं, पानी ढोने के कारण जिनके सिर से बाल गायब हो गए थे। वे भी डबल इंजन सरकार के अतुलनीय कार्य को महाकुम्भ में शुद्ध पानी से जीवन में आए बदलाव की कहानी को बयां करेंगी।

# महिलाओं की सुरक्षा के लिए संगम पर बनाई जा रहीं 12 स्पेशल यूनिटें

**महाकुम्भनगर, 12 दिसंबर :** महाकुम्भ को सनातन धर्म का सबसे बड़ा आयोजन बनाने के लिए प्रतिबद्ध योगी सरकार देश विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए तैयार है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दौरे से पहले गुरुवार को खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाकुम्भनगर पहुंचे और सभी जरूरी तैयारियों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद संगम पर श्रद्धालुओं को पूजा पाठ करवाने के लिए विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं। लोगों को विधिवत पूजा पाठ करने के लिए कहीं भटकना न पड़े, इसके लिए यहां पर ब्राह्मण, पुरोहित और पंडा मौजूद रहेंगे।

**चेंजिंग रूम की भी व्यवस्था**

एसडीएम महाकुम्भनगर, अभिनव पाठक ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस बार महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा का विशेष इंतजाम किया जा रहा है। संगम स्नान के दौरान देश-विदेश से आने वाली महिलाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा न होने पाए, इसके लिहाज से संगम पर 12 स्पेशल यूनिटें बनाई जा रही हैं। इन यूनिटों की लंबाई 25 मीटर और 6 मीटर चौड़ाई होगी। इस यूनिट में चेंजिंग रूम की भी होगी व्यवस्था जिससे स्नान आदि के बाद किसी प्रकार की कोई समस्या न आने पाए।



इसके अलावा संगम से पुरानी और जर्जर नावें हटाई जा रही हैं। इनके स्थान पर फ्लोटिंग जेटी का निर्माण किया जा रहा है। साथ ही उसे आकर्षक बनाने के लिए विशेष प्रकार के फूलों से सजाया जा रहा है।

# अंबाला

# जीवन जीने का सार है श्रीमद् भागवद गीता : एसडीएम

## जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन हरियाणवी एवं हिंदी गीतों एवं भजनों पर झूमे लोग

अंबाला शहर, दिसंबर : जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तीसरे दिन अंबाला शहर के एसडीएम दर्शन कुमार ने दीप पर प्रज्वलित कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्रीमद् भगवदगीता एक ऐसा पवित्र ग्रन्थ है जिसमें जीवन जीने का सार वर्णित किया गया है। जो समुचे मानव समुदाय को कल्याण की राह दिखाता है। उन्होंने कहा कि पवित्र ग्रन्थ गीता के ज्ञान रूपी प्रकाश से ही पूरे विश्व की शंकाएं और समस्याएं दूर हो सकती हैं। हम सभी को पवित्र ग्रन्थ गीता के उपदेशों को न केवल पढना चाहिए बल्कि अपने जीवन में अपनाना भी चाहिए। उन्होंने कहा कि भगवान श्री कृष्ण द्वारा दिए गए निष्काम कर्म के संदेश को अपने जीवन में धारण कर मनुष्य सभी समस्याओं से निजात पा सकता है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पावन धरा को गीता की जन्म स्थली के नाम से जाना जाता है। भगवान श्री कृष्ण की यह भूमि युगों युगांतर से भारतीय सभ्यता और संस्कृति की संवाहक रही है। बता दें कि 9 दिसम्बर से 11 दिसम्बर तक तीन दिवसीय गीता जयंती समारोह का आयोजन रामबाग मैदान अम्बाला शहर में किया गया था।

गीता जयंती महोत्सव के तीसरे एवं अंतिम दिन आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में गौरव घावरी म्यूजिकल ग्रुप द्वारा हरियाणवी एवं हिंदी गीतों एवं भजनों के द्वारा श्रोताओं को झुमने एवं नाचने पर मजबूर कर दिया गीता जयंती महोत्सव को देखने आए लोगों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों का जमकर आनंद लिया भगवान श्री कृष्णा के भक्ति गीतों पर महिलाएं जमकर झूमी और भगवान श्री कृष्ण के भक्ति रस में डूबी नजर आई। उनकी भगवान श्री कृष्णा के प्रति भक्ति को देखकर पंडाल में मौजूद दर्शकों ने तालियों के साथ उनका उत्साह वर्धन किया।


गीता जयंती महोत्सव में हरियाणवी नृत्य पेश करती छात्राएं।

### 'आज मेनू नच लेन दे' गीत ने मचाई धूम

**गीता** जयंती महोत्सव में प्रस्तुत किए गए भजन बांके बिहारी लाल लग्न तुमसे लगा बैठे, तुम्हें अपना बना बैठे जो होगा देखा जाएगा, पर श्रोता झुमने पर मजबूतर हो गए। काली कमली वाला मेरा यार है, मेरा मन का मोहन तो दिलदार है। किशोरी कुछ ऐसा हो जाए, जुबां पे राधा-राधा नाम हो जाए, आ गया मैं बाबा रिंग्स के उसे मोड़ पे, लेने आजा खाटू वाले श्याम बाबा, आज मेनू नच लेन दे, नच लेन दे, भजन पर श्रोता नाचने और झुमने लगे।
राजकीय मॉडल संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल रामपुर सरसेहडी के विद्यार्थियों द्वारा भगवान श्री कृष्णा भक्ति पर भजन की प्रस्तुति तथा देशभक्ति पर आधारित गीत जन्मभूमि मेरी मात पर अपनी बेहतरीन प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा इसी स्कूल के बच्चों द्वारा हरियाणवी नृत्य की प्रस्तुति दी गई जिसे भी दर्शकों द्वारा तालियां बजाकर उनकी हौसला आफजाई की गई।

यहां कार्यक्रम के दौरान कुरूक्षेत्र में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव से 11 बजे लाईव प्रसारण के माध्यम से जुडे जिसके लिए दो बडी स्क्रीन की व्यवस्था पंडाल में की गई थी। जिनके माध्यम से वैश्विक गीता पाठ जो कुरूक्षेत्र में गीता मुनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज के मार्गदर्शन में विद्यार्थी द्वारा सामूहिक तौर पर किया गया था, उसको यहां पर देखा और सुना गया। लाईव प्रसारण के माध्यम से हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी, केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल, केन्द्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, हरियाणा के मंत्री श्याम सिंह राणा, उडीसा के भाषा एवं सांस्कृतिक मंत्री सूर्यबंशी सूरज, तंजानिया की मंत्री सुश्री पिण्डी हजारा चन्ना के सम्बोधन को देखा और सुना गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम में राजकीय उच्च विद्यालय नम्बर 7 अम्बाला शहर के 21 छात्राओं ने अष्टादश श्लोकी गीता पाठ/श्लोकाच्चारण किया गया।

प्रदर्शनी स्थल पर हयिाणावी वाद्य यंत्रों से सुसज्जित पार्टियों ने दर्शकों को अपनी ओर आकर्षित किया। नगाडा पार्टी व बीन पार्टी तथा डेरू पार्टी ने कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि सहित अन्य लोगों का स्वागत करते हुए अपनी बेहतर प्रस्तुति दी। आमजन इन पार्टियों के साथ आज भी सैल्फी लेते हुए दिखे और उन्होंने भी उनके साथ नृत्य करते हुए अपनी खुशी जाहिर की। वहां पर उपस्थित स्कूली बच्चे भी नगाड़ा व बीन पार्टी और डेरू पार्टी की प्रस्तुति को देखकर काफी रोमांचित हुए।


नगाडा पार्टी व बीन पार्टी तथा डेरू पार्टी ने कार्यक्रम स्थल पर मुख्य अतिथि का स्वागत करते हुए।


मंच पर मुख्यातिथि को सम्मानित करते डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार।

### यह अधिकारी कार्यक्रम में रहे मौजूद

**कार्यक्रम** में मंच संचालन प्राध्यापक जितेन्द्र कुमार द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीआईपीआरओ धर्मेन्द्र कुमार, एआईपीआरओ मनोज कुमार ने मुख्य अतिथि एसडीएम दर्शन कुमार को श्रीमदभगवदगीता व शॉल देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार, रैडक्रास सोसायटी सचिव विजय लक्ष्मी, रैडक्रास से मनोज सैनी, एडीसी कार्यालय से पीओ अनिल हुडा, डीआईपीआरओ कार्यालय के अधीक्षक विष्णु दत्ता शर्मा, नोडल अधिकारी नरोत्तम शर्मा, प्रिंसीपल प्रवीन शर्मा, अध्यापक तेजपाल, जितेन्द्र शर्मा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## जन्म प्रमाण पत्र में नाम न हो तो 31 दिसंबर जुड़वा सकते हैं

**कैत,** अंबाला शहर, दिसंबर: जन्म प्रमाण पत्र में आपके नाम का कॉलम खाली है तो 31 दिसम्बर तक इसमें ऑनलाईन आवेदन करके नाम लिखवा सकते हैं अभी 15 साल तक जन्म प्रमाण पत्र मे नाम लिखवा सकते थे, सुविधा मिलने के बाद 15 साल से पहले वाले भी नाम एड करवा सकेंगे। इस बारे में जानकारी देते हुए सिविल सर्जन डा. राकेश सहल ने बताया कि अब तक होता ये आया है कि जन्म प्रमाण पत्र रजिस्ट्रेशन कराया पर नामकरण नहीं हो सका। इसका कॉलम माता-पिता रजिस्ट्रेशन के वक्त छोड़ देते है, ऐसे में बच्चे का नाम का कॉलम अधूरा रह जाता था। अब इसके लिए ऑनलाईन आवेदन 31 दिसम्बर तक हो सकता है। इसमें बच्चे का नाम दर्ज करा सकते हैं। इसके लिए सरकार की ओर से जन्म प्रमाण पत्र में नाम के खाली कॉलम को भरवाने के लिए राहत दी गई है। अब ऐसे लोग जिन्होने जन्म प्रमाण पत्र तो बनवाया हुआ है, लेकिन 15 साल से भी ज्यादा वक्त से नाम नहीं लिखवाया है वो लोग भी सरल केन्द्र से ऑनलाईन अप्लाई करके इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं। पहले नाम लिखा है, तो उसमें बदलाव नहीं होगा विभाग ने स्पष्ट किया है कि सिर्फ उन लोगों को जन्म प्रमाण पत्र में नाम लिखवाने की सुविधा दी गई है, जिनके प्रमाण पत्र में नाम का कॉलम खाली होता है।

## सतनाम पंजाबी पहुंचे फारुखा खालसा स्कूल, बच्चों को दिया ज्ञान


सिरोपा पहनाकर सतनाम पंजाबी को सम्मानित करते प्राचार्य केपी सिंह, गुरसिमर सिंह ओबेरॉय व अन्य।

अम्बाला छावनी, दिसंबर : पंजाब के जाने-माने लोक गायक सतनाम पंजाबी मंगलवार को अंबाला छावनी के फरुखा खालसा स्कूल पहुंचे। यहां उनका स्कूल के प्राचार्य केपी सिंह सहित अन्य ने स्वागत किया। सतनाम पंजाब ने बच्चों को पंजाबी भाषा व पंजाबी विरासत से रुबरू करवाया। उन्होंने बताया कि एक फारुखा खालसा स्कूल अंबाला छावनी हैं और दूसरा पाकिस्तान के सरगौधा के पास फारुखा जिले में स्थित है, यहां आज भी पंजाबी भाषा का इस्तेमाल दिया जाता है। इस मौके पर स्कूल प्राचार्य केपी सिंह व गुरसिमर सिंह ओबेरॉय, अमरजीत सिंह वालिया ने सिरी साहिब व सिरोपा पहनाकर सतनाम पंजाबी को सम्मानित किया। इस अवसर पर सतनाम ने लोक गायिका के माध्यम से बच्चों को समाज के लिए अच्छा करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर उप प्रधानाचार्य रजनी, दलजीत सिंह, मनिंदर सिंह, राहुल आदि मौजूद रहे।

## नारायणगढ़ समाधान शिविर में 10 समस्याओं में ज्यादातर परिवार पहचान पत्र में आय ज्यादा व एनडीसी के मामले आए



**नारायणगढ़, दिसम्बर** : एसडीएम शाश्वत सांगवान ने उपमण्डल स्तर पर आयोजित समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनते हुए अधिकतर समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। शिविर में 10 समस्याएं आई जिनमें परिवार पहचान पत्र से सम्बंधित, एनडीसी से संबंधित, वृद्धावस्था पेंशन से संबंधित, माइनिंग से संबंधित, अवैध कब्जा से सम्बंधित समस्या आई। समाधान शिविर में डेरा के विजय कुमार, वार्ड 10 की शांति देवी , वार्ड नंबर 1 के मानसिंह ने फैमिली आईडी में आय कम करवाने से संबंधित मांग रखी, बड़ा गांव के ओमपाल ने वृद्धावस्था पेंशन लगवाने की, गांव बड़ी बस्सी के दिलाराम ने अपने पौत्र की दिव्यांग पैंशन लगवाने का अनुरोध किया। इसी प्रकार वार्ड नंबर 1 के मानसिंह ने प्रॉपर्टी आईडी से संबंधित वार्ड नंबर 5 के जयपाल सिंह ने प्रोपर्टी आईडी से सम्बंधित, राधे श्याम शर्मा ने प्रोपर्टी आईडी से सम्बंधित अपनी समस्या रखीं। गांव गदोली के विपिन शर्मा ने माइनिंग से सम्बंधित समस्या रखी। इस अवसर पर नायब तहसीलदार संजीव अत्रि, बीडीपीओ जोगेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

## अब प्राइवेट डायटीशियन पर नहीं खर्चने पड़ेंगे हजारो रुपए, नागरिक अस्पताल में शुरू हुई डायट क्लीनिक, नि:शुल्क मिलेगा परामर्श


जानकारी देते हुए पीएमओ रेणु बेरी पजनी।

अम्बाला छावनी, दिसंबर : अंबाला छावनी के नागरिक अस्पताल में अंबाला की जनता के लिए डाइट क्लीनिक की शुरूवात की गई है, अब अस्पताल में आने वाले मरीज खुद को स्वस्थ रखने के लिए अच्छी डाइट की निशुल्क परामर्श ले पाएगा। इसके लिए ओपीडी के ग्राउंड फ्लोर में रूम नंबर 7 में 1 डाइटीशियन और गर्भवती महिला के लिए गर्भवती ओपीडी में 1 डाइटीशियन के बेठने की भी व्यवस्था की गई है अस्पताल में आने वाले मरीज अब ओपीडी कार्ड काउंटर से ही सीधा डाइट क्लीनिक का अपना कार्ड बनवाकर पोष्टिक आहार युक्त डाइट प्लान बनवा पाएंगे और खुद को स्वस्थ रख सकते है।

यह जानकारी पीएमओ डॉक्टर रेणु बेरी पजनी ने देने हुए बताया कि अभी तक नागरिक अस्पताल में आने वाले मरीज डॉक्टर की सलाह के बाद ही डाइटीशियन के पास अपनी अच्छी डाइट के लिए जाते थे, लेकिन अब यदि कोई भी व्यक्ति अपना डाइट प्लान बनवाना चाहता है तो वह ओपीडी मे सीधा डायटीशियन का कार्ड बनवाकर डाइट प्लान ले पाएगा।


ओपीडी व गायनी ओपीडी में डायटीशियन मरीज को डाइट क्लीनिक के तहत परामर्श देते हुए।

### डाइट प्लान करना जीवनशैली के लिए बहुत जरूरी : शायनी

**डायटीशियन** शायनी कंबोज ने बताया कि दैनिक जीवन मे प्रत्येक व्यक्ति को इस भागदौड़ भरी जिंदगी में खुद को पूरी तरह से स्वस्थ रखना है तो एक अच्छा पोष्टिक आहार युक्त भोजन खाना जरूरी है । उन्होंने बताया कि डाइट प्लान करना जीवनशैली से जुड़ी प्रमुख बीमारियों के लिए जैसे हृदय रोग, स्ट्रोक, डायबिटीज, ओबेसिटी, मेटाबोलिक, सिंड्रोम, केंसर, क्रोनिक ओब्स्ट्रिक्र्त्व, किडनी रोग के लिए बहुत जरूरी है।

### गर्भवती महिलाओं को मिलेगा हैल्थी डाइट का परामर्श

**डायटीशियन** ने बताया कि गर्भवती महिला के लिए भी पौष्टिक आहार युक्त भोजन बहुत जरूरी है अक्सर देखने को मिलता है कि गर्भवती महिलाओ को पोष्टिक आहार न मिलने की वजह से उनमें खून की कमी जैसी कई अनिमियताये देखने को मिलती है जिससे डिलीवरी के दौरान काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है लेकिन अब ऐसा नही होगा क्योंकि गर्भवती महिलाओं के लिए डाइट क्लीनिक एक वरदान साबित होगा, ओपीडी में आने वाली गर्भवती महिलाओं अब अच्छा और पौष्टिक आहार के प्रति पूरी तरह से जागरूक और उनका डाइट प्लान बनाकर दिया जाएगा जिससे डिलीवरी के दौरान जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रहेंगे।

### वजन कम करने को लेकर डाइटीशियन का ज्यादा है प्रचलन

**आजकल** वजन कम करने के लिए डाइटीशियन का काफी प्रचलन है। लोग हजारो रुपए खर्च के अपना वजन कम करने या खुद को हेल्थ कॉन्शियस रखने के लिए भी डाइट प्लान का सहारा ले रहे है , लेकिन अम्बाला छावनी की जनता को बाहर हजारो रुपये खर्चने नहीं पड़ेंगे, वह छावनी के नागरिक अस्पताल की ओपीडी में आकर अपना डायटीशियन से डाइट प्लान निशुल्क बनवा सकेंगे ओर खुद को स्वस्थ निरोगी बना पाएंगे।

## भजन प्रतियोगिता में प्राप्त किया सांत्वना पुरस्कार


विजेता विद्यार्थियों का सामूहिक फोटो।

अंबाला शहर, दिसम्बर : केपीएके महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने मुरलीधर डी ए वी पब्लिक स्कूल में ऋषि बोधोत्सव के अवसर पर आयोजित भजन प्रतियोगिता में भाग लिया। इस प्रतियोगिता में डी ए वी के विभिन्न विद्यालयों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में के पी ए के महाविद्यालय की टीम ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या रेखा गोयल भागी ने प्रतियोगिता में विजयी रहे विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों व संगीत अध्यापक नरेन्द्र को शुभकामनाएं दीं।

## थाना अम्बाला छावनी में चाकूबाजी मामले में एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

अम्बाला छावनी, दिसंबर : अपराधों की रोकथाम व आपराधिक मामलों में वांछित आरोपियों के खिलाफ चलाए विशेष अभियान के दौरान थाना अम्बाला छावनी में दर्ज मारपीट कर चाकू से हमला करने के मामले में पुलिस ने कार्यवाही करते हुए आरोपी शुभम उर्फ पुल्ली थाना महेशनगर अम्बाला छावनी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के आदेशानुसार न्यायिक हिरासत में भेज दिया।
इस मामले के सम्बन्ध में शिकायतकर्ता प्रशान्त ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि मदन का मन्दिर अम्बाला छावनी के पास आरोपी नितिन सोनकर उर्फ दिल्ली वाला, वानिस तथा अन्य ने उसके भाई सचिन से मारपीट कर चाकू से हमला करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्यवाही शुरू कर दी थी।

# अवैध ढांचा पीर हटाकर ही दम लेंगे : महेंद्र शर्मा

अंबाला शहर, दिसम्बर : शहर में सेक्टर 7 की नजदीक बने अवैध पीर का मामला अब शहर में गरमाता जा रहा है. इस मामले में विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल अग्रणी भूमिका निभाते हुए पहले ही, जिला उपायुक्त 4 नवंबर को ज्ञापन देने के बाद 12 नवंबर को अंबाला हिसार राज्य मार्ग को जाम कर चुके हैं. पीडब्ल्यूडी विभाग ने कार्रवाई करते हुए 19 नवंबर को अवैध पीर की अंबाला हिसार राज्य मार्ग से साथ लगती हुई दीवार को ध्वस्त किया था साथ ही साथ अवैध तरीके से बने हुए मुख्य द्वार और गुंबद भी गिराए थे. इस कार्रवाई के दौरान भी विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता दोपहर 2:00 बजे से रात के 12:00 बजे तक अवैध पीर के सामने पंचायत भवन पर भारी संख्या में डटे रहे थे.।कार्रवाई के बाद संगठन के कार्यकर्ता और अधिकारी असंतुष्ट थे और उनका यह कहना था कि पीडब्ल्यूडी के साथ-साथ बाकी विभागों को मिलकर इस पूरे अवैध कब्जे को हटाना चाहिए था लेकिन केवल एक विभाग ने कार्रवाई कर कर मामले को अधूरा छोड़ दिया। इसके चलते 22 नवंबर को परिषद ने नगर निगम आयुक्त को पत्र लिखकर 15 दिन का समय तय किया था।

जिसके दौरान प्रेस वार्ता कर कर संगठन ने बताया था कि 9 तारीख शाम 6:00 बजे तक यदि नगर निगम कमिश्नर इस मामले पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं करते तो वह नगर निगम कमिश्नर को 10 तारीख सुबह ऑफिस अरेस्ट कर लेंगे। पूर्व घोषित इस कार्यक्रम के तहत आज विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता एवं अधिकारी दलबल के साथ नगर निगम आयुक्त के दफ्तर के बाहर ताला व जंजीर लेकर पहुंचे कार्यकताओं के इस प्रकार नगर निगम दफ्तर के बाहर इकट्ठा होने पर नगर निगम के ज्वाइंट कमिश्नर ने बाहर आकर नगर निगम के द्वार पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकताओं से बात की उन्हें आश्वासन दिया कि नगर निगम पूरी मुस्तैदी के साथ इस कार्रवाई पर लगा हुआ है इसलिए, कुछ ही दिनों में वह एस्टेट ऑफिसर से मिलेंगे और उन्हें समय बाद तरीके से इस मामले पर कार्रवाई करने के लिए पत्र देंगे साथ ही साथ उन्हें 15 दिन का समय दिया जाएगा ताकि वह अपनी कार्रवाई अमल में ला सके. 15 दिन में यदि कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई तो न्याय संगत कार्रवाई करने के लिए कोर्ट का सहारा लिया जाएगा। पांच सदस्य एक्शन कमेटी के बाकी सदस्य जिला संयोजक बजरंग दल यश प्रकाश जिला सह मंत्री संजय बत्रा ,राकेश खन्ना, मोहित अहलूवालिया, धर्म वर्मा, संजु जलबेडा, सतीश लंडा, गोपी, शैली अगरवाल, राजेश बंसल, अशोक कक्कड़, बंटू सेठी,मौके पर ही मौजूद थे.।


नगर निगम के गेट पर नारेबाजी करते विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल कार्यकर्ता

## अम्बाला से प्रथम पाइथन गेम के लिए हरियाणा की अंडर-19 क्रिकेट टीम पंचकूला रवाना

अम्बाला छावनी, दिसंबर : पंचकूला के ताऊ देवीलाल इंटरनेशनल स्टेडियम में 12 से 15 दिसंबर तक प्रथम पाइथन गेम का आयोजन हो रहा है। मुकाबले में भाग लेने के लिए हरियाणा की अंडर-19 क्रिकेट टीम आज रवाना हो गई। सभी मैच डे-नाइट खेले जाएंगे। मुकाबलों में आठ प्रदेशों की क्रिकेट टीमें हिस्सा ले रही हैं। क्रिकेट के अलावा अन्य खेलों में पूरे भारत से लगभग 3000 खिलाड़ी इस आयोजन में भाग लेंगे । 50 बॉल्स क्रिकेट एसोसिएशन हरियाणा टूनार्मेंट के लिए सोनीपत में ट्रायल रखा गया था। ट्रायल देने आए हरियाणा के खिलाड़ियों में से सिलेक्शन कमेटी के हेड कोच कुलदीप ने खिलाड़ियों का चयन किया। पंचकूला के लिए रवाना होने से पहले हरियाणा की टीम के कप्तान युवराज से बातचीत में उन्होंने बताया कि हमारी टीम टूनार्मेंट के लिए बिलकुल तैयार है। कप्तान : युवराज (अंबाला छावनी) , उप-कप्तान : प्रिंस (सोनीपत) , आर्यन (अंबाला छावनी), साहिबजोत सिंह (अंबाला शहर), अनुभव, सोनू, मयंक, वंश, कुणाल जांगड़ा (सभी सोनीपत), आयुष, रणविजय यादव (पंचकूला)

# बाबे दा जवाब, नई जी विज दा जवाब नई

## श्रम मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर गीतकार राजू वडाली ने गाया पंजाबी गीत

अम्बाला छावनी, दिसंबर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर युवा गीतकार राजू वडाली ने उनपर समर्पित पंजाबी गीत बाबे दा जवाब, नई जी विज दा जवाब नई बनाया और मंत्री से उनके आवास पर मिलकर उन्हें यह गीत सुनाया। गीत को सुनकर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने गीतकार की तारीफ की और उसकी पीठ थपथपाई।ऊर्जा, परिवहन व श्रम मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर उन पर कई गीत बनाने वाले गीतकार राजू वडाली ने आज उनपर पंजाबी गीत गुनगुनाया। यह पूरा गीत राजू वडाली ने मंत्री अनिल विज के समक्ष सुनाया जिसको मंत्री अनिल विज सहित मौके पर मौजूद सभी ने सराहा। गौरतलब है कि इससे पहले भी राजू वडाली मंत्री अनिल विज की कार्यप्रणाली से प्रभावित होकर कई गीत बना चुके हैं जिनमें ह्यधाकड़ फैसले लेवै जो म्हारे हरियाणा मैं, सारे गुण अवलेबल हैं अनिल विज सयाणे मैंह्न, ह्नहम फैन हैं अनिल विज के, विज के काम बोले, विज का नाम बोले आदि शामिल है।


मंत्री अनिल विज को गीत सुनाते गीतकार राजू वडाली।

### कैबिनेट मंत्री अनिल विज की कार्यशैली प्रदेशभर में प्रचलित : वडाली

**वहीं,** गीतकार राजू वडाली ने कहा कि ऊर्जा व परिवहन मंत्री अनिल विज की कार्यशैली प्रदेशभर में प्रचलित है। राजू ने बताया कि अपने गीतों में उसने मंत्री अनिल विज की कार्यशैली को जोड़ा है। उन्होंने बताया कि आगे भी वह मंत्री की कार्यशैली पर और भी गाने बना रहे हैं। गौरतलब है कि मंत्री अनिल विज की कार्यशैली प्रदेशभर में प्रचलित है और रॉकी मित्तल द्वारा उनके लिए एक गीत बनाया गया था, जोकि काफी चर्चा में रहा था।

# इंडिया गठबंधन की पटरी ही खराब, बार-बार इंजन बदलने से इनकी गाड़ी नहीं चलेगी : विज

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को किसानों की पूरी चिंता है, उनकी प्रेरणा से ही हरियाणा सारी फसलों पर एमएसपी दे रहा है : मंत्री अनिल विज


मंत्री अनिल विज

अम्बाला छावनी, दिसंबर : हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने इंडिया गठबंधन पर तंज कसते हुए कहा कि पप्पू फेल हो गया है, इंडी गठबंधन की गाड़ी पटरी से उतर गई है और वो इंजन बदलने की बात कर रहे है। विज पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।इंडिया गठबंधन में फुट पड़ने और राहुल गांधी की जगह अब ममता बनर्जी को नेता चुनने की बात करने पर कैबिने मंत्री अनिल जी ने चुटकी लेते हुए कहा कि हम तो पहले ही कहते है पप्पू फेल हो गया, उनको भी पता लग गया है कि अब राहुल गांधी से उनकी गाड़ी चलने वाली नहीं है, कोई भी आ जाए लेकिन उनकी गाड़ी किसी से नहीं चलेगी। अब बार-बार यह इंजन बदलकर देखना चाहते हैं, लेकिन उनकी पटरी ही खराब है।

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हरियाणा सभी फसलों पर एमएसपी दे रहा है, पंजाब व हिमाचल सरकार को भी देनी चाहिए : विज

**किसान** नेता डल्लेवाल इन दिनों भूख हड़ताल पर है जिसे लेकर पंधेर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को उनकी कोई चिंता नहीं है जिसपर जवाब देते हुए मंत्री विज ने कहा की नरेंद्र मोदी जी को पूरी चिंता है उनकी प्रेरणा से ही हरियाणा सारी फसलों की एमएसपी दे रहा है। उनसे प्रेरणा लेते हुए आम आदमी पार्टी को पंजाब में एमएसपी देनी चाहिए, हिमाचल में कांग्रेस को एमएसपी देनी चाहिए तभी पता चलेगा कि सभी एमएसपी देना चाहते है।

### स्टाफ के लिए बस स्टैंड पर खाने की व्यवस्था हो, इसके लिए आईआरसीटीसी के सिस्टम का अध्ययन करने को कहा : परिवहन मंत्री अनिल विज

**हरियाणा** रोडवेज वर्कर यूनियन के बयान कि ढाबों पर बस रोकना उनकी मजबूरी है पर परिवहन मंत्री अनिल विज ने कहा कि यह उनकी जायज मांग है कि जो आदमी काम करेगा वह रोटी भी खाएगा। उन्होंने बताया कि रोडवेज विभाग की पहली बैठक में ही उन्होंने अधिकारियों को खाने की व्यवस्था को लेकर योजना बनाने के लिए कहा है जिससे हर बस स्टैंड पर खाने की व्यवस्था हो। उन्होंने रेलवे के आईआरसीटीसी के सिस्टम का अध्ययन करने को कहा है ताकि रेलवे की तर्ज पर खाना उपलब्ध कराया जा सके। वहीं, दुष्यंत चौटाला द्वारा अपनी पार्टी के संगठन को भंग करने के सवाल पर कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने कहा कि बचा ही क्या था जो भंग किया, अब वो क्या करते है यह उनका ही मामला है।

# प्रेस कलब ऑफ बेतिया का नवनिर्मित भवन भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ को देने की करवाई बहुत जल्द - सूचना एवं नसंपर्क मंत्री

## सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी को भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ का राष्ट्रीय महासचिव सह अध्यक्ष प्रेस क्लब ऑफ बेतिया डॉ अमानुल हक ने दो पेज का ज्ञापन सौंपा।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**पटना।** पश्चिम चंपारण ज़िला मुख्यालय बेतिया में प्रेस कलब ऑफ बेतिया के लिए पत्रकारों का शीर्ष संगठन 'भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ ने प्रेस कलब के लिए जमीन से लेकर निर्माण होने तक काफी संघर्ष किया है और मुख्यमंत्री सहित महामहिम राज्यपाल के आदेश के बाद बेतिया में प्रेस क्लब का निर्माण भी हुआ। अब प्रेस क्लब भवन पिछले 6 वर्षों से संपूर्ण रूप से बन कर तैयार है फिर भी हैंड ओवर लीज एग्रीमेंट अब तक जिला पश्चिम चंपारण,बेतिया के डीएम द्वारा नही किया जा रहा है और मिलने पर सिर्फ एक सप्ताह फिर एक सप्ताह कहते कहते साल निकल गया जबकि हैंड ओवर करने और लीज एग्रीमेंट करने हेतु संबंधित विभाग सूचना एव जनसंपर्क विभाग, सूचना भवन, बेली रोड,पटना के द्वारा लगातार कई बार बेतिया डीएम के पास पत्र भी भेजा गया है। पत्रकारों का शीर्ष संगठन भारतीय



ऑल मीडिया पत्रकार संघ लीज एग्रीमेंट के सारे शर्तो को मानने के लिए भी तैयार है। साथ ही इस पर आने वाले मिसलिनियस खर्च को अपने स्तर से वहन करने को भी तैयार हैं। फिर भी पश्चिम चंपारण जिला प्रशासन द्वारा पत्रकारों के हित के लिए बने "प्रेस क्लब" को देने मे कोई दिलचस्पी नहीं दिखाना और नाही इस से संबंधित किसी भी पत्र का उत्तर दिया जाना। यही लग रहा है कि पत्रकारों और पत्रकारिता के प्रति समर्पित न होना सवालिया निशान खड़ा कर दिया है। इस विषय पर और पत्रकारिता के मान मयार्दा सहित चौथे स्तंभ के लिए बिहार राज्य के सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री महेश्वर हजारी से मिलकर भारतीय ऑल मीडिया पत्रकार संघ के राष्ट्रीय महासचिव सह अध्यक्ष प्रेस क्लब ऑफ बेतिया डॉ अमानुल हक और दर्जनों वरिष्ठ पत्रकारो ने मिलकर एक दो पन्ना के ज्ञापन दिया और साथ प्रेस क्लब बिल्डिंग को लेकर हस्तक्षेप करने की मांग की गई। वरिष्ठ पत्रकार अमानुल हक ने सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री से कहा कि बेतिया पश्चिम चंपारण की धरती आजादी का एक हिस्सा भी रहा है। पत्रकारों के लिए बने इस प्रेस क्लब ऑफ बेतिया के भवन में जिला प्रशासन को अपने कब्जा में जबरन रखना जनता और प्रेस की आजादी पर प्रश्न चिन्ह भी खड़ा करता है। विभाग के मंत्री होने के नाते आप से पत्रकारों का आग्रह है कि प्रेस कलब ऑफ बेतिया का भवन हमे अपने माप दंड के अनुसार दिलाने का कृपा करे और साथ ही पत्रकार समाज आप के प्रति समर्पित रहेंगे।

# धरती पर हर बच्चे बच्चियों को बेहतर एवं स्वस्थ्य जीवन जीने का है अधिकार विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न।

## यूनिसेफ की स्थापना की 78 वी वर्षगांठ के अवसर पर सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन, मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा भव्य कार्यक्रम का आयोजन।

(वर्ल्ड न्यूज फीचर नेटवर्क)

**बेतिया।** यूनिसेफ की स्थापना की 78 वीं वर्षगांठ के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर अंतरराष्ट्रीय पीस एंबेसडर सह सचिव सत्याग्रह रिसर्च फाउंडेशन डॉ एजाज अहमद अधिवक्ता, डॉ सुरेश कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार सह संस्थापक मदर ताहिरा चैरिटेबल ट्रस्ट डॉ अमानुल हक एवं सामाजिक कार्यकर्ता नवीदूं चतुवेर्दी ने संयुक्त रूप से कहा कि प्रत्येक वर्ष पूरी दुनिया में 11 दिसंबर को यूनिसेफ दिवस के रूप में मनाया जाता है ।इस अवसर पर एक सेमिनार का भी आयोजन किया गया जिस का विषय था "धरती पर हर बच्चे बच्चियों को बेहतर एवं स्वस्थ्य जीवन जीने का अधिकार "। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि पूरे विश्व में 11 दिसंबर को यूनिसेफ स्थापना दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने 11 दिसंबर, 1946 को संयुक्त राष्ट्र बाल आपातकालीन कोष संगठन का गठन किया था। इस संगठन के गठन का लक्ष्य द्वितीय विश्व युद्ध के बाद आपूर्ति,




सहायता और स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा एवं बच्चों के सामान्य कल्याण में सुधार करना था। द्वितीय विश्व युद्ध की समाप्ति के बाद पूरी दुनिया में भुखमरी और कुपोषण जैसी समस्या उत्पन्न हो गई थी। इससे सबसे ज्यादा प्रभावित छोटे बच्चे थे। यह संगठन खासकर बच्चों के उत्थान के लिए काम करती है। यह संगठन 1953 में संयुक्त राष्ट्र की एक स्थाई एजेंसी बन गया था। इस दिन पूरी दुनिया में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें विभिन्न देशों के प्रतिनिधि सम्मिलित होते हैं। इन सम्मेलनों में बच्चे के जीवन को और बेहतर बनाने और उनके अधिकारों की रक्षा करने की रूपरेखा तैयार की जाती है। जिसके आधार पर पूरे वर्ष बच्चों के उत्थान के लिए काम किया जाता है। यूनिसेफ विशेष रूप से कम विकसित देशों और विभिन्न आपातकालीन स्थितियों में बच्चों के जीवन में सुधार के लिए कई तरह के कार्यक्रम चलाया जाता है।यूनिसेफ संगठन से जुड़े हुए सभी देश 11 दिसंबर को अपने यहां खास कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। इसमें बच्चों के उत्थान से जुड़े संगठनों और प्रतिनिधि को बुलाया जाता है। जिसमें उन्हें यूनिसेफ के आगामी कार्यक्रम की जानकारी देने के साथ उनसे भी सुझावों मांगे जाते हैं। इन सुझाव के आधार पर यूनिसेफ अपनी योजनाएं बनाता है। इसके अलावा जिन देशों में बच्चों की स्थिति काफी दयनीय है, उनकी स्थिति में सुधार करने के लिए आर्थिक मदद की घोषणाएं की जाती है। आज के समय में यूनिसेफ संगठन के साथ मिलकर 190 देश काम कर रहे हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### सेफ्टी जाली विहीन ट्रांसफार्मर कभी भी बन सकता दुर्घटना का कारण

जालौन-उरई । नगर के प्राचीन चौपाला कुंआ के चबूतरे पर ट्रांसफार्मर रखे हैं। ट्रांसफार्मर के पास बिजली के तार लंबे समय से खुले पड़े हैं। चबूतरे पर खुले तार व सेफ्टी जाली विहीन ट्रांसफार्मर कभी भी दुर्घटना का कारण बन सकते हैं। मोहल्ले के लोगों ने समस्या का समाधान कराने की मांग बिजली विभाग के अधिकारियों से की है। सरकार बिजली से होनी वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए प्रयास कर रही है। इसके लिए खुले तार हटाने के साथ ट्रांसफार्मर के आसपास सेफ्टी जाली लगाई जा रही है। इसके अलावा बिजली तारों के नीचे जाल भी लगाया जा रहा है। बिजली व्यवस्था को लेकर बिजली विभाग के नोडल अधिकारी मनीष द्विवेदी कुछ माह पूर्व तीन दिवसीय जनपद भ्रमण पर आए थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने मीटर रीडर के साथ नगर में भ्रमण कर बिजली चोरी को लेकर चेकिंग की थी। साथ ही व्यस्थाओं को सुधारने के निर्देश दिए थे। नगर के प्राचीन चौपाला कुंआ के चबूतरे पर बिजली विभाग के दो ट्रांसफार्मर लगे हुए हैं। ट्रांसफार्मरों के आसपास आए दिन स्पार्किंग होती है। जिससे लोगों में डर बना रहता है। इसके बाद भी बिजली विभाग मूकदर्शक बना हुआ है। ट्रांसफार्मर के पास तार खुले पड़े हैं। आसपास बच्चे खेलते रहते हैं व जानवर घूमते रहते हैं। खुले तारों से दुर्घटना घट सकती है। मोहल्ले के नरेंद्र कुशवाहा, स्वदेशचंद्र विश्वकर्मा, सुधांशु याज्ञिक, उपेंद्र याज्ञिक, शंकर रजक, महेश ओझा आदि ने मांग की है कि ट्रांसफार्मर के खुले पड़े तारों के आगे जाली लगायी जाए। जिससे किसी तरह की होने वाली अप्रिय घटना को रोका जा सके।

### कोटेदार द्वारा निर्धारित मात्रा में राशन न देने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम से की

जालौन-उरई। कोटेदार द्वारा निर्धारित मात्रा में राशन न देने की शिकायत ग्रामीणों ने एसडीएम को शिकायती पत्र देकर की है। तहसील क्षेत्र के ग्राम मदारीपुर निवासी ओमप्रकाश, बुद्धलाल, रामरतन, विनोद कुमार, रामसिया, अजब कुमार, महेश, महेंद्र सिंह आदि ने एसडीएम विनय मौर्य को शिकायती पत्र देकर बताया कि उनके गांव के कोटेदार द्वारा कार्डधारकों को पूरी सामग्री नहीं दी जाती है। आरोप लगाया कि शासन द्वारा जो सामग्री आती है उसमें तौल में गड़बड़ी कर कार्डधारकों को सामग्री दी जाती है। इतना ही नहीं समय से राशन का वितरण भी नहीं किया जाता है। कार्डधारकों को राशन लेने के लिए तीन चार बार तक चक्कर लगाना पड़ता है। इस बाबत पूर्व में भी ग्रामीण शिकायत कर चुके हैं, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई न होने मामला जस का तस चल रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि उचित दर की दुकान की जांच कराई जाए और कार्ड धारकों को निर्धारित मात्रा में राशन उपलब्ध कराया जाए।

### सवारी बस बापस न करने की पुलिस से शिकायत की

**कोंच।** सवारी बस वापस न करने से परेशान बस मालिक ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तीतरा निवासी विजय जाटव ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बीती 13 नवंबर को ग्राम लाउन थाना समथर निवासी एक व्यक्ति उसकी बस यूपी 75 एम 7653 एक चक्कर सवारी ले जाने की बात कह कर ले गया था। एक माह बीत जाने के बाद भी अब वह उसकी बस वापस नहीं कर रहा है और उल्टे धमकी दे रहा है। पीड़ित विजय ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# कृषि उत्पादन आयुक्त ने निगम परियोजना कार्यालय व इख्लासपुरा में कृषकों के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया

■ उरई

उत्तर प्रदेश शासन की कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस गर्ग ने आज बीज विकास निगम परियोजना कार्यालय व इख्लासपुरा में कृषकों के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने बीज विधायन संयंत्र का गहनता से अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही, उन्होंने किसानों के साथ संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना। उन्होंने बीज उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण और वितरण की प्रक्रिया की जानकारी ली। उन्होंने बीज विधायन संयंत्र के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुधारों पर चर्चा की। उन्होंने किसानों से संवाद करते हुए उनके अनुभवों और खेती से संबंधित समस्याओं को जाना। उन्होंने किसानों को कृषि संबंधित विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने की किसानों को सलाह दी और उनके कृषि कार्यो



में हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है और कृषि क्षेत्र में तकनीकी और वित्तीय सहायता को बढ़ावा देने के लिए निरंतर कार्यरत है। कृषि उत्पादन बीज विधायन संयत्र में मूंग फसल के विधायन का कार्य को देखा एवं बीज की गुणवत्ता की जांच की। उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक दशा में बीज की गुणवत्ता सुनिश्चित रखें एवं बीज उत्पादन क्षमता बढायें तथा अधिक से अधिक कृषकों को बीज उत्पादन कार्यक्रम से जोड़ने के निर्देश दिये। बीज उत्पादकों से उनके द्वारा उत्पादित किये जा रहे बीजों की जानकारी ली।

कृषि उत्पादन आयुक्त ने ग्राम भिटारा विकास खण्ड जालौन में स्थित सोर्टेक्स मशीन एवं विधायन संयत्र तथा कोल्ड स्टोर का निरीक्षण किया गया। उपस्थित कृषक रामराजा निरंजन से किये जा रहे कार्यो की जानकारी ली गयी तथा बीज की गुणवत्ता को परखा एवं उपस्थित अन्य कृषकों से संवाद स्थापित किया गया। ग्राम इखलाशपुरा पहुँचकर बीज उत्पादक कृषकों के प्रक्षेत्र का निरीक्षण किया एवं उपस्थित बीज उत्पादकों से संवाद किया गया। कृषि उत्पादन आयुक्त उपस्थित परियोजना अधिकारी को बीज उत्पादकों को तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराकर अच्छी गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पकज त्रिपाठी प्रबन्ध निदेशक उ0प्र0 बीज विकास निगम लखनऊ, योगेश कुमार संयुक्त मुख्य बीज उत्पादन अधिकारी उ0प्र0 लखनऊ, डा0 एल0बी0 यादव, संयुक्त कृषि निदेशक झॉसी मण्डल झॉसी, एस0के0 उत्तम, उप कृषि निदेशक, गौरव यादव, जिला कृषि अधिकारी, सुनील कुमार, परियोजना अधिकारी, उ0प्र0 बीज विकास निगम, एवं बीज उत्पादक कृषक उपस्थित रहें।

# इंटर कालेज के निरीक्षण में कम छात्र मिलने पर एसडीएम ने जतायी नाराजगी



■ कालपी-उरई

बुधवार को स्थानीय नगर की प्रमुख शिक्षण संस्था एमसी इंटर कॉलेज में शिक्षा की हकीकत को परखने के लिये उपजिलाधिकारी सुशील का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान विद्यालयों में अध्ययनरत बच्चों की संख्या कम होने पर नाराजगी जताते हुए शिक्षकों को आवश्यक निर्देश दिए।

जिलाधिकारी राजेश कुमार पांडेय के निर्देशन के अनुरूप उपजिलाधिकारी ने एम एस वीं इंटर कालेज कालपी का निरीक्षण किया। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने विद्यार्थियों से कई विषयों से संबंधित प्रश्न पूछें, बच्चों के सही जबाब देने पर अधिकारियों ने संतोष व्यस्त किया। इसी क्रम में उन्होंने विधालय में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 9 सौ है। जबकि में करीब 50 प्रतिशत विधार्थी उपस्थित पाये गए। उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने शिक्षकों से विद्यालयों में बच्चों की संख्या बढ़ाने के लिए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षकों को निर्देश दिए कि शिक्षा की गुणवत्ता ठीक रखी जाए तथा छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बढाई जाए। इस दौरान प्रधानाचार्य सुशील कुमार शाक्य संतोष द्विवेदी अमित मिश्रा अतुल दीक्षित आज शिक्षक प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# भाजपा नगर अध्यक्ष को लेकर कार्यकर्ताओं में बड़ी सरगर्मी

■ कालपी-उरई

मामला केंद्र एवं प्रदेश सरकार में सत्ताधारी दल भारतीय जनता पार्टी के नगर स्तरीय महत्वपूर्ण पद का है, इस वजह से कालपी मंडल नगर अध्यक्ष के संगठनात्मक चुनाव को लेकर संभावित दावेदारों के बीच सरगर्मिया बहुत ही तेज चल रही हैं।

दरअसल भाजपा के संगठनात्मक चुनाव को निपटाने के लिए प्रदेश के जल शक्ति मंत्री सौतन देश सिंह के प्रतिनिधि अरविंद सिंह चौहान को कालपी मंडल का निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। जिले के निर्वाचन अधिकारी प्रतापपुर के विधायक सुभाष त्रिपाठी, जिलाध्यक्ष उर्विजा दीक्षित, क्षेत्रीय अध्यक्ष संजीव उपाध्याय आदि शीर्ष नेता कार्यकर्ताओं के बीच नवब्ज टटोल चुके हैं। शक्ति केंद्र प्रभारियों के बीच बूथ कमेटियों का कार्य भी पूरा हो चुका है।

कालपी मंडल यानी नगर अध्यक्ष पद को लेकर कई संभावित नाम चर्चाओं में चल रहे हैं। लेकिन पार्टी नेतृत्व ने नगर अध्यक्ष के पद के लिए जो 35 से 45 वर्ष के बीच का जो मानक निर्धारित किया है उससे कई दावेदार आउट हो सकते हैं। समझा जाता है कि अगर जनपद में सामाजिक समीकरण बैठना पड़े तो पुराने चेहरे की नियुक्ति हो सकती है। संभावित दावेदारों की गणना की जाए तो वर्तमान नगर अध्यक्ष भारत सिंह यादव मात्र एक साल का ही कार्यकाल पूरा कर सके हैं। नेतृत्व अगर मेहरबान हुआ तो वह पुनः नगर अध्यक्ष बन सकते हैं, उनकी नियुक्ति में 50 वर्ष से अधिक उम्र आढ़े आ रही है।

# गल्ला मंडी में भाकियू की मासिक पंचायत सम्पन्न

**कोंच।** भारतीय किसान यूनियन की मासिक पंचायत गल्ला मंडी में चंद्रपाल पटेल बोहरा की अध्यक्षता में आयोजित की गयी जिसमें उपस्थित किसानों ने अपनी समस्यायें रखीं। संगठन के पदाधिकारियों ने तहसील अध्यक्ष चतुर सिंह के साथ तहसील पहुंचकर



उपजिलाधिकारी कार्यालय में ज्ञापन देकर समस्याओं को दूर किए जाने की मांग की।पंचायत में किसानों ने सिमिरिया से अकोढी गाँव के बीच स्थित 4 किमी की जर्जर सड़क का डामरीकरण कराये जाने, फसलों की सिंचाई के लिए कम से कम 18 घंटे बिजली आपूर्ति दिए जाने, ग्राम रवा और भेंड़ में अन्ना सांड सहित अन्य गांवों में अन्ना गौवंशों को गौशालाओं में बंद किए जाने, सहकारी समितियों पर डीएपी और यूरिया खाद उपलब्ध कराए जाने और अनावश्यक रूप से खाद के साथ में कोई पैकेट न दिए जाने, खरीफ फसलों के नुकसान पर अभी तक जो बीमा राशि नहीं दी गयी है वह शीघ्र ही दिलाए जाने, बीते महिनों पूर्व अतिवृष्टि से गिरे घरों के एवज में मुआवजा दिए जाने, रुकी हुई वृद्धावस्था पेंशन दिलाए जाने सहित अन्य तमाम मांगे रखीं। पंचायत में तहसील महासचिव डॉ पीडी निरंजन, भगवानसिंह, रामसिंह , चंद्रपाल पटेल, महेंद्र सिंह कुशवाहा, गणेश प्रसाद आदि किसान मौजूद रहे।

# छात्रवृति न मिलने की एसडीएम से शिकायत की

■ कोंच

मथुरा प्रसाद महाविद्यालय में छात्रों ने छात्रवृत्ति सहित अन्य समस्याओं को लेकर उपजिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर समस्याओं के निस्तारण किए जाने की मांग की है।छात्रों ने एसडीएम ज्योति सिंह को प्रार्थनापत्र में बताया कि ऑनलाइन छात्रवृत्ति फॉर्म भर कर महाविद्यालय कार्यालय में छात्र छात्राओं ने प्रिंटआउट जमा किए थे लेकिन महाविद्यालय के जिम्मेवारों की गलती से तमाम छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति योजना का लाभ नही मिल पा रहा हैं। इसके अलावा शिकायती पत्र में बताया गया कि महाविद्यालय द्वारा करीब 2 सैकड़ा छात्र छात्राओं के इंटरनल एग्जाम के नंबर नहीं चढ़ाए गए हैं जिससे विश्वविद्यालय द्वारा जारी रिजल्ट में




संबंधित सभी छात्र छात्राओं के अंकपत्र में आरडीएमडब्ल्यू लिख कर आया है। इस लापरवाही पर विश्विद्यालय द्वारा महाविद्यालय पर अर्थदण्ड लगाया गया है लेकिन महाविद्यालय द्वारा छात्र छात्राओं से अर्थदण्ड के रूप में वसूली की जा रही है। महाविद्यालय की लापरवाही से अब विश्वविद्यालय की ऑनलाइन शुल्क भी जमा नहीं हो पा रही है जिसके चलते परीक्षा से वंचित रहने की आशंका से संबंधित छात्र छात्राएं परेशान हैं। छात्रों ने एसडीएम से उक्त सभी समस्याओं का निराकरण किए जाने की मांग की है। शिकायती पत्र देने वाले छात्रों में शिवांश श्रीवास्तव, नीरज, करन, गौरव, आनंद, धीरज, आलोक, श्यामजी आदि शामिल रहे।

# पहाड़गांव गौशाला की हालत बद से बत्तर

■ कोंच

विकास खंड कोंच के पहाड़गाँव में गौवंशों हेतु बनी गौशाला की हालत बुरी नजर आ रही है। प्रधान से लेकर सचिव गौशाला की व्यवस्था को लेकर लापरवाह नजर आ रहे हैं और गौशालाओं की समुचित व्यवस्था के प्रति शासन के सख्त निर्देशों की खुलेआम अवहेलना करते हुए देखे जा रहे हैं।

बुधवार की सुबह गौशाला के नजदीक ही एक गौवंश मृत अवस्था में सड़क किनारे पड़ा हुआ मिला जिसके शरीर पर कुत्तों द्वारा नोंचे जाने के निशान भी दिखाई दे रहे थे लेकिन गौशाला की व्यवस्थाओं में लगे लोगों ने मृत गौवंश को सम्मानपूर्वक दफनाये जाने की जरा भी नहीं सोची। ग्रामीण रवि राजपूत ने बताया कि उक्त गौवंश की मौत भूख प्यास और बीमारी से गौशाला में ही हो गयी थी और फिर मृत गौवंश को यहां लाकर फेंक दिया गया। रवि ने बताया कि इसकी सूचना दूरभाष के माध्यम से सीडीओ को दी गयी जिसको लेकर सीडीओ ने कोंच बीडीओ सहित पशु अधिकारी को मौके पर जाकर कार्यवाही किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# विधायक के आवास पहुंचा सुनार वर्चस्व अग्रवाल विवाद

## दोनों पक्षों को सुन विधायक ने करवाया समझौता

■ कोंच

सुनार और सर्राफ के बीच दो दिन से चल रहे हाई वोल्टेज विवाद का विधायक मूलचंद्र निरंजन की मौजूदगी में निपट गया। वही दूसरी ओर सड़कों पर बवाल काटने वालों पर कार्यवाही किए जाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह और प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने सीसीटीवी फुटेज खंगालने में लगे हैं।उन्होने कई दुकानो पर जाकर कैमरे चैक किए तथा बवाल काट रहे लोगो को चिन्हित किया।क्षेत्राधिकारी अर्चना सिंह और प्रभारी निरीक्षक अरुण कुमार राय ने रामगंज बाजार और उसके आसपास जिन प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरे लगे हैं उन्हें चेक किए हैं।

बताते चलें कि रविवार को नगर के सर्राफा व्यवसाई प्रभंजन गर्ग ने एक ग्राहक राकेश देवी के सोना गलाने के नाम पर धोखाधड़ी की थी। और संपूर्ण सुनारो को चोर बताया था इस बात से नाराज सुनारों सर्राफ के खिलाफ मोर्चा खोल दिया कि सर्राफ ने कथित तौर पर सभी सुनारों को चोर कहा। यह मामला रविवार की देर रात तब और तूल पकड़ गया जब प्रभंजन के प्रतिष्ठान के पास सुनार विरादरी के एक व्यक्ति के साथ मारपीट हो गई और और दोनों विरादरियों अग्रवाल एवं सुनार के सैकड़ों लोगों ने आमने-सामने आकर एक दूसरे पर गालियों की बौछार करने लगे इतना ही नही देखते ही देखते स्थिति तनावपूर्ण हो गयी। झगड़े की सूचना पर पहुंची पुलिस के सामने भी ये भीड़ बेकाबू रही तब पुलिस को लाठियां चलाकर भीड को खदेड़ना पड़ा था। दोनों ओर से तहरीरें भी पुलिस के पास पहुंच गईं थीं लेकिन बताया जा रहा है कि मामला विधायक मूलचंद्र निरंजन के यहां पहुंचा उन्होंने दोनों पक्षो के बीच मध्यस्थता करके मामले का पटाक्षेप करा दिया और दोनों पक्ष समझौता करने को तैयार हो गए।

## संक्षिप्त समाचार

### नए आयाम स्थापित कर रहा है राजस्थान: प्रधान



**नई दिल्ली।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राजस्थान विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 2047 तक दुनिया की सबसे ताकतवर अर्थव्यवस्थावाला देश बनेगा तथा राजस्थान भारत का अग्रणी राज्य होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया के प्रत्येक कोने में राजस्थान का उद्यमी मौजूद है तथा प्रत्येक राजस्थानी अब आर्थिक व सामाजिक क्षेत्रों में नई ऊंचाइयां छू रहा है।

### राजमार्ग पर मिले संदिग्ध आईईडी को नष्ट किया



**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने बुधवार को हंदवाड़ा-बारामूला राजमार्ग पर एक संदिग्ध आईईडी का पता लगाकर उसे नष्ट कर दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस और सेना के संयुक्त गश्ती दल को कुपवाड़ा जिले के हंदवाड़ा क्षेत्र स्थित लंगेट में राजमार्ग के किनारे एक संदिग्ध बैग मिला। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ते को मौके पर भेजा गया और संदिग्ध बैग को एक निर्जन इलाके में ले जाया गया। अधिकारियों ने बताया कि बम निरोधक दस्ते ने संदिग्ध आईईडी को नष्ट कर दिया।

### अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर, तीन की मौत



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद जिले के क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में सड़क पार कर रहे कुछ लोगों को एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से दो महिलाओं समेत तीन लोगों की मौत हो गई। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि घटना मंगलवार रात को हुई। शहर में स्थित विजय नगर कॉलोनी के पास राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या नौ पर सड़क पार कर रहे चार लोगों को किसी वाहन ने टक्कर मार दी, जिसकी वजह से वे गंभीर रूप से घायल हो गये। क्रॉसिंग रिपब्लिक की थानाध्यक्ष प्रीति गर्ग ने बताया कि गौतमबुद्ध नगर के दादरी के निवासी पवन कुमार (45) की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी।

द्विपक्षीय संबंधों को और बेहतर बनाने पर चर्चा करेंगे भारत और यूएई

# संयुक्त अरब अमीरात के विदेश मंत्री से मुलाकात करेंगे जयशंकर

एजेंसी, नई दिल्ली

विदेश मंत्री एस जयशंकर और उनके यूएई के समकक्ष अब्दुल्ला बिन जायद अल नाहयान आज दिल्ली में अहम बैठक करने जा रहे हैं। इस बैठक में भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच अपनी पहले से मजबूत रणनीतिक साझेदारी को और बेहतर बनाने के साथ सीरिया में तख्तापलट पर भी चर्चा की जाएगी। जयशंकर और शेख अल नाहयान भारत और यूएई के बीच संबंधों के संपूर्ण आयाम की समीक्षा करेंगे और रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित करेंगे। यह बैठक इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि यह सीरिया में सत्ता



परिवर्तन के तुरंत बाद हो रही है। बैठक में ये भी चर्चा का विषय होगा। दरअसल, पश्चिम एशिया एक महत्वपूर्ण मोड़ पर है, क्योंकि एक ओर इजरायल और ईरान के बीच तनाव बढ़ रहा है वहीं, दूसरी ओर सीरिया में स्थिति बेहद अस्थिर है और तुर्की भी सीरिया पर हमले कर रहा है।

### द्विपक्षीय व्यापार बढ़ाने पर भी होगी चर्चा

जयशंकर और उनके समकक्ष मध्य-पूर्व में संकटों पर विस्तार से चर्चा करेंगे। वहीं, जयशंकर और शेख अल नाहयान भारत और यूएई के बीच द्विपक्षीय रिश्तों को और बेहतर बनाने पर भी वार्ता करेंगे। दोनों के बीच व्यापार, निवेश, सांस्कृतिक और वैज्ञानिक संबंध बढ़ाने पर भी बातचीत होगी। इसके बाद शेख अल नाहयान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात करेंगे।

### पीएम मोदी के दौरे से बदले भारत-यूएई के संबंध

अगस्त 2015 में प्रधानमंत्री मोदी ने यूएई की यात्रा की थी, जो ऐतिहासिक रही थी, क्योंकि दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को व्यापक रणनीतिक साझेदारी में बदलने का काम किया गया था। दोनों देशों ने 2022 में ऐतिहासिक व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौते या सीईपीए पर भी हस्ताक्षर किए, जिसके चलते दोनों देशों में तेजी से व्यापार और निवेश बढ़ा। व्यापार सौदे के कारण कई टैरिफ समाप्त हो गए और अन्य शुल्कों में उल्लेखनीय कमी आई।

### वीजा नियम बदलने का मुद्दा भी उठाएंगे जयशंकर

जयशंकर यूएई में नए नियम बनने के बाद भारतीयों के वीजा आवेदन रद्द होने का मुद्दा भी इस बैठक में उठा सकते हैं। दुबई के वीजा विभाग ने हाल ही में पर्यटक वीजा के लिए सख्त नियम बनाए हैं, जिसके तहत यात्रियों को क्यूआर कोड के साथ होटल बुकिंग दस्तावेज और उनकी वापसी टिकट की एक प्रति प्रदान करना अनिवार्य कर दिया गया है। रिश्तेदारों के साथ रहने वाले यात्रियों के लिए, बाद वाले को आवास का अतिरिक्त प्रमाण चाहिए।

गंगा पूजन के साथ दुनिया भर के लोगों को अध्यात्मिक नगरी में आने का आमंत्रण भी देंगे

# संगम नगरी में कल गंगा पूजन करेंगे प्रधानमंत्री

- **किला घाट से प्रधानमंत्री संगम नोज पहुंचेंगे और गंगा पूजन के साथ संतों से वार्ता करेंगे**
- **गंगा पूजन के बाद प्रधानमंत्री संगम नोज पर ही बने पंडाल में सभा को संबोधित करेंगे**

एजेंसी, प्रयागराज

संगम की रेती पर अस्थायी तौर पर बसने वाले महाकुंभ नगर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को चार घंटे तक रहेंगे। इस दौरान वह गंगा पूजन के साथ दुनिया भर के लोगों को इस अध्यात्मिक नगरी में आने का आमंत्रण भी देंगे। महाकुंभ का आयोजन 13 जनवरी से शुरू होकर 26 फरवरी तक चलेगा। प्रधानमंत्री शुक्रवार को गंगा पूजन के साथ इसकी शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री विशेष विमान से करीब 11:25 बजे बमरौली एयरपोर्ट पर उतरेंगे। वहां से हेलीकॉप्टर से अरैल जाएंगे। अरैल से निषादराज क्रूज से किला घाट आएंगे। किला घाट से प्रधानमंत्री संगम नोज पहुंचेंगे और गंगा पूजन के साथ संतों से वार्ता करेंगे। प्रधानमंत्री सरस्वती कूप, अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन करेंगे। प्रधानमंत्री के संगम स्नान की बात भी कही जा रही है। इसे ध्यान में रखकर तैयारी की गई है। गंगा पूजन के बाद प्रधानमंत्री संगम नोज पर ही बने पंडाल में सभा को संबोधित करेंगे। इससे पहले वह 7,000 करोड़ रुपये से अधिक की करीब छह सौ निर्माण परियोजनाओं का लोकार्पण करेंगे। प्रधानमंत्री इसी मंच से शृंग्वेरपुर धाम में बने घाट, निषादराज पार्क और गले मिलते भगवान राम व निषादराज की प्रतिमा का वर्चुअल लोकार्पण करेंगे। इसी के साथ शृंग्वेरपुर में बनने वाले गंगा रिवर फ्रंट व संग्रहालय का शिलान्यास भी करेंगे।



### अखाड़ा प्रतिनिधियों से करेंगे संवाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को अखाड़ों के श्रीमहंतों-महामंडलेश्वरों के साथ महाकुंभ को लेकर संवाद करेंगे। संवाद में 13 अखाड़ों के 26 प्रतिनिधि शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के साथ संवाद के लिए चयनित अखाड़ों के प्रतिनिधियों को बुधवार को सूचीबद्ध कर लिया गया। पीएम मोदी के साथ संवाद के लिए हर अखाड़े से दो-दो पदाधिकारियों को चुना गया है। अखाड़ों के अलावा आचार्यवाड़ा, दंडीवाड़ा और खाक चौक के भी संत इसमें शामिल होंगे।

### 15 किस्म के गुलाब से मोदी का होगा स्वागत

प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत 4,000 क्विंटल फूलों से होगा। स्वागत के लिए 15 किस्म के गुलाब मंगाए गए हैं। कर्नाटक, पश्चिम बंगाल और दिल्ली के 32 प्रजातियों के फूल व जिप्सो व बेबीज ब्रीथ जैसे विदेशी फूल भी वातावरण को महकाएंगे। इसके अलावा कोलकाता से गेंदे के फूल की दो किस्में आई हैं। इसी तरह लिली व आर्किड के फूल भी मंगाए गए हैं। यही नहीं कई विदेशी प्रजाति के फूल भी शामिल हैं।

### हला एआई निगरानी वाला आईसीयू वार्ड तैयार

महाकुंभ मेला क्षेत्र में छावनी अस्पताल ने देश का पहला एआई निगरानी वाला आईसीयू वार्ड तैयार किया है। आम कैमरों को संजीवनी एआई साफ्टवेयर से जोड़कर मात्र 3200 रुपये में यह उपलब्धि हासिल की गई है। मरीजों के उलझन, छाती में दर्द, सांस फूलना, दर्द और घबराहट बोलते ही शीर्ष तीन अफसरों के फोन पर अलार्म बजेगा।

### ब्रिटेन में सड़क हादसे में भारतीय छात्र की मौत

**लंदन।** पूर्वी इंग्लैंड के लीसेस्टरशायर में सड़क दुर्घटना में एक भारतीय छात्र की मौत हो गई। हादसे में चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। लीसेस्टरशायर की पुलिस ने बताया कि हादसा मंगलवार सुबह हुआ, जिसमें एक कार के खाई में गिर जाने से उसमें सवार चिरंजीवी पंगुलुरी की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला, दो पुरुष और चालक घायल हो गए। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने बताया कि वाहन चालक (27) को खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था, लेकिन उसे जमानत पर रिहा कर दिया गया है। पुलिस के मुताबिक, चिरंजीवी पंगुलुरी (32), माजदा-3 तमुरा में सवार होकर लीसेस्टर से मार्केट हार्बरो की ओर जा रहे थे, तभी यह वाहन एक खाई में जा गिरा।

नवंबर की शुरुआत में शी को आमंत्रित किया

# ट्रंप ने शी चिनफिंग को दिया न्यौता, क्या शपथग्रहण में जाएंगे शी जिनपिंग

एजेंसी, वाशिंगटन, डीसी (अमेरिका)

राष्ट्रपति पद के लिए चुने गए डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग को 20 जनवरी को अपने शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया है। इसकी जानकारी सीबीएस न्यूज ने सूत्रों के हवाले से दी गई है। रिपोर्ट के अनुसार, ट्रंप ने चुनाव के तुरंत बाद नवंबर की शुरुआत में शी को आमंत्रित किया था, लेकिन यह स्पष्ट नहीं था कि चीनी राष्ट्रपति ने निमंत्रण स्वीकार किया है या नहीं। वाशिंगटन में चीनी दूतावास के प्रवक्ता ने तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। राष्ट्रपति-चुनाव की टीम जनवरी में कैपिटल में कई विश्व नेताओं की मेजबानी करने के लिए तैयार है। हंगरी के प्रधानमंत्री विक्टर ओर्बन, जिनके ट्रंप के साथ मधुर संबंध हैं और जिन्होंने इस सप्ताह मार-ए-लागो में उनसे मुलाकात की, वे अभी भी इस बात पर विचार कर रहे हैं कि क्या वे इसमें शामिल होंगे। ट्रंप की प्रवक्ता कैरोलिन लेविट ने कहा, विश्व के नेता राष्ट्रपति ट्रंप से मिलने के लिए कतार में खड़े हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि ट्रंप जल्द ही सत्ता में लौटेंगे और अमेरिकी ताकत के माध्यम से विश्व भर में शांति बहाल करेंगे। हाल ही में, ट्रंप ने चीन से आयातित वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी दी है, साथ ही कहा कि अमेरिकी सरकार ने टिकटॉक की चीनी मूल कंपनी बाइटडांस को सोशल मीडिया ऐप बेचने या अमेरिका में प्रतिबंध का सामना करने के लिए ट्रंप के उद्घाटन की पूर्व संध्या 19 जनवरी तक की समय सीमा तय की है। टिकटॉक वर्तमान में अदालत में प्रतिबंध के खिलाफ लड़ाई लड़ रहा है, पिछले सप्ताह प्रतिबंध को रोकने के लिए एक बोली हारने के बाद, वह मामले को सुप्रीम कोर्ट में अपील कर रहा है।



### अर्धसैनिक बलों के हमले में 15 लोगों की मौत

**खार्तूम।** सूडान के उत्तरी दारफुर राज्य की राजधानी एल फशर के दक्षिण में एक विस्थापन शिविर और एक बाजार पर अर्धसैनिक बल रैपिड सपोर्ट फोर्स (आरएसएफ) ने तोपखाने से गोले दागे, जिसमें कम से कम 15 लोगों की मौत हो गई और 64 अन्य घायल हो गए। उत्तरी दारफुर राज्य के स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक इब्राहिम ख़ातिर ने समाचार एजेंसी सिन्हुआ को बताया, अब तक 15 लोग मारे गए हैं और 64 अन्य घायल हुए हैं। वहीं जमजम शिविर और पशुधन बाजार पर आरएसएफ मिलिशिया का हमला अभी भी जारी है। हताहतों में ज्यादातर बच्चे और महिलाएं हैं। एक प्रत्यक्षदर्शी ने स्थानीय समयानुसार गुरुवार सुबह 6:00 बजे हुए हमले को सबसे हिंसक बताया।

तालिबान की नीतियों की निंदा

# एंटनी ब्लिंकन ने की मानव अधिकार के उल्लघन की आलोचना

एजेंसी, वाशिंगटन

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने बुधवार को अफगानिस्तान में मानवाधिकारों के उल्लंघन की आलोचना की और अफगान महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ तालिबान की नीतियों की निंदा की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की समाज में पूरी और समान भागीदारी सिर्फ समानता का मामला नहीं है, बल्कि यह जरूरी भी है। अमेरिकी विदेश मंत्री ने एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि अमेरिका तालिबान के भेदभावपूर्ण आदेशों की आलोचना करता है, जो अफ़गान महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों और जीवन को खतरे में डालते हैं। उन्होंने कहा हम अफगान महिलाओं और लड़कियों का दृढ़ समर्थन करते हैं। बता दें कि हाल ही में अफगानिस्तान के पूर्व राष्ट्रपति हामिद करजई ने अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के विशेष प्रतिनिधि से मुलाकात की और अफगान लड़कियों के लिए स्कूलों और विश्वविद्यालयों को फिर से खोलने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शिक्षा को अफगान महिलाओं और लड़कियों के सशक्तिकरण और देश में समावेशी समाज की दिशा में महत्वपूर्ण बताया।

### अमेरिकी विदेश विभाग का बयान



अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा कि अफ़गान महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों के समर्थन में अमेरिका हमेशा खड़ा रहेगा और समाज में उनकी पूरी भागीदारी के लिए सभी अफ़गानों के साथ रहेगा। विभाग ने अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से तालिबान के इन आदेशों की आलोचना करने और अफ़गान महिलाओं और लड़कियों का समर्थन करने का आह्वान किया।

### ब्लिंकन की अपील

ब्लिंकन ने अजरबैजान से भी मीडिया और नागरिक समाज के खिलाफ अपनी कार्रवाई को रोकने और अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का पालन करने की अपील की। उन्होंने लिखा कि हम अज़रबैजान से अपने अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार दायित्वों का सम्मान करने और बिना किसी वजह के

दुबई से वासेपुर के कुख्यात ने भेजा संदेश

# महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी

एजेंसी, गया

बिहार के बोधगया में स्थित महाबोधि मंदिर को एक बार फिर आतंकियों के निशाने पर है। दुबई में छुपा झारखंड राज्य के कुख्यात अपराधी विक्की ने महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी दी है। बोधगया मंदिर प्रबंधन समिति को यह धमकी एक पत्र के जरिए मिली है। महाबोधि मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी मिलने के बाद बिहार, झारखंड और दिल्ली समेत अन्य राज्यों की पुलिस एक्टिव हो गई। साथ ही आरोपी की पहचान कर गिरफ्तार करने में जुट गई है।



पुलिस सुत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक महाबोधि मंदिर को बम से उठाने की धमकी झारखंड राज्य के धनवाद जिले के वासेपुर का कुख्यात अपराधी प्रिंस खान ने दी है। वहीं, धमकी मिलने के बाद गया पुलिस की एक टीम धनबाद पहुंचकर प्रिंस खान के घर में छापेमारी कर पूरी तलाशी ली है। झारखंड राज्य के कुख्यात अपराधी प्रिंस इन दिनों दुबई में छिपे होने की खबर है।

### बर्फबारी



उत्तरी कश्मीर के शोपियां जिले में पीर की गली में हुई ताजा बर्फबारी।

# बहन मेरा भाई-मेरा भाई करती रह गई, भाई ने घुटने टेक दिए

जैसे ही मोदी ने जॉर्ज सोरोस के साथ गांधी परिवार के संबंधों का पिटारा खोला, राहुल सदन चलाने को भी तैयार हो गए।

इंडिया गेट से

अजय सेतिया की कलम से



राजनीति शह और मात का खेल है। राहुल गांधी अडाणी-अडाणी की रट लगाए हुए थे। वह समझ रहे थे कि मोदी की दुखती रग पर हाथ रख दिया है। लेकिन, राहुल की शह पर मोदी ने ऐसी मात दी कि सारा गांधी परिवार दुम दबाकर भाग खड़ा हुआ है। मां, बेटा, बेटी भारत विरोधी जॉर्ज सोरोस के साथ रिश्तों का जवाब नहीं दे पा रहे। जेपी नड्डा ने सोनिया गांधी की मौजूदगी में जॉर्ज सोरोस के साथ उनके संबंधों का सवाल उठाया। यह सर्वोच्च स्तर से उठाया गया सवाल है, क्योंकि सवाल सदन के नेता ने उठाया है। लेकिन, सोनिया गांधी उठकर जवाब नहीं दे सकी। जगदीप धनखड़ ने प्रमोद तिवारी को बोलने का मौक़ा भी दिया। लेकिन, प्रमोद तिवारी ने भी सोनिया गांधी के बचाव में एक शब्द नहीं बोला। वह अडाणी पर बोलकर बैठ गए। 10 दिन तक संसद पर अडाणी छाया हुआ था। जैसे ही मोदी ने जॉर्ज सोरोस के साथ गांधी परिवार के संबंधों का पिटारा खोला, राहुल सदन चलाने को भी तैयार हो गए और लोकसभा स्पीकर से जाकर माफी भी मांग ली। गोगोई से चिट्ठी लिखवाई और खुद जाकर स्पीकर से मुलाक़ात की। मांग यह रखी है कि निशिकांत ने जो कुछ उनके बारे में कहा है, उसे सदन के रिकॉर्ड से निकाला जाए। दो दिन पहले ही तो विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया था। अब क्या हो गया। जैसे मां का खुलासा हुआ कि वह उस संस्था की उपाध्यक्ष हैं, जिसने कश्मीर को भारत से अलग करने का एजेंडा तय किया हुआ है और उस संस्था को फंडिंग जॉर्ज सोरोस करता है, तब से तीनों को नींद नहीं आ रही। घुटने टेकने का संकेत सुबह ही मिल गया था, जब कांग्रेस के सांसद तिरंगा और गुलाब का फूल लेकर संसद के दरवाजे पर खड़े थे। यह युद्धविराम का संकेत था। वैसे जब से शीत सत्र शुरू हुआ है, राहुल हर रोज कोई ना कोई नई नौटंकी कर रहे हैं। कभी काली जैकेट, कभी काली टोपी, जिन पर मोदी-अडाणी भाई-भाई लिखा होता था। लेकिन, तिरंगा और गुलाब का फूल युद्धविराम का संकेत था और वही हुआ, जब वह स्पीकर के चैंबर में गए और कहा कि कल से हम सदन चलाएंगे। बहन प्रियंका मेरा भाई-मेरा भाई करती रह गई। भाई ने जाकर घुटने टेक दिए। जॉर्ज सोरोस के साथ संबंधों का खुलासा नहीं हुआ होता तो राहुल गांधी पीछे नहीं हटते। जैसे ही भाजपा हावी हुई, हवा निकल गई। पर स्पीकर ने भी दांव चल दिया, उन्होंने राहुल गांधी से कहा कि उन्हें जिस शब्द पर आपत्ति है, वह उसके बारे में लिख कर दें। ऊपर से ममता बनर्जी ने मोर्चा खोल दिया। अब तक तो ममता इंडी गठबंधन के नेतृत्व का मुद्दा उठा रही थी। लेकिन, अब कल्याण बनर्जी को आगे करके सीधा कांग्रेस पर हमला कर दिया। कल्याण बनर्जी ने मीडिया के सामने आकर कहा कि कांग्रेस और भाजपा ने मजाक बना रखा है। कभी कांग्रेस संसद ठप कर देती है, कभी भाजपा। जब उनसे पूछा गया कि आप तो इंडी गठबंधन का हिस्सा है तो उन्होंने लगभग यही कहा कि भाड़ में गया इंडी गठबंधन, इंडी गठबंधन मेरे एजेंडे पर नहीं है। मतलब साफ है कि ममता को इंडी गठबंधन का नेतृत्व दोगे तो इंडी गठबंधन है, नहीं तो नहीं। संसद में अब इंडी गठबंधन पूरी तरह टूटा हुआ दिखाई दे रहा है। अब कांग्रेस के साथ इंडी गठबंधन की सिर्फ तीन पार्टियां खड़ी दिखाई दे रही है। डीएमके, जेएमएम और सीपीएम। उधर, राज्यसभा में भी सभापति के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के नाटक की हवा निकल गई है। मल्लिकार्जुन खड़गे सभापति जगदीप धनखड़ के खिलाफ अपनी भड़ास निकाल रहे हैं। भड़ास निकालने का काम पिछले 10 दिन से चल रहा था। अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस तब दिया, जब सत्र खत्म होने में 10 दिन बाकी थे। जबकि, अविश्वास प्रस्ताव के लिए 14 दिन का नोटिस देना होता है। 15 दिन पहले नोटिस देते तो उस पर इसी सत्र में मत विभाजन भी होता। विपक्ष ने अविश्वास प्रस्ताव का सिर्फ ड्रामा किया है, क्योंकि 20 दिसंबर को सत्र का समापन हो जाएगा। सत्र समाप्त तो प्रस्ताव समाप्त। अगर भाजपा ने 20 दिसंबर से पहले बहस और मत विभाजन का मन बना लिया तो अलग बात। वैसे सरकार अगर मत विभाजन का मन बना लें तो अच्छा हो। कांग्रेस पर संवैधानिक संस्थाओं पर हमले का एक और सबूत जुट जाएगा। कांग्रेस और बाकी विपक्ष भी लगातार संवैधानिक संस्थाओं पर हमले कर रहा है। कभी सेना पर सवाल उठाता है, कभी सर्वोच्च न्यायालय पर सवाल उठाता है, कभी चुनाव आयोग पर सवाल उठाता है, कभी स्पीकर पर सवाल उठाता है, अब तो देश के दूसरे सबसे बड़े संवैधानिक पद पर भी सवाल उठा दिया। विपक्ष ने खुद ही मोदी को अंतिम हमला करने का मौका दे दिया है। राहुल गांधी ने खुद कहा है कि अब सदन चलने देंगे, अगर सदन चला तो संविधान के मुद्दे पर बहस होगी। तब मोदी 14 दिसंबर को लोकसभा में और 17 दिसंबर को राज्यसभा में गांधी परिवार की अच्छी तरह आरती उतारेंगे।

# मुठभेड़ में 25 हजार के दो इनामी बदमाश गिरफ्तार

**नोएडा।** नोएडा के बिसरख थाना पुलिस की दो इनामी बदमाशों से मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए और उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। यह बदमाश दिल्ली के नामी अपराधी हैं, जिनमें से एक पर दिल्ली-एनसीआर में 80 और दूसरे पर 60 मुकदमे लूट, डकैती और चोरी के दर्ज हैं। पुलिस के अनुसार, थाना बिसरख पुलिस 11 दिसंबर की रात चेरी काउंटी क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने दो संदिग्ध व्यक्तियों को एक बाइक पर आते देखा। जब पुलिस ने उन्हें रुकने का इशारा किया, तो वह बाइक मोड़कर भागने का प्रयास करने लगे। इस बीच उनकी बाइक फिसलकर गिर गई। इसके बाद दोनों उठकर भागने लगा, हालांकि जब पुलिस ने उनसे रुकने के लिए कहा तो उन्होंने टीम पर फायरिंग कर दी।

संपादकीय

# यह हत्या है?

**क्या** पत्नी और उसके घर वाले इस तरह टॉर्चर कर सकते हैं कि पति के सामने सुसाइड करने के अलावा कोई विकल्प ही न बचे? जब सुसाइड करने वाला यह आरोप लगाए कि उसे टॉर्चर करने में महिला जज का भी हाथ है तो मामला बहुत गंभीर हो जाता है। उत्तर प्रदेश के 34 वर्षीय अतुल सुभाष ने बेंगलुरू स्थित अपने घर में आत्महत्या कर ली थी। उसने अपने पीछे 24 पन्नों का एक सुसाइड नोट और एक वीडियो रिकॉर्डिंग छोड़ी है, जिसमें उसने अपनी पत्नी और उसके परिवार पर उत्पीड़न का आरोप लगाया। अतुल ने 84 मिनट का एक वीडियो भी बनाया, जिसमें उसने बताया कि वह किस स्थिति का सामना कर रहा था। अतुल सुभाष पर केस पर केस लाद दिए गए थे। वह तारीख पे तारीख से इतना आजिज आ चुका था कि उसके सुसाइड का रास्ता चुना। यह अच्छा किया कि वीडिया के माध्यम से उन चेहरों को बेनकाब कर दिया, जो उसके पैसे से अमीर हो जाना चाहते थे। पुरुष महिलाओं पर अत्याचार करते हैं, यह आम धारणा है। लेकिन पुरुष भी महिलाओं से प्रताड़ित होते हैं, इसे नजरअंदाज कर दिया जाता है। कानून भी महिलाओं का पक्ष लेता है और पुलिस भी। अभिनेत्री और भाजपा सांसद कंगना रनौत ने अतुल सुभाष के सुसाइड पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि इससे पूरा देश हैरान है। उन्होंने इस घटना की निंदा भी कर दी, लेकिन यह कहने से नहीं चूकीं कि 99 प्रतिशत मामलों में पुरुषों की गलती होती है। नारीवाद अपनी जगह सही हो सकता है, लेकिन हर मामले में पुरुष की गलती हो, यह जरूरी नहीं है। अतुल सुभाष की मौत के बाद अब उनके भाई की शिकायत पर पुलिस ने अतुल की पत्नी निकिता सिंघानिया समेत 4 लोगों को खिलाफ अलग-अलग धारों में एफआईआर दर्ज की गई है। क्या इंसाफ पाने के लिए पहले किसी को खुदकुश करनी होगी? अगर कई एफआईआर करते वक्त पुलिस सही से विवेचना करती और मामले को ठीक से समझती तो मामला इतना गंभीर नहीं होता। अतुल सुभाष ने अपनी वीडियो में न्यायपालिका पर भी सवाल खड़े किए हैं। उसने कहा है कि अगर मुझे इंसाफ नहीं मिलता है तो मेरी अस्थियां कोई के सामने बह रहे गटर में बहा देना। पुलिस को चाहिए कि वह दहेज और घरेलू हिंसा जैसे मामलों में ठीक से विवेचना करे और मामले की सच्चाई जाने बगैर केस दर्ज न करे। दहेज और घरेलू हिंसा कानून का बहुत ज्यादा दुरुपयोग होता है, यह समय-समय पर सामने आया है।

**पुलिस को चाहिए कि वह दहेज और घरेलू हिंसा जैसे मामलों में ठीक से विवेचना करे और मामले की सच्चाई जाने बगैर केस दर्ज न करे। इन कानूनों का दुरुपयोग होता रहा है।**

पाठकवाणी

## प्लास्टिक के विकल्पों के प्रयोग बढ़े

**प्लास्टिक** का उपयोग दैनिक जीवन की हर वस्तु मे होने से वह मानव के साथ पशुओं और पर्यावरण को भी हानि पहुंचा रहा है। प्लास्टिक से मुक्ति के लिए प्लास्टिक से बनी थैलियों के स्थान पर कपड़े से बने थैले उपयोग मे लाने होंगे। पीने के पानी के लिए कांच, कापर और स्टील की बोतलें प्रयोग की जायें तो बेहतर है। खाद्य सामग्रियों के भंडारण के लिये, लकड़ी, ग्लास और स्टेनलेस स्टील से बनी चीजों का प्रयोग प्लास्टिक से मुक्ति दिला सकता है। बायोग्रेड प्लास्टिक का रीसाइकल आसान होता है। इसके उपयोग को बढ़ावा देना अन्य प्लास्टिक के मुकाबले स्वास्थ्य के लिए हितकारी है, इसकी जागरुकता लोगों के बीच बढ़ायी जानी चाहिए।

**-नरेश कानूनगो 'शोभना'**, देवास मध्य प्रदेश

## माताओं, बहनों का अपमान क्यों?

**अक्सर** देखा जाता है कि अगर दो पुरुषों के बीच लड़ाई होती है तो घर में बैठी मां बहन व बेटी की बेवजह शामत आ जाती है। कुछ पुरुषों की एक गंदी आदत होती है, हर बात में दूसरे की मां बहन व बेटी को जोड़कर गाली देने की। मां बहनों को जोड़कर अपशब्द बोलने वालों पर भी रोक लग लगनी चाहिए। ऐसी भी कोई धारा होनी चाहिए। अभ्रद शब्दों का प्रयोग करने वाले अपनी लड़ाई में मां, बहन व बेटी को तो शामिल नहीं करें। आखिर उन का क्या कुसूर?

**-संदीप कुमार**, मधुपुर, झारखंड

कुछ खास



ट्रेनों में दो तिहाई कोच नॉन एसी होते हैं, एक तिहाई एसी कोच होते हैं। हमने इस अनुपात को बनाए रखा है। इधर जनरल कोच की मांग बढ़ी है। इसलिए 12,000 जनरल कोच विशेष तौर पर बनाए जा रहे हैं। 900 अतिरिक्त जनरल कोच लगाए जा चुके हैं।

**-अश्विनी वैष्णव**, रेल मंत्री

आज का ट्वीट



''सांसद कंगना रनौत का कहना है कि पति-पत्नी के रिश्ते में 99 प्रतिशत गलतियां पुरुषों की होती हैं। ये बेहद चौंकाने वाला डेटा है- 99 प्रतिशत पुरुषों की गलती होती है।''

**-रणविजय सिंह**

साइबरवर्ल्ड

## पीड़ित पतियों की कौन सुनेगा?

**महिलाओं** को सदैव विक्टिम समझा जाता है। खासकर के यदि विवाद एक पुरुष से है तो गलती पुरुष की मानी जाती है और महिला पीड़ित समझी जाती है। देश में ऐसे ऐसे कानून हैं कि महिला जब चाहे किसी को जेल की सलाखों के पीछे डलवा सकती है। ऐसे-ऐसे कानून हैं कि कोई पुरुष जीवन भर जेल में पड़ा सड़ता रहे, भले वह बेगुनाह रहा हो। आज उच्चतम न्यायालय ने धारा 498अ को सबसे ज्यादा दुरुपयोग किए जाने वाले कानून में से एक बताया जो घरेलू हिंसा से संबंधित है। उच्चतम न्यायालय ने कहा कि पतियों को परेशान करने के लिए इस कानून का गलत इस्तेमाल सबसे अधिक होता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के इंजीनियर अतुल सुभाष का भी ऐसा ही मामला है। 2019 में अतुल सुभाष की शादी जौनपुर की निकिता सिंहानिया से हुई थी। कुछ दिनों बाद निकिता अचानक वापस जौनपुर लौट आई। निकिता ने अतुल और उसकी फैमिली, उनके मां-पिता और भाई के ऊपर हत्या, हत्या का प्रयास, अननेचुरल सेक्स, घरेलू हिंसा, दहेज लेने जैसे आरोप लगाए। निकिता सिंघानिया ने 6 केस लोअर कोर्ट और तीन हाई कोर्ट में किए हैं। अब तक दो साल में कोर्ट में 120 तारीख लग चुकी थीं। 40 बार खुद अतुल बेंगलुरु से जौनपुर जा चुके थे। फिर क्या हुआ? अतुल ने कोर्ट में कहा कि मेरी पत्नी ने केस सेटल करने के लिए पहले एक करोड़ रुपए की डिमांड की थी, लेकिन बाद में इसे बढ़ाकर 3 करोड़ रुपए कर दिया। अतुल ने जज को बताया कि देश में बहुत सारे पुरुष झूठे केस की वजह से आत्महत्या कर रहे हैं, तो जज ने मुझे कहा कि तुम आत्महत्या क्यों नहीं कर लेते हो। इतना कहकर जज हंस पड़ी और कहा कि ये केस झूठे ही होते हैं, तुम परिवार के बारे में सोचो और केस को सेटल करो। मैं केस सेटल करने के 5 लाख रुपए लूंगी। अगली तारीख पर निकिता ने अतुल से कहा, अरे तुम अभी तक सुसाइड नहीं किए? अतुल ने घर जाकर 90 मिनट का वीडियो बनाया और 40 पेज का नोट बनाकर अपने घर में आत्महत्या कर ली। अतुल ने अपने सुसाइड नोट में अपनी आखिरी इच्छा व्यक्त करते हुए लिखा है, उनको निश्चित तौर पर न्याय मिलना चाहिए। यदि ऐसा नहीं होता है, तो उनकी अस्थियों को कोर्ट के सामने गटर में बहा दिया जाए।

**-मोहम्मद जाहिद** की फेसबुक वॉल से

# कैसे कम हो जेलों में भीड़?

सामयिक



**शाहीन सबा**

**जेल में विचाराधीन बंदियों की बढ़ती भीड़ गंभीर मामला है, क्योंकि ऐसी कार्यवाहियां लोकतंत्र के स्तंभ 'न्यायपालिका' के प्रति आम लोगों में अविश्वास की भावना भरती हैं। साथ में जेलों पर सरकार का खर्च भी बढ़ता है। जेलों में बढ़ती भीड़, अदालतों पर भी बोझ है और हमारे देश की असल ताकत 'मानव संसाधन' का दुरूपयोग भी।**

बीते कुछ सालों के दौरान दिल्ली की सर्वाधिक सुरक्षित कहे जाने वाली तिहाड़ जेल हो या गुजरात की साबरमती जेल, कुख्यात अपराधियों के लिए सुरक्षित ठिकाना और अपने कई विरोधियों की हत्या जेल में ही कर देने के लिए कुख्यात हो गई हैं। उत्तरप्रदेश में भी जेल के भीतर आग्नेय हथियार पहुंचे और लोग मारे गए। भले ही कागजों में दर्ज हो कि जेल किसी को प्रताड़ित करने के लिए नहीं, बल्कि सुधार घर होता है, लेकिन भारतीय जेलों की स्थिति इतनी भयावह है कि यह बहुत कुछ अपराधी तैयार करने के स्थान बन गईं हैं। भारतीय जेल अत्याचार, मारापीटी, पैसे छुड़ा लेने, गरीब लोगों के बगैर माकूल न्यायिक मदद के लंबे समय तक जेल में रहने, रसूखदारों की आरामगाह व निरापद स्थली के तौर पर कुख्यात है। दूसरी तरफ देखें तो हमारे जेल निर्धारित क्षमता से कई-कई गुणा ज्यादा बंदियों से ठुंसे पड़े हैं।

भारत सरकार के कुछ महीनों पहले के आंकड़े बताते हैं कि देश की 1382 जेलों में 573200 कैदी हैं जो क्षिमता से 131 प्रतिशत अधिक हैं। जेलों में बंद लगभग 78 फीसदी कैदी विचाराधीन हैं। इन पर अपराध साबित नहीं हुआ है। इनमें से 27879 कैदी तो जमानत हो जाने के बाद भी निरुद्ध है, क्योंकि उनकी आर्थिक-सामाजिक स्थिति जमानत की राशि जमा करने लायक नहीं हैं। उत्तर प्रदेश के जेल नरक से बदतर कहे जाते हैं, देश में सर्वाधिक बंदी यहीं हैं- सवा लाख के आसपास, जबकि क्षमता है 67700 की। उत्तर प्रदेश के जिला कारागार सबसे ज्यादा भरे हुए हैं और वहां कैदियों की संख्या साल 2018 के 183 फीसदी से बढ़कर साल 2022 में 207.6 फीसदी हो गई। इसके बाद उत्तराखंड आता है, जहां ऑक्यूपेंसी रेट 182.4 फीसदी है। उसके बाद पश्चिम बंगाल (181 फीसदी), मेघालय (167.2 फीसदी), मध्य प्रदेश (163 फीसदी) और जम्मू कश्मीर (159 फीसदी) का स्थान है।



गुजरात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (जीएसएलएसए) ने 24 अक्टूबर 24 को जेल सुधारों पर अपनी रिपोर्ट में जारी की है, जो देश में अपने तरह की पहली पहल है। इसमे उजागर हुआ कि गुजरात की जेलों में क्षमता से 119 प्रतिशत अधिक कैदी हैं, जबकि गोधरा उप-जेल में क्षमता से अधिक कैदी हैं, जहां 191 प्रतिशत कैदी बंद हैं। गुजरात की चार केंद्रीय जेलों में, जहां सबसे खतरनाक अपराधी बंद हैं, केवल एक-सूरत की लाजपुर सेंट्रल जेल, जहां 94 प्रतिशत कैदी बंद हैं। राजकोट सेंट्रल जेल में 174 प्रतिशत, वडोदरा सेंट्रल जेल में 142 प्रतिशत और अहमदाबाद की साबरमती सेंट्रल जेल में 129 प्रतिशत कैदी बंद हैं।

मजेदार बात यह है कि राज्य की खुली जेल खाली पड़ी है। चूंकि वहां कैदी को थोड़ा आराम मिल जाता है अतः वहां या तो रसूख वाले भेजे जाते हैं या फिर लेन-देन वाले। अमरेली ओपन जेल की क्षमता 18 प्रतिशत है, जूनागढ़ ओपन जेल की क्षमता 30 प्रतिशत है, जबकि वडोदरा में दंतेश्वर ओपन जेल की क्षमता 33 प्रतिशत है और राजपीपला जिला जेल की क्षमता भी 33 प्रतिशत है। मध्य प्रदेश के मंदसौर में अफीम की खेती होती है और वहां इससे जुड़े बंदी भीड़ बढ़ाते हैं। मंदसौर जिला जेल में कैदियों की क्षमता से ज्यादा बंधक बंद हैं। यहां एक बार में लगभग 370 अपराधियों को रखा जा सकता है। पर फिलहाल इस जेल में 640 से ज्यादा कैदी बंद किए गए हैं। इनमें से 395 से ज्यादा अपराधी एनडीपीएस एक्ट के तहत गिरफ्तार किए गए हैं।

एक बात और सारे देश की जेलों में आदिवासी, दलित और अल्पसंख्यक, खासकर मुसलमानों की संख्या अधिक है। देश में दलित, आदिवासी व मुसलमानों की कुल आबादी 40 फीसदी के आसपास है, वहीं जेल में उनकी संख्या आधे से अधिक यानि 67 प्रतिशत है। इस तरह के बंदियों की संख्या तमिलनाडु और गुजरात में सबसे ज्यादा है। जेल में बंद लोगों का 22 फीसदी दलितों का है, 11 फीसदी वनपुत्र हैं और लगभग 20 फीसदी बंदी मुसलमान हैं।

अपराध व जेल के आंकड़ों के विश्लेषण के मायने यह कतई नहीं हैं कि अपराध या अपराधियों को जाति या समाज में बांटा जाए, लेकिन यह तो विचारणीय है कि हमारी न्याय व्यवस्था व जेल उन लोगों के लिए ही अनुदार क्यों हैं जो ऐसे वर्ग से आते हैं जिनका शोषण या उत्पीड़न सरल होता है। ऐसे लोग जो आर्थिक, सामाजिक, शैक्षिक तौर पर पिछड़े हैं, कानून के शिकंजे में ज्यादा फंसते हैं। जिन लोगों को निरूद्ध करना आसान होता है, जिनकी तरफ से कोई पैरवी करने वाला नहीं होता, या जिस समाज में अन्याय के खिलाफ आवाज उठाने की ताकत नहीं होती, वे कानून के सरल-शिकार होते हैं।

दिल्ली दंगों का केस बानगी है, जिसमें अधिकांश लोगों की अन्य मामलों में जमानत हुई क्योंकि तथ्य कमजोर थे लेकिन पुलिस ने अधिक से अधिक समय तक जेल में रखने को यूएपीए लगा दिया। हाईकोर्ट में भी जज बदलते रहे और तीन सालों से तारीखें ही बढ़ रही हैं। इस तरह जेल में बंद लोगों का धीरे-धीरे न्याय व्यवस्था से भरोसा उठ जाता है। यह आए रोज सुनने को आता है कि अमुक व्यक्ति आतंकवाद के आरोप में 10 या उससे अधिक साल जेल में रहा और उसे अदालत ने 'बाइज्जत' बरी कर दिया। इन फैसलों पर इस दिशा से कोई विचार करने वाला नहीं होता कि बीते 10 सालों में उस बंदी ने जो बदनामी, तंगहाली, मुफलिसी व शोषण सह लिया है, उसकी भरपाई किसी अदालत के फैसलों से नहीं हो सकती। जेल से निकलने वाले को समाज भी उपेक्षित नजर से देखता है और ऐसे लोग आमतौर पर ना चाहते हुए भी उन लोगों की तरफ चले जाते हैं, जो आदतन अपराधी होते हैं। इसी साल केंद्र सरकार द्वारा न्यायिक सुधार के लिए लाए गए भारतीय न्याय संहिता में बहुत से मामलों में थाने से जमानत का प्रावधान है। इनमें किसी मामले की जांच और न्याय की भी समय सीमा तय है। चूंकि अभी न तो पुलिस वाले और न ही बहुत हद तक जिला स्तर के न्यायाधीश इससे पूरी तरह परिचित हुए हैं। लिहाज जेल भेज कर उत्पीड़ित करने का तंत्र यथावत जारी है।

हालांकि लोग अपराध न करें या उन्हें कोई गलत न फंसा सके इसका निदान पहले शिक्षा या जागरूकता और उसके बाद आर्थिक स्वावलंबता ही है। इसके लिए कुछ प्रयास सरकार के स्तर पर व अधिक प्रयास समाज के स्तर पर हों। यह भी जरूरी है कि आम लोगों को पुलिस-कार्य प्रणाली, आम लोगों के कर्तव्य और अधिकार, अदालतों की प्रक्रिया, वकील के अधिकार, मुफ्त कानूनी सहायता जैसे विषयों की जानकारी दी जाए। इसके लिए स्कूली पाठ्यक्रम में प्रावधान के साथ कमजोर आर्थिक-सामाजिक स्थिति के मुहल्लों-गांवों में नियमित कार्यशालाएं भी हों। जेलों में बढ़ती भीड़, अदालतों पर भी बोझ है और हमारे देश की असल ताकत 'मानव संसाधन' का दुरूपयोग भी। जरूरी है कि कम सजा या सामान्य प्रकरणों को अदालत से बाहर निबटाने, पंचायती राज में न्याय को शामिल करने, जेलों में बंद विचाराधीन लोगों से श्रम कार्य लेने आदि सुधार जरूरी हैं।

अमृतवाणी

## सत्य का मार्ग



**पुराने** समय में एक संत अपने शिष्य के साथ एक गांव में रुके। कुछ ही दिनों संत की ख्याति आसपास के क्षेत्र में फैल गई। अब उनके प्रवचन सुनने और दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पंडित परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। मेरा जीवन यापन कैसे होगा? पंडित ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह लोगों के सामने उस संत की बुराई करता था। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि उसे छोड़ों। अगर मैं उस पंडित से वाद-विवाद करूंगा तो इससे ये सब बातें फैलना बंद नहीं होंगी। इसीलिए उसकी बातें पर ध्यान नहीं देना चाहिए। संत ने देखा कि शिष्य का क्रोध शांत नहीं हुआ है। तब उन्होंने कहा कि जब जंगल का हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। कुत्ते भौंकते हुए थक जाते हैं और वापस अपने इलाके की ओर भाग जाते हैं। हमें भी अपनी बुराई करने वालों के साथ इसी तरह पेश आना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और सत्य के मार्ग पर आगे बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

तीखी नजर

## विकसित देश का बदनाम चेहरा



सुरेश कुमार मिश्रा

देश में बहुत कुछ बदल चुका था, लेकिन एक चीज नहीं बदली-वो थी हमारी पुरानी आदतें। और इन आदतों को हमने विकास के नाम पर एक नया रंग दे दिया। अब हर जगह विकास ही विकास था, बस विकास की हकीकत से जनता को दूर रखा जाता था। सभी सरकारी दफ्तरों में एक नया आदेश आया थाः जो कोई काम समय से पूरा नहीं करेगा, तो उसका वेतन घटा दिया जाएगा। ये आदेश दिन-ब-दिन अमल में आ रहा था, परंतु कोई भी काम समय से नहीं हो रहा था, इसलिए किसी का वेतन घट नहीं रहा था। और ये तो महज एक शुरूआत थी।

अब हर बाबू को दिन-रात अपने काम में व्यस्त दिखने के लिए एक नई विधि का अनुसरण करना पड़ा था। वे सब एक जैसे हो गए थे-प्रेम और प्रगति के तहत काम करने वाले प्रभावी कार्यकर्ता। क्या करें, जनता की सेवा का नाम ही इतने बड़े घरों में रहने के लिए काफी होता था। जो बाबू पहले शर्तों पर काम करते थे, अब शर्तों पर काम करने की बात नहीं करते थे। अब सब प्रोफेशनल हो गए थे। साथ ही, इनकी सामाजिक ज़िम्मेदारी बढ़ गई थी, जैसे गरीबों के लिए 10 रुपये की मदद देना और ट्विटर पर इस पर लिखकर शांति की एक मिसाल कायम करना।


इस सब के बीच, राजनेताओं के हाथों में विकास की चाबी थी। उन्होंने तय किया कि इस विकास की दिशा जनता के भले के लिए नहीं, बल्कि अपने फायदे के लिए होगी। अब चुनाव आ रहे थे, और सभी नेता अपने बंकरों में बैठकर योजनाओं की टेबल पर बैठकर सोच रहे थे कि किसने किसको कैसे बेवकूफ बनाना है। ऐसा कुछ नहीं था जो रविकासर के नाम पर ठीक से किया जा रहा हो, सिवाय इसके कि हर बार चुनावी घोषणाओं के साथ एक नया विकास पैकेज आ जाता था। यह पैकेज नहीं था, बस एक प्लास्टिक पैक था जिसमें हवा भरी होती थी और समय के साथ यह और भी अधिक खाली हो जाता था।

इसी बीच, हर किसी की बातों में ये छिपी हुई खुशबू थी-भ्रष्टाचार का इत्र। सरकारी दफ्तरों में काम करने वालों को अब सरकार के प्रति वफादारी की नई शर्त पर काम करना था। यह एक अद्दश्य वफादारी थी जो केवल नजर आती थी जब आपको किसी डील की जरूरत होती थी। अब हर बाबू एक शहंशाह की तरह था और वे अपनी नीतियों के खिलाफ किसी को भी पूछने का मौका नहीं देते थे।

इसी दौरान, एक दिलचस्प घटना घटी। नगर निगम के बाबू को एक नागरिक ने शिकायत की, यह सड़क इतनी टूटी हुई है कि हमारी कार के चारों टायर पंचर हो गए हैं। जवाब मिला, सड़क तो ठीक है, बस आपकी कार बहुत पुरानी है। विकास में थोड़ा समय लगता है। उम्मीद है अगले चुनाव में हम इसे सुधार लेंगे। यह थी विकास की नीति का सही परिणाम-कोई काम नहीं, बस दिखावा। और जनता थी जो इसके नाम पर नाच रही थी।

नजरिया

# यूपी में बिजली कर्मचारियों के 'अच्छे दिन'



केपी मलिक

**बिजली विभाग में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए भी उत्तर प्रदेश सरकार ऐसे प्रबंध कर रही है, जिससे महंगी बिजली मनमानी सप्लाई पर तो मिलेगी ही, बल्कि बिजली विभाग में सरकारी नौकरियों का भी रास्ता बंद होगा।**



उत्तर प्रदेश में बिजली कंपनियों की मनमानी के चलते आज तक पूरे प्रदेश में महज 3 करोड़ 50 लाख से थोड़े ही ज्यादा बिजली उपभोक्ता हैं। उत्तर प्रदेश में बिजली के कई-कई घंटे के कट के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जो धीरे से जोर का झटका दे मारा है, उससे बिजली उपभोक्ताओं को तो परेशानी बाद में होगी, बिजली कर्मचारियों को अभी से परेशानी होने लगी है। दरअसल, उत्तर प्रदेश में बिजली की समस्या और महंगी बिजली को लेकर काफी हंगामा पिछले करीब 6 साल में हुआ है, जबसे भाजपा की सरकार यानि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व वाली सरकार बनी है। पहले योगी सरकार ने बिजली के धंधे में घाटा दिखाकर उसे पीपीपी यानि पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर बिजली की सप्लाई शुरू की, जिसके बाद आम लोगों, खासकर व्यापारियों ने महंगी बिजली और बिजली की आधी-अधूरी आपूर्ति को लेकर आवाज बुलंद की, यहां तक कि सरकार की इन दोनों व्यवस्थाओं के खिलाफ कई जगह धरने-प्रदर्शन भी हुए, खास तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकसभा क्षेत्र बनारस में बुनकरों और दूसरे उद्योग धंधे वाले व्यापारियों ने सरकार की पॉलिसी का जमकर विरोध किया, लेकिन उसका कुछ खास फायदा नहीं हुआ और सरकार अपनी मनमानी बिजली को लेकर करती रही।

इसके बाद करीब दो साल से अडानी की कंपनी के प्रीपेड स्मार्ट मीटर जबरन घर-घर लगाए जाने लगे और ये काम बिजली विभाग के कर्मचारियों से पुलिस की मौजूदगी में सरकार कराने लगी, जिसका काफी विरोध पहले भी हुआ और अभी भी हो रहा है, क्योंकि स्मार्ट मीटर अभी तक पूरे नहीं लग सके हैं और ये काम अभी चल रहा है। लेकिन अब सरकार ने सारी हदें पार करते हुए भारी-भरकम घाटा दिखाकर बिजली विभाग को निजी हाथों में सौंपने के लिए हरी झंडी दे चुकी है। शुरू में योगी सरकार 75 जिलों में से दक्षिणांचल और पूर्वांचल के 42 जिलों की बिजली आपूर्ति का जिम्मा प्राइवेट कंपनियों को देगी और उसके बाद में बाकी जिलों में यही तरीका अपनाया जाएगा।

हैरत की बात ये है कि महंगी बिजली देने, जुर्माना वसूलने और 24 घंटे बिजली न देने के बावजूद पिछले 24 सालों में पावर कॉरपोरेशन और उसकी कंपनियों का बिजली घाटा 1.10 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। सिर्फ पिछले साल का ये घाटा 46 हजार करोड़ रुपए से ज्यादा का है। सरकार का कहना है कि अगर उसने बिजली विभाग को प्राइवेट हाथों में नहीं दिया, तो उसे वित्त वर्ष 2025-26 में 50 से 55 हजार करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2026-27 में 60 से 65 हजार करोड़ रुपए बिजली कंपनियों को और देने पड़ सकते हैं। और सरकार से बड़ी मदद मिलने के बावजूद बिजली कंपनियों का दावा है कि उन पर 70 हजार करोड़ रुपए का कर्ज चढ़ चुका है। सरकार के बिजली विभागों को निजी हाथों में देने के फैसले के बाद ही डिस्कॉम के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स ने पावर कॉरपोरेशन प्रबंधन को नए सिरे से कंपनी बनाने और बिजली विभाग को प्राइवेट हाथों में देने के लिए निर्णय लेने का अधिकार दे दिया है। लेकिन इससे बिजली विभाग के कर्मचारियों में रोष है और वो हड़ताल पर जाने को मजबूर हो चुके हैं।

उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद ने सरकार के इस निर्णय को चुनौती देने के लिए उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग में याचिका दायर की थी, जिसमें कहा गया है कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 131(4) और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के आदेशों के अनुसार, डिस्कॉम स्वतंत्र है और पावर कॉरपोरेशन को उन पर निर्णय लेने का अधिकार नहीं है। लेकिन इससे पहले ही पावर कॉरपोरेशन ने डिस्कॉम के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स से बिजली विभाग को प्राइवेट करने या दूसरे फैसले लेने का अधिकार हासिल कर लिया था। इसलिए सरकार के बिजली विभाग को प्राइवेट हाथों में देने में अब बिजली कर्मचारी और लोग ही एकजुट होकर रोक सकते हैं, नहीं तो अगले साल तक सभी उपभोक्ताओं को महंगी बिजली मिलेगी और बिजली कर्मचारी प्राइवेट कंपनियों के लिए मामूली तनख्वाह पर काम करते नजर आएंगे। सरकारी कर्मचारियों की हड़ताल को लेकर भी उत्तर प्रदेश सरकार पाबंदी की अधिसूचना जारी कर चुकी है, जिसमें साफ कहा गया है कि उत्तर प्रदेश अत्यावश्यक सेवाओं का अनुरक्षण अधिनियम, 1996 के तहत अगले 6 महीने तक कोई भी हड़ताल निषिद्ध रहेगी। ऐसे में न सिर्फ बिजली उपभोक्ताओं के लिए, बल्कि बिजली विभाग में कार्यरत सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए भी उत्तर प्रदेश सरकार ऐसे प्रबंध कर रही है, जिससे महंगी बिजली मनमानी सप्लाई पर तो मिलेगी ही, बल्कि बिजली विभाग में सरकारी नौकरियों का भी रास्ता बंद होगा, और जो सरकारी बिजली कर्मचारी अभी हैं, जिनका रिटायरमेंट अगले साल के खत्म होने से पहले नहीं है, हो सकता है कि उन्हें घर बैठना पड़े या उन्हें निजी कंपनियों के साथ बहुत ही कम तनख्वाह में काम करना पड़े और उपभोक्ताओं के तो कहने ही क्या।

## सार संक्षेप

### द ड्रीम ने जीता डीएसए विमेंस चैंपियनशिप का खिताब

**नई दिल्ली :** द ड्रीम टीम ने बुधवार को गुडविल फुटबॉल क्लब को टाई ब्रेकर में 6-5 से हरा कर डीएसए विमेंस चैंपियनशिप का खिताब जीत लिया। यहां अम्बेडकर स्टेडियम मैदान पर खेले गए संघर्षपूर्ण मुकाबले में निर्धारित समय तक कोई भी टीम गोल नहीं कर पाई। अंततः टाई ब्रेकर में द ड्रीम टीम ने 6-5 की जीत के साथ खिताब अपने नाम किया। गुडविल की गीतिका नेगी को 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट', ड्रीम टीम की अंजलि और श्रेया चक्रवर्ती को क्रमशः टॉप स्कोरर और बेस्ट गोल कीपर आंका गया। जगुआर फुटबॉल क्लब तीसरे नंबर पर रहा। टाई ब्रेकर में ड्रीम का सपना नाजमीन, अमिशी बलूनी, ज्योति, अंजलि, सबनम और आशु कुमारी ने गोल जमा कर पूरा किया। गुडविल के लिए नीतिका नेगी, गीतिका नेगी, अनीता, संगीता नैना मुखीजा सफल रहीं। पांच दशकों तक भारतीय खेल प्राधिकरण के कोच रहे बजरंग लाल ने पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर आयोजन समिति की चेयरपर्सन आभा जैन और फिजिओ नुपुर नाथ भी मौजूद रहीं। फाइनल में पहुंची टीमें विमेंस डीपीएल 25-26 में भाग लेंगी। हालांकि गुडविल ने अधिकांश समय खेल पर पकड़ बनाई लेकिन कमजोर निशानेबाजी और प्रतिद्वन्दवी गोल कीपर श्रेया के सुन्दर बचाव के चलते गोल नहीं निकल पाया। हेमलता, अनीता, संगीता और गीतिका ने आसान मौके गंवाए। विजेता टीम की अंजलि, ज्योति और रिद्धिमा भी मौकों का फायदा नहीं उठा पाई।

### एआईएसएस की राज्य स्तरीय टीमों का चयन 24 दिसंबर से

**चंडीगढ़ :** ऑल इंडिया सिविल सर्विसेज (एआईएसएस) खेलों के लिए राज्य स्तरीय टीमों का चयन 24 दिसंबर से किया जाएगा। हरियाणा खेल विभाग के प्रवक्ता ने बुधवार को बताया कि राज्य की ओर से भाग लेने वाले टेबल -टेनिस, कबड्डी, बास्केटबॉल, क्रिकेट और बैडमिंटन खिलाड़ियों के चयन के लिए संबंधित जिला खेल अधिकारी कमेटी के अध्यक्ष होंगे। उन्होंने बताया कि एआईएसएस बैडमिंटन, बास्केटबॉल टीम को चयन 24 दिसंबर को पंचकूला में होगा, जबकि कबड्डी टीम का चयन 25 दिसंबर को रोहतक में होगा। प्रवक्ता ने कहा कि क्रिकेट टीम का चयन अगले आदेशों तक स्थगित किया गया है और टेबल टेनिस की उस टीम को ही वैध माना जाएगा जो गत नौ दिसंबर करनाल में ट्रायल के दौरान चुनी गई थी।

### बंगाल ने पंजाब को एकतरफा मुकाबले में दी 5-0 से शिकस्त

**नारायणपुर :** छत्तीसगढ़ के बस्तर में अबूझमाड़ के प्रवेश द्वार में चल रहे नेशनल फुटबॉल टूर्नामेंट के दूसरे दिन बुधवार को एकतरफा मुकाबले में पश्चिम बंगाल ने पंजाब की टीम को पांच गोलों से हरा दिया। पश्चिम बंगाल की रिंपा हलधर की लगातार एक के बाद पांच गोल से पंजाब की टीम पूरी तरह लडखड़ा गई। रिपा को बेस्ट प्लेयर ऑफ मैच के खिताब से नवाजा गया। रामकृष्ण मिशन आश्रम में चल रहे 29 वीं राजमाता जीजाबाई महिला फुटबॉल चैंपिनशिप में देश भर से दस टीम आई हुई हैं। उद्घाटन मैच झारखंड और तमिलनाडु के बीच खेला गया था। इसमें झारखंड की 10 नंबर खिलाड़ी अमीषा बाक्सला के हैट्रिक गोल से झारखंड ने 3-0 से तमिलनाडु को हराकर अपना पहला लीग मैच में जीत हासिल किया हैं। दस राज्यों की महिला फुटबॉल टीम में मणिपुर, सिक्किम, पश्चिम बंगाल,पंजाब, हरियाणा,ओडिशा, झारखंड, महाराष्ट्र, तमिलनाडु और रेलवे की टीम का नारायणपुर आगमन हुआ है। प्रतियोगिता में 19 दिसंबर तक लीग मैच होगा। आगामी 23 दिसंबर को फाइनल मुकाबला के साथ टूर्नामेंट का समापन होगा।

### मुंबई ने विदर्भ को हराया

**बेंगलुरु:** अजिंक्य रहाणे (84), पृथ्वी शॉ (49), सूर्यांश हेगड़े (नाबाद 36) और शिवम दुबे (नाबाद 37) की आतिशी पारियों की मदद से मुंबई ने बुधवार को विदर्भ को छह विकेट से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली हैं। 222 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी मुंबई की पृथ्वी शॉ और अजिंक्य रहाणे की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 83 रन जोड़े। सातवें ओवर में दिपेश परवानी ने पृथ्वी शॉ को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। पृथ्वी शॉ ने 26 गेंदों में पांच चौके और चार छक्के लगाते हुए (49) रन बनाये। नौवें ओवर में यश ठाकुर ने शतक की ओर बढ़ रहे अजिंक्य रहाणे को आउट कर पवेलियन भेज दिया। अजिंक्य रहाणे ने 45 गेंदों में 10 चौके और तीन छक्के लगाते हुये (84)रनों की तूफानी पारी खेली। कप्तान श्रेयस अय्यर (पांच) और सूर्यकुमार यादव (10) रन बनाकर आउट हुये। शिवम दुबे ने 22 गेंदों में (नाबाद 37) और सूर्यांश हेगड़े ने 12 गेंदों में (नाबाद 36) रनों की पारी खेलते हुए अपनी टीम को 19.2 ओवर में चार विकेट पर 224 रन बनाकर छह विकेट से जीत दिला दी। विदर्भ की ओर से दिपेश परवानी ने दो विकेट लिये। हर्ष दुबे और यश ठाकुर ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले मुम्बई ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी विदर्भ के लिए अथर्व तायडे और करुण नायर की सलामी जोड़ी ने पहले विकेट के लिए 60 रन जोड़े। छठे ओवर में अथर्व अनकोलेकर ने करूण नायर को बोल्ड कर मुंबई को पहली सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में तनुष कोटियान ने पार्थ रेखड़े (एक) को पगबाधा कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये अपूर्व वानखड़े ने अथर्व तायडे के साथ पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 15वें ओवर में अथर्व अनकोलेकर ने अथर्व तायडे को पगबाधा आउट किया। अर्थव तायडे ने 41 गेंदों में 10 चौके और एक छक्का लगाते हुए (66) रन बनाये। 17वें में सूर्यांश हेगड़े ने अपूर्व वानखड़े को बोल्ड कर दिया। अपूर्व वानखड़े ने 33 गेंदों में दो चौके और तीन छक्के लगाते हुए (51) रनों की पारी खेली।

### बड़ौदा सेमीफाइनल में पहुंचा

बेंगलुरु : शाश्वत रावत (40), अभिमन्यु विक्रमसिंह राजपूत (37) के बाद लुकमन मेरीवाला, हार्दिक पंड्या और अतीत शेठ के (तीन-तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत बड़ौदा ने बुधवार को पहले क्वार्टर फाइनल में बंगाल को 41 रनों से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉकी के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया हैं। बड़ौदा के 172 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी बंगाल की टीम की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने मात्र 31 के स्कोर पर अपने चार विकेट गवां दिये। करण लाल (छह), कप्तान सुदीप कुमार घरामी (दो), ऋतिक चटर्जी (शून्य) और अभिषेक पोरेल (22)रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद ऋतविक रॉय चौधरी और शाहबाज अहमद ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में हार्दिक पंड्या ने ऋतविक रॉय चौधरी (29) को आउट कर बड़ौदा के लिये चौथा विकेट झटका।

# टेस्ट गेंदबाज रैंकिंग में बुमराह शीर्ष पर कायम

## ऑस्ट्रेलिया में दोनों टेस्ट से बाहर रहे जडेजा टॉप ऑलराउंडर, जायसवाल और पंत टॉप 10 बल्लेबाजों में शामिल



● दुबई, वार्ता

**आईसीसी** रैंकिंग में इंग्लिश बल्लेबाज हैरी ब्रूक 898 अंकों के साथ नंबर-1 पर पहुंच गए हैं। उन्होंने अपने ही देश के जो रूट को पीछे छोड़ दिया है। टॉप-10 बल्लेबाजों में दो ही भारतीय हैं। यशस्वी जायसवाल तीसरे से चौथे नंबर पर आ गए हैं। ऋषभ पंत छठे से नौवें नंबर पर आ गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ दोनों टेस्ट से बाहर रहे रवींद्र जडेजा ऑलराउंडर्स की लिस्ट में टॉप पर बने हुए हैं। बुधवार को जारी रैंकिंग में पेसर जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग पॉइंट के साथ गेंदबाजों की लिस्ट में पहले स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलियाई कप्तान पैट कमिंस को एक स्थान का फायदा हुआ है, अब वह चौथे स्थान पर पहुंच गए है। भारतीय स्पिनर्स रविचंद्रन अश्विन पांचवें और रवींद्र जडेजा छठे स्थान पर हैं। भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में शानदार सेंचुरी लगाने का फायदा ट्रैविस हेड को मिला है। उन्होंने एक साथ 6 स्थानों की छलांग मारी है। वह अब 781 की रेटिंग के साथ नंबर पांच पर पहुंच गए हैं। श्रीलंका के कामिंडु मेंडिस को भी एक स्थान का फायदा हुआ है। वह अब 759 की रेटिंग के साथ नंबर 6 पर पहुंच गए हैं। दक्षिण अफ्रीका के टेस्ट कप्तान टेम्बा बावुमा भी तीन पायदान ऊपर आ गए हैं। वह अब 753 की रेटिंग के साथ नंबर 7 पर पहुंच गए हैं। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे मैच में शानदार गेंदबाजी करने वाले मिचेल स्टार्क को 3 स्थान का फायदा हुआ है। अब ऑस्ट्रेलियाई पेसर 14वें स्थान से 11वें स्थान पर पहुंच गए हैं, उनकी 746 की रेटिंग है। जसप्रीत बुमराह 890 रेटिंग के साथ नंबर-1 पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल को तीन स्थानों का नुकसान हुआ है। वह अब 729 की रेटिंग के साथ नंबर 8 पर चले गए हैं। भारत के ऋषभ पंत को भी 3 स्थान का नुकसान हुआ है। वे अब 724 की रेटिंग के साथ नंबर 9 पर खिसक गए हैं। पाक के शकील की रेटिंग भी 724 की है, इसलिए वे भी पंत के साथ संयुक्त रूप से नौवें स्थान पर हैं। आईसीसी ऑलराउंडर्स की रैंकिंग में जडेजा 414 रेटिंग के साथ अब भी टॉप पर बने हुए हैं। बांग्लादेश के मेहदी हसन को दो पायदान का फायदा हुआ है। अब वह चौथे से दूसरे स्थान पर आ गए हैं। वहीं अश्विन अपनी एक पोजिशन खोकर 283 रेटिंग के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।



### दक्षिण अफ्रीका ने पाकिस्तान को 11 रनों से शिकस्त दी

**डरबन, वार्ता :** जॉर्ज लिंडे (48 रन और चार विकेट) के हरफनमौल प्रदर्शन और डेविड मिलर (82) रनों की आतिशी पारी की बदौलत दक्षिण अफ्रीका ने पहले टी-20 मुकाबले में पाकिस्तान को 11 रनों से शिकस्त दी। जॉर्ज लिंडे को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' से नवाजा गया। दक्षिण अफ्रीका के 183 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उन्होंने बाबर आजम (00) का विकेट तीसरे ही ओवर में गवां दिया। इसके बाद सईम अयूब ने कप्तान मोहम्मद रिजवान के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। सातवें ओवर में ऐंडिले सिमेलाने ने सईम अयूब (31) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। 10वें ओवर मे लिंडे ने उस्मान खान (नौ) को आउट किया। तय्यब ताहिर (18), शाहीन शाह अफरीदी (09), इरफान खान (01) और अब्बास अफरीदी (00) पर आउट हुये। हालांकि कप्तान मोहम्मद रिजवान एक छोर थामे खड़े रहे। 20वें ओवर में वेना मफाका ने मोहम्मद रिजवान को आउट कर पाकिस्तान के मैच जीतने की उम्मीदों को ध्वस्त कर दिया। रिजवान ने 62 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुये (74) रनों की पारी खेली। हारिस रउफ (02) और सुफियान मकीम (05) रन बनाकर नाबाद रहे।

### वेस्टइंडीज ने बंगलादेश को सात विकेट से हराया

**बासटेयर, वार्ता :** जेडेन सील्स (चार विकेट) के बाद ब्रैंडन किंग (89),एविन लुइस (49) और केसी कार्टी (45) रनों शानदार प्रदर्शन के दम पर वेस्टइंडीज ने दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश को सात विकेट से शिकस्त दी। इसी के साथ वेस्टइंडीज ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली हैं। 228 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज के लिए ब्रैंडन किंग और एविन लुइस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट लिए 109 रन जोड़े। 21वें ओवर में रिशाद हुसैन ने एविन लुइस (49) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। वेस्टइंडीज का दूसरा विकेट ब्रैंडन किंग (89) के रूप में गिरा। उन्हें 29वें ओवर में नाहिद राणा ने बोल्ड आउट किया। 197 के स्कोर पर केसी कार्टी (45) वेस्टइंडीज की ओर से आउट होने वाले तीसरे बल्लेबाज थे। कप्तान शे होप (नाबाद17) और शरफेन रदरफोर्ड (नाबाद 24)ने 36 .5 ओवर में तीन विकेट पर 230 रन बनाकर बंगलादेश पर सात विकेट से जीत दर्ज की। बांग्लादेश की ओर से नाहिद राणा, रिशाद हुसैन और अफिफ हुसैन ध्रुबो ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

# प्लेऑफ में पहुंची हरियाणा स्टीलर्स

### बेंगलुरु बुल्स को 11 अंक से हराकर प्लेऑफ में पहुंचने वाली पहली टीम बनी

**पुणे, वार्ता :** हरियाणा स्टीलर्स ने प्रो कबड्डी लीग के 11वें सीजन के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई कर लिया है। टेबल टापर हरियाणा ने बालेवाड़ी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के बैडमिंटन हॉल में बुधवार को खेले गए सीजन 105वें मैच में बेंगलुरु बुल्स को 37-26 के अंतर से हराया। बीते सीजन की उपविजेता हरियाणा को 19 मैचों में 15वीं जीत मिली जबकि बुल्स को 18 मैचों में 15वीं हार का सामना करना पड़ा। हरियाणा के लिए विनय (9), शिवम पटारे (8), मोहम्मदरेजा शादलू (6), राहुल सेतपाल और जयदीप (4-4 अंक) ने चमक दिखाई जबकि बुल्स के लिए जतिन फोगाट (5) ने रेड में और नितिन रावल (4) ने डिफेंस में कुछ चमक दिखाई। सबसे ऊपर और सबसे नीचे की टीमों के बीच के इस मैच की धीमी शुरुआत हुई। चार मिनट के बाद स्कोर 2-2 था लेकिन स्टीलर्स ने जल्द ही 5-2 की लीड ले ली। इसमें रेडर्स के तीन और डिफेंडर्स के दो अंक शामिल हैं। बुल्स ने हालांकि नितिन रावल के कुछ शानदार टैकल्स की बदौलत जल्द ही स्कोर 5-7 कर दिया। इस बीच सौरव ने इन फार्म रेडर शिवम का एकवांस एंकल होल्ड कर फासला 1 का कर दिया। 10 मिनट बाद हरियाणा 7-6 से आगे थे। बीते पांच मिनट में बुल्स ने 2 के मुकाबले चार अंक हासिल किए। ब्रेक के बाद हरियाणा ने लगातार तीन अंक लेकर फासला 4 का कर लिया। इसके बाद हालांकि परदीप ने शादलू को बाहर किया और फिर नितिन ने शिवम को लपक स्कोर 8-10 कर दिया। इस बीच जयदीप ने चार के डिफेंस में परदीप को लपक लिया लेकिन डू ओर डाई रेड पर प्रतीक ने टाटे को लपक हिसाब बराबर किया।



# उत्तर प्रदेश को 19 रन से हराकर दिल्ली सेमीफाइनल में

● बेंगलुरु, वार्ता

**अनुज** रावत (नाबाद 73), प्रियांश आर्य (44), यश ढुल (42) की शानदार बल्लेबाजी के बाद गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत दिल्ली ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में बुधवार को उत्तर प्रदेश को 19 रनों से हराकर सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी के सेमीफाइनल में जगह बना ली है।

194 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी उत्तर प्रदेश की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 45 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गवां दिये। करण शर्मा (एक), आर्यन जुयाल (11) और नीतीश राणा (दो) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद प्रियम गर्ग के साथ रिंकू सिंह ने पारी को संभालने का प्रयास किया। 10वें ओवर में प्रिंस यादव ने रिंकू सिंह (10) को विकेटकीपर अनुज के हाथों कैच आउट कराकर पवेलियन भेज दिया। उत्तर प्रदेश को जीत की ओर ले जा रहे प्रियम गर्ग को 12वें ओवर में समरजीत सिंह ने अपना शिकार बना लिया। प्रियम गर्ग ने 34 गेंदों में छह चौके और तीन छक्के लगाते हुये (54)रनों की पारी खेली। 14वें ओवर में प्रिंस यादव ने समीर रिजवी (26) को आउट कर दिल्ली को छठी सफलता दिलाई। अगले ही ओवर में हर्ष त्यागी ने विपराज निगम (07) को आउट कर यूपी को संकट में डाल दिया। आठवां विकेट शिवम मावी (04) का गिरा। आखिरी ओवरों में कप्तान भुवनेश्वर कुमार और मोहसिन खान ने आतिशी बल्लेबाजी का मुजाहिरा किया। 19वें ओवर में आयुष बदोनी ने भुवनेश्वर कुमार (20) को आउट कर इस आतिशबाजी का अंत किया। मोहसिन खान 18 रन बनाकर नाबाद रहे। उत्तर प्रदेश की टीम 20ओवर में 174 रन पर ढेर हो गई। दिल्ली ने 19 रनों से जीत दर्ज कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। दिल्ली की ओर से प्रिंस यादव ने तीन विकेट लिये। आयुष बदोनी, सुयश शर्मा को दो-दो विकेट मिले।

# ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने किया क्लीन स्वीप

## भारत की महिला टीम को तीसरे वनडे में 83 रन से हराकर तीन मैचों की सीरीज 3-0 से अपने नाम की

● पर्थ, वार्ता

**ऐनाबेल** सदरलैंड (110 रन और एक विकेट) और एश्ली गार्डनर (50 रन और पांच विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और कप्तान तालिया मैक्ग्रा (नाबाद 56) की अर्धशतकीय पारियों के बाद दम पर ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने बुधवार को तीसरे एकदिवसीय मुकाबले में भारत को 83 रनों से हरा दिया है। इसी के साथ ऑस्ट्रेलिया ने तीन मैचों की सीरीज भी जीत ली। ऐनाबेल सदरलैंड को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' और 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' से नवाजा गया।

ऑस्ट्रेलिया के 299 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 16 रन के स्कोर पर ऋचा घोष (02) का विकेट गवां दिया। हालांकि इसके बाद स्मृति मंधाना और हरलीन देओल के बीच दूसरे विकेट के लिए 118 रनों की साझेदारी हुई। 28वें ओवर में अलाना किंग ने अपनी ही गेंद पर हरलीन देओल (39) को कैच कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कप्तान हरमनप्रीत कौर (12), जेमिमाह रॉड्रिग्स (16), मिन्नू मनी (08), अरुंधति रेड्डी (05), तितास साधु (03) रन बनाकर आउट हुई। स्मृति मंधाना एक छोर थामे खड़ी रही और उन्होंने



(105) रनों की शतकीय पारी खेली। मंधाना ने अपनी शतकीय पारी में 14 चौके और एक छक्का लगाया। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण 28वें ओवर से सक्रिय हुआ और उसने भारतीय टीम की बल्लेबाजी को ध्वस्त कर दिया। भारत की पूरी टीम 45.1 ओवर 215 रन पर सिमट गई। भारत के सात बल्लेबाज दहाई आंकड़े तक भी नहीं पहुंच सके। ऑस्ट्रेलिया की ओर से एश्ली गार्डनर ने पांच विकेट लिये। मेगन शूट और अलाना किंग को दो-दो विकेट मिले। ऐनाबेल सदरलैंड ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले भारतीय महिला टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया के लिए फीबी लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरुआत करते हुए पहले विकेट के लिये 58 रन जोड़े। 11वें ओवर में अरुंधति रेड्डी ने जॉर्जिया वॉल (26) को बोल्ड कर भारत को पहली सफलता दिलाई। इसी ओवर की चौथे गेंद पर अरुंधति ने फीबी लिचफील्ड (25) को आउट कर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद 15वें ओवर में अरुंधति ने एलिस पेरी (04) को बोल्ड कर भारत को तीसरी सफलता दिलाई। बेथ मूनी (10) भी अरुंधति का शिकार बनी।

इसके बाद ऐनाबेल सदरलैंड और एश्ली गार्डनर की जोड़ी ने पारी को संभाला और तेजी के साथ रन बटोरे। 34वें ओवर में दीप्ति शर्मा ने एश्ली गार्डनर (50) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा। एश्ली गार्डनर के जाने के बाद बल्लेबाजी करने आयी कप्तान तालिया मैक्ग्रा ने ऐनाबेल सदरलैंड का बखूबी साथ निभाया। आखिरी ओवर में ऐनाबेल सदरलैंड 95 गेंदों में (110) रन बनाकर रनआउट हुई। तालिया मैक्ग्रा (56) और सोफी मोलिन्यू (02) रन बनाकर नाबाद रही। ऑस्ट्रेलिया ने निर्धारित 50 ओवरों में छह विकेट पर 298 रनों का विशाल स्कोर खड़ा किया।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक सैयद ज़की हैदर के लिए इरानीयन आर्ट प्रिंटर्स 1534 कासिमजान स्ट्रीट दरियागंज नई दिल्ली 11006 से मुद्रित कराकर, 2684 गली काले खां कूचा चलान दरियागंज नई दिल्ली 02 से प्रकाशित किया।
संपादक : सैयद ज़की हैदर- हैड ऑफिस :- एफ19/4 सेकेंड फ्लोर नफीश रोड जामिया नगर दिल्ली- 110025., सम्पर्क सूत्र :- 9911371802, 9810383593
जितेन्द्र कुमार बिस्वाल ब्यूरो चीफ उड़ीसा/ गोविंद कनोडिया/ पटना/ सैय्यद यूसुफ अली नक़वी-पॉलिटिकल एडिटर। ई-मेलः- dailyloktantra@gmail.com

किसी भी प्रकार के विवाद हेतु निपटारे के लिए केवल दिल्ली न्यायालय ही मान्य होगी।
नोट- किसी भी समाचार/आलेख पर दावा प्रति दावा/आपत्ति समाचार प्रकाशन के 15 दिनों के अन्तराल तक ही मान्य होगा। समाचार पत्र में प्रकाशित आलेख से संपादक/प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।

क्षेत्रीय कार्यालय अनवार मंजिल नया टोला गंज नंबर 01 बेतिया/ बिहार/ पिन नंबर 84 5438/>> संवाददाता, सना खान/(डॉ. अमानुल हक) स्थानीय संपादक/बिहार)